RACE IAS®
Since 2010

ANSWERS & EXPLANATIONS

GENERAL STUDIES (I) 2026

TEST 22 : GS FULL LENGTH

EXAM DATE : 14-11-2026

QUESTIONS BOOKLET NO. : 6145602622

ANSWERS

Q. No.	Asnwers	Q. No.	Asnwers	Q. No.	Asnwers	Q. No.	Asnwers	Q. No.	Asnwers	Q. No.	Asnwers
1	(c)	26	(c)	51	(d)	76	(b)	101	(b)	126	(a)
2	(c)	27	(b)	52	(a)	77	(a)	102	(b)	127	(c)
3	(b)	28	(a)	53	(b)	78	(d)	103	(b)	128	(d)
4	(b)	29	(b)	54	(d)	79	(a)	104	(b)	129	(b)
5	(b)	30	(c)	55	(a)	80	(b)	105	(d)	130	(d)
6	(d)	31	(c)	56	(b)	81	(b)	106	(b)	131	(b)
7	(c)	32	(b)	57	(c)	82	(b)	107	(c)	132	(a)
8	(b)	33	(b)	58	(b)	83	(b)	108	(b)	133	(d)
9	(d)	34	(a)	59	(d)	84	(d)	109	(a)	134	(c)
10	(b)	35	(a)	60	(a)	85	(c)	110	(d)	135	(d)
11	(c)	36	(b)	61	(d)	86	(a)	111	(b)	136	(d)
12	(b)	37	(b)	62	(a)	87	(b)	112	(b)	137	(c)
13	(d)	38	(b)	63	(b)	88	(b)	113	(c)	138	(a)
14	(b)	39	(d)	64	(b)	89	(b)	114	(d)	139	(d)
15	(d)	40	(b)	65	(c)	90	(a)	115	(a)	140	(d)
16	(c)	41	(b)	66	(a)	91	(d)	116	(b)	141	(b)
17	(b)	42	(b)	67	(d)	92	(d)	117	(d)	142	(c)
18	(d)	43	(b)	68	(b)	93	(a)	118	(a)	143	(d)
19	(b)	44	(d)	69	(a)	94	(d)	119	(b)	144	(a)
20	(b)	45	(b)	70	(a)	95	(b)	120	(a)	145	(b)
21	(a)	46	(b)	71	(b)	96	(a)	121	(d)	146	(c)
22	(c)	47	(a)	72	(c)	97	(b)	122	(a)	147	(d)
23	(a)	48	(b)	73	(b)	98	(b)	123	(c)	148	(d)
24	(d)	49	(d)	74	(c)	99	(b)	124	(a)	149	(b)
25	(b)	50	(b)	75	(a)	100	(a)	125	(b)	150	(c)

Q1. Answer: (c)
Explanation:
Statement 1 is correct. Dholavira was a major city of the Harappan Civilisation, located in the Kutch region of Gujarat. Evidence has been found here of large reservoirs, drains and a well-organised system for water management. Given Dholavira's location in an arid region, water harvesting was an important part of its urban system. The city was divided into different sections, such as the citadel, middle town and lower town.
Statement 2 is correct. At Lothal, located near the Gulf of Khambhat in Gujarat, a large rectangular structure has been found, which Indian archaeologists have identified as a dockyard. This structure indicates the possibility of maritime trade and links through waterways. However, scholars have differed on its precise functional interpretation.
Statement 3 is correct. Evidence of a ploughed field has been found at Kalibangan, in Rajasthan's Hanumangarh district. The field contains furrows that intersect one another. This evidence provides information about ancient agricultural practices and the possible practice of growing two types of crops simultaneously.
Statement 4 is incorrect. Rakhigarhi, located in Haryana, is one of the largest known sites of the Harappan Civilisation. Evidence of residential structures, pottery, ornaments, seals and other archaeological remains has been found there.
Therefore, only statements 1, 2 and 3 are correct.

Q2. Answer: (c)
Explanation:
The economy of the Rig Vedic period was primarily based on pastoralism. Cattle were regarded as a major symbol of wealth and prosperity. The Rigveda contains numerous references to cows, horses, chariots and livestock.
Option (a) is incorrect. Iron was not widely used during the Rig Vedic period. Its use becomes more clearly visible in the Later Vedic period. Vedic literature refers to iron through terms such as Shyama Ayas or Krishna Ayas.
Option (b) is incorrect. The importance of the Sabha and Samiti declined during the Later Vedic period, but it would not be appropriate to conclude that they disappeared completely.
Option (c) is correct. Livestock was an important basis of economic activity and social status in Rig Vedic society. Agriculture was known, but pastoralism was more important.
Option (d) is incorrect. During the Later Vedic period, a political transition took place from Jana to Janapada, but tribal organisations did not disappear altogether.

Q1. Answer: (c)
Explanation:
कथन 1 सही है। धौलावीरा गुजरात के कच्छ क्षेत्र में स्थित हड़प्पा सभ्यता का एक प्रमुख नगर था। यहां जल-संग्रह के लिए विशाल जलाशयों, नालियों और जल-प्रबंधन की सुव्यवस्थित प्रणाली के प्रमाण मिले हैं। धौलावीरा की भौगोलिक स्थिति शुष्क क्षेत्र में होने के कारण जल-संचयन इसकी नगरीय व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा था। यहां नगर को दुर्ग क्षेत्र, मध्य नगर और निचले नगर जैसे विभिन्न भागों में विभाजित किया गया था।
कथन 2 सही है। गुजरात के खंभात की खाड़ी के निकट स्थित लोथल से एक विशाल आयताकार संरचना मिली है, जिसे भारतीय पुरातत्वविदों ने गोदीवाड़ा (Dockyard) के रूप में पहचाना है। यह संरचना समुद्री व्यापार और जलमार्गों से संपर्क की संभावना को दर्शाती है। हालांकि इसकी सटीक कार्यात्मक व्याख्या पर कुछ विद्वानों में मतभेद रहे हैं।
कथन 3 सही है। राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में स्थित कालीबंगा से जुते हुए खेत के प्रमाण मिले हैं। खेत में एक-दूसरे को काटती हुई जुताई की रेखाएं मिली हैं। यह प्रमाण प्राचीन कृषि पद्धति तथा एक साथ दो प्रकार की फसलें उगाने की संभावित व्यवस्था की जानकारी देता है।
कथन 4 गलत है। हरियाणा में स्थित राखीगढ़ी हड़प्पा सभ्यता के सबसे बड़े ज्ञात स्थलों में से एक है। यहां आवासीय संरचनाओं, मिट्टी के बर्तनों, आभूषणों, मुहरों तथा अन्य पुरातात्विक अवशेषों के प्रमाण मिले हैं।
अतः सही उत्तर केवल 1, 2 और 3 है।

Q2. Answer: (c)
Explanation:
ऋग्वैदिक काल की अर्थव्यवस्था मुख्यतः पशुपालन पर आधारित थी। गाय को संपत्ति और समृद्धि का प्रमुख प्रतीक माना जाता था। ऋग्वेद में गाय, घोड़े, रथ और पशुधन से संबंधित अनेक उल्लेख मिलते हैं।
विकल्प (a) गलत है। ऋग्वैदिक काल में लोहे का व्यापक उपयोग नहीं था। उत्तरवैदिक काल में लोहे का उपयोग अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। वैदिक साहित्य में लोहे के लिए श्याम अयस अथवा कृष्ण अयस जैसे शब्दों का उल्लेख मिलता है।
विकल्प (b) गलत है। उत्तरवैदिक काल में सभा और समिति का महत्व घटा, लेकिन इनके पूर्णतः समाप्त हो जाने का निष्कर्ष उचित नहीं है।
विकल्प (c) सही है। ऋग्वैदिक समाज में पशुधन आर्थिक एवं सामाजिक प्रतिष्ठा का महत्वपूर्ण आधार था। कृषि का ज्ञान था, लेकिन पशुपालन का महत्व अधिक था।
विकल्प (d) गलत है। उत्तरवैदिक काल में जन से जनपद की ओर राजनीतिक परिवर्तन हुआ, लेकिन जनजातीय संगठन एकदम समाप्त नहीं हुए।

Q3. Answer: (b)
Explanation:
Statement 1 is correct. After attaining enlightenment, Gautama Buddha delivered his first sermon at Sarnath. This event is known as Dharmachakra Pravartana. The sermon was delivered to his five former companions. Sarnath is located near Varanasi in Uttar Pradesh.
Statement 2 is correct. Gautama Buddha attained Mahaparinirvana at Kushinagar, which is located in present-day Kushinagar district of Uttar Pradesh. It is one of the major pilgrimage sites of Buddhism.
Statement 3 is incorrect. The First Buddhist Council was held at Rajagriha (Rajgir), under the patronage of Ajatashatru and under the presidency of Mahakassapa. The Second Buddhist Council was held at Vaishali.
Statement 4 is correct. The Fourth Buddhist Council is generally associated with the reign of Kushana ruler Kanishka. According to tradition, it was held at Kundalvana in Kashmir. This council is also associated with the Sarvastivada Buddhist tradition and the development of Mahayana Buddhism.
Therefore, statements 1, 2 and 4 are correct.

Q4. Answer: (b)
Explanation:
The correct matches of the four Mahajanapadas and their capitals are as follows:
A. Avanti – Ujjayini (2): Avanti was a powerful Mahajanapada located in the region of present-day Madhya Pradesh. Its principal capital was Ujjayini. Mahishmati was another important centre.
B. Vatsa – Kaushambi (1): Kaushambi was the capital of the Vatsa Mahajanapada. It was located near the present-day Prayagraj region of Uttar Pradesh. Udayana was a famous ruler of this Mahajanapada.
C. Kosala – Shravasti (3): Shravasti was the principal capital of the Kosala Mahajanapada. Ayodhya was also an important city in the Kosala region.
D. Anga – Champa (4): Champa was the capital of the Anga Mahajanapada. Anga was located around the present-day Bhagalpur and Munger regions of Bihar.
Thus, the correct code is A-2, B-1, C-3, D-4.

Q5. Answer: (b)
Explanation:
Statement 1 is correct. Kautilya is also known as Chanakya and Vishnugupta. The Arthashastra provides a detailed account of state administration, taxation, foreign policy, the judicial system, military organisation and economic activities. However, scholars continue to debate the compilation and development of the text of the Arthashastra that is available today.

Q3. Answer: (b)
Explanation:
कथन 1 सही है। गौतम बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद अपना पहला उपदेश सारनाथ में दिया था। इस घटना को धर्मचक्रप्रवर्तन कहा जाता है। यह उपदेश उनके पांच पूर्व साथियों को दिया गया था। सारनाथ उत्तर प्रदेश के वाराणसी के निकट स्थित है।
कथन 2 सही है। गौतम बुद्ध का महापरिनिर्वाण कुशीनगर में हुआ था। कुशीनगर वर्तमान उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में स्थित है। यह बौद्ध धर्म के प्रमुख तीर्थस्थलों में शामिल है।
कथन 3 गलत है। प्रथम बौद्ध संगीति का आयोजन राजगृह (राजगीर) में हुआ था। इसका आयोजन अजातशत्रु के संरक्षण में महाकश्यप की अध्यक्षता में किया गया था। वैशाली में दूसरी बौद्ध संगीति का आयोजन हुआ था।
कथन 4 सही है। चौथी बौद्ध संगीति सामान्यतः कुषाण शासक कनिष्क के शासनकाल से संबंधित मानी जाती है। परंपरा के अनुसार इसका आयोजन कश्मीर के कुंडलवन में हुआ था। इस संगीति को सर्वास्तिवाद बौद्ध परंपरा तथा महायान के विकास से भी जोड़ा जाता है।
अतः कथन 1, 2 और 4 सही हैं।

Q4. Answer: (b)
Explanation:
चारों महाजनपदों और उनकी राजधानियों का सही मिलान इस प्रकार है:

- A. अवंति – उज्जयिनी (2): अवंति वर्तमान मध्य प्रदेश के क्षेत्र में स्थित एक शक्तिशाली महाजनपद था। इसकी प्रमुख राजधानी उज्जयिनी थी। इसका एक अन्य महत्वपूर्ण केंद्र महिष्मती भी था।
- B. वत्स – कौशांबी (1): वत्स महाजनपद की राजधानी कौशांबी थी, जो वर्तमान उत्तर प्रदेश के प्रयागराज क्षेत्र के निकट स्थित थी। उदयन इस महाजनपद का प्रसिद्ध शासक था।
- C. कोसल – श्रावस्ती (3): कोसल महाजनपद की प्रमुख राजधानी श्रावस्ती थी। अयोध्या भी कोसल क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण नगर था।
- D. अंग – चंपा (4): अंग महाजनपद की राजधानी चंपा थी। यह वर्तमान बिहार के भागलपुर और मुंगेर क्षेत्र के आसपास स्थित था।

इस प्रकार सही कूट A-2, B-1, C-3, D-4 है।

Q5. Answer: (b)
Explanation:
कथन 1 सही है। कौटिल्य को चाणक्य और विष्णुगुप्त के नाम से भी जाना जाता है। अर्थशास्त्र में राज्य प्रशासन, कर व्यवस्था, विदेश नीति, न्याय व्यवस्था, सैन्य संगठन तथा आर्थिक गतिविधियों का विस्तृत वर्णन मिलता है। हालांकि वर्तमान में उपलब्ध अर्थशास्त्र के पाठ के संकलन और विकास को लेकर विद्वानों में विमर्श है।

Statement 2 is correct. The Greek ambassador Megasthenes came to the court of Chandragupta Maurya as a representative of Seleucus Nicator. In his book Indica, he described Indian society, administration, urban organisation and life during the Mauryan period. The original book is not available, but information about it survives through quotations by later Greek writers.
Statement 3 is correct. Most of Ashoka's inscriptions were written in the Prakrit language and Brahmi script. These inscriptions served as a medium for communicating Dhamma, administrative instructions and ethical conduct.
Statement 4 is incorrect. Not all of Ashoka's inscriptions were written in the Brahmi script. The Kharosthi script was used in the north-western regions. Some inscriptions have also been found in Greek and Aramaic. For example, Greek-Aramaic inscriptions have been discovered at Kandahar.
Therefore, only statements 1, 2 and 3 are correct.

Q6. Answer: (d)
Explanation:
Fa-Hien was a Chinese Buddhist traveller who came to India around 399 CE and stayed here until approximately 414 CE. His visit to India took place during the reign of Gupta ruler Chandragupta II.
Fa-Hien's principal objective was to obtain sacred Buddhist texts and literature relating to the Vinaya. He described the condition of Buddhism, social life, administration and religious institutions in India.
His account provides information about society and religious conditions during the Gupta period. He referred to prosperity in some parts of central India and to a relatively simple system of administration.
Other options:
Samudragupta – Father of Chandragupta II and a prominent conqueror.
Chandragupta I – A ruler associated with the early expansion of the Gupta Empire.
Kumaragupta I – Successor of Chandragupta II; tradition associates the establishment of Nalanda Mahavihara with him.
Therefore, the correct answer is Chandragupta II.

Q7. Answer: (c)
Explanation:
Statement 1 is correct. The Prayaga Prashasti was composed by Harisena, a court poet and official of Samudragupta. It was written in Sanskrit.
Statement 2 is correct. The Prashasti describes Samudragupta's conquests, political achievements and expansion of the empire. It is regarded as an important historical source for his reign.
Statement 3 is incorrect. The Prayag pillar was originally an Ashokan pillar. The Prashasti of Samudragupta was engraved on the same pillar at a later date. Therefore, it should not be regarded as an inscription written by Ashoka. Inscriptions from different periods on a single pillar are important for the study of Indian history.

कथन 2 सही है। यूनानी राजदूत मेगस्थनीज सेल्यूकस निकेटर के प्रतिनिधि के रूप में चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में आया था। उसने इंडिका नामक पुस्तक में भारतीय समाज, प्रशासन, नगर व्यवस्था और मौर्यकालीन जीवन का विवरण प्रस्तुत किया। मूल पुस्तक उपलब्ध नहीं है, लेकिन बाद के यूनानी लेखकों के उद्धरणों से इसकी जानकारी मिलती है।
कथन 3 सही है। अशोक के अधिकांश अभिलेख प्राकृत भाषा और ब्राह्मी लिपि में लिखे गए थे। ये अभिलेख धम्म, प्रशासनिक निर्देशों और नैतिक आचरण के प्रसार का माध्यम थे।
कथन 4 गलत है। अशोक के सभी अभिलेख ब्राह्मी लिपि में नहीं थे। उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में खरोष्ठी लिपि का उपयोग हुआ। कुछ अभिलेख यूनानी और अरामाइक भाषाओं में भी मिले हैं। उदाहरण के लिए, कंधार से यूनानी-अरामाइक अभिलेख प्राप्त हुए हैं।
अतः सही उत्तर केवल 1, 2 और 3 है।

Q6. Answer: (d)
Explanation:
फाह्यान एक चीनी बौद्ध यात्री था, जो लगभग 399 ईस्वी में भारत आया और लगभग 414 ईस्वी तक यहां रहा। उसका भारत आगमन गुप्त शासक चंद्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल में हुआ था।
फाह्यान का मुख्य उद्देश्य बौद्ध धर्म के पवित्र ग्रंथों और विनय संबंधी साहित्य की प्राप्ति करना था। उसने भारत में बौद्ध धर्म की स्थिति, सामाजिक जीवन, प्रशासन तथा धार्मिक संस्थानों का वर्णन किया।
उसके विवरण से गुप्तकालीन समाज और धार्मिक परिस्थितियों की जानकारी मिलती है। उसने मध्य भारत के कुछ क्षेत्रों में समृद्धि तथा अपेक्षाकृत सरल प्रशासनिक व्यवस्था का उल्लेख किया।
अन्य विकल्प:
- समुद्रगुप्त – चंद्रगुप्त द्वितीय के पिता और प्रमुख विजेता।
- चंद्रगुप्त प्रथम – गुप्त साम्राज्य के प्रारंभिक विस्तार से संबंधित शासक।
- कुमारगुप्त प्रथम – चंद्रगुप्त द्वितीय के उत्तराधिकारी, नालंदा महाविहार की स्थापना की परंपरा उनसे जोड़ी जाती है।

अतः सही उत्तर चंद्रगुप्त द्वितीय है।

Q7. Answer: (c)
Explanation:
कथन 1 सही है। प्रयाग प्रशस्ति की रचना समुद्रगुप्त के दरबारी कवि एवं अधिकारी हरिषेण ने की थी। यह संस्कृत भाषा में रचित है।
कथन 2 सही है। इस प्रशस्ति में समुद्रगुप्त की विजयों, राजनीतिक उपलब्धियों और साम्राज्य विस्तार का वर्णन मिलता है। इसे समुद्रगुप्त के शासनकाल का महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्रोत माना जाता है।
कथन 3 गलत है। प्रयाग स्तंभ मूलतः अशोक का स्तंभ था। बाद में समुद्रगुप्त की प्रशस्ति उसी स्तंभ पर अंकित की गई। इसलिए इसे अशोक द्वारा लिखित अभिलेख नहीं समझना चाहिए। एक ही स्तंभ पर विभिन्न कालों के अभिलेख भारतीय इतिहास के अध्ययन में महत्वपूर्ण हैं।

Statement 4 is correct. The Prayaga Prashasti describes Samudragupta's policy towards the rulers of Dakshinapatha. After defeating several rulers of southern India, he restored their kingdoms to them. This is understood as the policy of Grahana, Moksha and Anugraha.
Therefore, statements 1, 2 and 4 are correct.

Q8. Answer: (b)
Explanation:
Silappadikaram is an important epic of Tamil literature. It is traditionally attributed to Ilango Adigal. Through the story of Kovalan, Kannagi and Madhavi, it portrays the social, economic, religious and cultural life of the period.
Option (a) is incorrect. Tolkappiyam is an ancient Tamil grammatical work and also discusses aspects of Tamil poetics and literary conventions; it is not primarily a genealogy of Chola rulers.
Option (c) is incorrect. Manimekalai is attributed to Sattanar, not Tiruvalluvar.
Option (d) is incorrect. Sangam literature was composed in Tamil, not exclusively in Sanskrit.

Q9. Answer: (d)
Explanation:
Statement 1 is correct. The Iqta was an important unit of the administrative and revenue system of the Delhi Sultanate. The Sultan assigned Iqtas to officials. The Iqtadar was required to collect revenue from the assigned area and discharge administrative and military responsibilities. The right to an Iqta was generally not equivalent to ownership of private property.
Statement 2 is correct. Balban attached great importance to the prestige of kingship. To strengthen the dignity and absolute authority of the Sultan, he encouraged court practices such as Sijda (prostration before the Sultan) and Paibos (kissing the Sultan's feet). He also drew inspiration from Persian royal traditions.
Statement 3 is correct. Alauddin Khalji introduced an extensive market control system to regulate the prices of essential commodities. Separate markets and officials were organised for grain, cloth, horses and other goods. The posts of Diwan-i-Riyasat and Shahna-i-Mandi were associated with this system.
Statement 4 is correct. Muhammad bin Tughlaq attempted to introduce copper and brass coins as token currency. However, the experiment failed because counterfeit coins became widespread and effective control was lacking.
Therefore, all four statements are correct.

कथन 4 सही है। प्रयाग प्रशस्ति में दक्षिणापथ के शासकों के प्रति समुद्रगुप्त की नीति का वर्णन मिलता है। उसने दक्षिण भारत के अनेक शासकों को पराजित करने के बाद पुनः उनके राज्य लौटा दिए। इसे ग्रहण, मोक्ष और अनुग्रह की नीति के रूप में समझा जाता है।
अतः कथन 1, 2 और 4 सही हैं।

Q8. Answer: (b)
Explanation:
शिलप्पदिकारम् तमिल साहित्य का एक महत्वपूर्ण महाकाव्य है। इसकी रचना इलंगो अडिगल द्वारा की गई मानी जाती है। इसमें कोवलन, कण्णगी और माधवी की कथा के माध्यम से तत्कालीन सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन का चित्रण किया गया है।
विकल्प (a) गलत है। तोलकाप्पियम तमिल भाषा का प्राचीन व्याकरणिक ग्रंथ है। इसमें व्याकरण, भाषा, साहित्य और काव्यशास्त्र से संबंधित विषयों का विवेचन मिलता है।
विकल्प (c) गलत है। मणिमेकलै की रचना सीत्तलै सत्तनार से संबंधित मानी जाती है। यह बौद्ध विचारधारा से प्रभावित तमिल महाकाव्य है। तिरुवल्लुवर की प्रसिद्ध रचना तिरुक्कुरल है।
विकल्प (d) गलत है। संगम साहित्य मुख्यतः तमिल भाषा में रचा गया था। इसमें प्राचीन दक्षिण भारत के राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन की जानकारी मिलती है।

Q9. Answer: (d)
Explanation:
कथन 1 सही है। दिल्ली सल्तनत में इक्ता प्रशासनिक और राजस्व व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण इकाई थी। सुल्तान द्वारा अधिकारियों को इक्ता प्रदान की जाती थी। इक्तादार को निर्धारित क्षेत्र से राजस्व वसूलने और प्रशासनिक तथा सैन्य दायित्वों का निर्वहन करना होता था। इक्ता का अधिकार सामान्यतः निजी संपत्ति के समान नहीं था।
कथन 2 सही है। बलबन ने राजसत्ता की प्रतिष्ठा को अत्यधिक महत्व दिया। उसने सुल्तान की गरिमा और निरंकुश सत्ता को मजबूत करने के लिए सिजदा (सुल्तान के सामने झुकना) और पैबोस (सुल्तान के पैर चूमना) जैसी दरबारी प्रथाओं को प्रोत्साहित किया। उसने ईरानी राजकीय परंपराओं से भी प्रेरणा ली।
कथन 3 सही है। अलाउद्दीन खिलजी ने आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए व्यापक बाजार नियंत्रण व्यवस्था लागू की थी। अनाज, कपड़ा, घोड़े और अन्य वस्तुओं के लिए अलग-अलग बाजारों तथा अधिकारियों की व्यवस्था की गई थी। दीवान-ए-रियासत और शहना-ए-मंडी जैसे पद इस व्यवस्था से संबंधित थे।
कथन 4 सही है। मुहम्मद बिन तुगलक ने तांबे और पीतल के सिक्कों को सांकेतिक मुद्रा के रूप में चलाने का प्रयास किया। लेकिन नकली सिक्कों के व्यापक प्रचलन और प्रभावी नियंत्रण के अभाव के कारण यह प्रयोग असफल रहा।
अतः चारों कथन सही हैं।

Q10. Answer: (b)
Explanation:
A. Ramanujacharya – Vishishtadvaitavada (2): Ramanujacharya propounded the philosophy of Vishishtadvaita. According to him, Brahman is the supreme reality, while the individual soul and the world are related to Brahman; however, their existence is not entirely unreal.
B. Madhvacharya – Dvaitavada (1): Madhvacharya propounded the philosophy of Dvaita. According to him, God and the individual soul are distinct and independently real entities. He regarded Vishnu as the supreme deity.
C. Vallabhacharya – Shuddhadvaitavada (3): Vallabhacharya propounded the philosophy of Shuddhadvaita. His tradition is known as Pushtimarg and gives special importance to devotion to Shri Krishna.
D. Chaitanya Mahaprabhu – Gaudiya Vaishnava tradition (4): Chaitanya Mahaprabhu placed special emphasis on Krishna devotion and Sankirtana. The doctrine of Achintya Bhedabheda is important in his tradition.
Therefore, the correct code is A-2, B-1, C-3, D-4.

Q11. Answer: (c)
Explanation:
Statement 1 is correct. Akbar made the Mansabdari system an important part of Mughal administration. The term mansab means rank or position. Through this system, the administrative status, salary and military responsibilities of officials were determined.
Statement 2 is correct. Zat and Sawar were the two principal elements of the Mansabdari system.
Zat determined the personal rank and salary level of a mansabdar.
Sawar was related to the number of cavalrymen that a mansabdar was required to maintain.
Statement 3 is correct. The Dahsala system is associated with Akbar's revenue administration and Raja Todar Mal. Under this system, land revenue was generally assessed on the basis of the average agricultural produce and prices over the preceding ten years. It was an attempt to make the land revenue system more systematic.
Statement 4 is incorrect. A Mughal jagirdar was entitled to collect the revenue assigned from a jagir, but did not receive complete private ownership of it. A jagir was an administrative and revenue assignment that could also be transferred by the ruler.
Therefore, statements 1, 2 and 3 are correct.

Q10. Answer: (b)
Explanation:
- रामानुजाचार्य – विशिष्टाद्वैतवाद (2): रामानुजाचार्य ने विशिष्टाद्वैत दर्शन का प्रतिपादन किया। उनके अनुसार ब्रह्म सर्वोच्च सत्ता है तथा जीव और जगत ब्रह्म से संबंधित हैं, लेकिन उनका अस्तित्व पूरी तरह असत्य नहीं है।
- B. माधवाचार्य – द्वैतवाद (1): माधवाचार्य ने द्वैत दर्शन का प्रतिपादन किया। उनके अनुसार ईश्वर और जीव अलग-अलग वास्तविक सत्ताएं हैं। उन्होंने विष्णु को सर्वोच्च माना।
- C. वल्लभाचार्य – शुद्धाद्वैतवाद (3): वल्लभाचार्य ने शुद्धाद्वैत दर्शन का प्रतिपादन किया। उनकी परंपरा पुष्टिमार्ग के नाम से प्रसिद्ध है तथा श्रीकृष्ण की भक्ति को विशेष महत्व देती है।
- D. चैतन्य महाप्रभु – गौड़ीय वैष्णव परंपरा (4): चैतन्य महाप्रभु ने कृष्ण भक्ति और संकीर्तन पर विशेष बल दिया। उनकी परंपरा में अचिन्त्य भेदाभेद का सिद्धांत महत्वपूर्ण है।

अतः सही कूट A-2, B-1, C-3, D-4 है।

Q11. Answer: (c)
Explanation:
कथन 1 सही है। अकबर ने मनसबदारी व्यवस्था को मुगल प्रशासन का महत्वपूर्ण अंग बनाया। मनसब का अर्थ पद या दर्जा होता था। इसके माध्यम से अधिकारियों की प्रशासनिक स्थिति, वेतन तथा सैन्य दायित्व निर्धारित किए जाते थे।
कथन 2 सही है। मनसबदारी व्यवस्था में जात और सवार दो प्रमुख तत्व थे।
- जात से मनसबदार की व्यक्तिगत पद-स्थिति और वेतन का स्तर निर्धारित होता था।
- सवार से उसके द्वारा रखे जाने वाले घुड़सवार सैनिकों की संख्या संबंधित थी।

कथन 3 सही है। दहसाला व्यवस्था का संबंध अकबर के वित्तीय प्रशासन और राजा टोडरमल से है। इसमें सामान्यतः पिछले दस वर्षों की कृषि उपज और कीमतों के औसत के आधार पर भूमि राजस्व निर्धारित किया जाता था। यह भूमि राजस्व व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित बनाने का प्रयास था।
कथन 4 गलत है। मुगल जागीरदार को जागीर से निर्धारित राजस्व प्राप्त करने का अधिकार मिलता था, लेकिन जागीर का पूर्ण निजी स्वामित्व नहीं मिलता था। जागीर प्रशासनिक और राजस्व आवंटन की व्यवस्था थी, जिसे शासक बदल भी सकता था।
अतः कथन 1, 2 और 3 सही हैं।

Q12. Answer: (b)
Explanation:
The Chishti order was one of the most influential Sufi traditions in the Indian subcontinent. Khwaja Moinuddin Chishti played an important role in its spread in India. He established Ajmer as a major centre of his activities.
The Chishti tradition emphasised love, tolerance, service to humanity, spiritual discipline and devotion to God. Through khanqahs, Sufi saints established contact with ordinary people.
Other options:
Naqshbandi: Its major expansion in India took place during the Mughal period. Sheikh Ahmad Sirhindi was a prominent figure associated with this order.
Qadiri: This order spread in India during the medieval period, and Dara Shikoh was also influenced by it.
Suhrawardi: Bahauddin Zakariya was a prominent saint of this order. It had a particularly strong influence in the Multan region.
Therefore, the correct answer is Chishti.

Q13. Answer: (d)
Explanation:
Option (a) is correct. The Vijayanagara Empire was founded in 1336 CE by Harihara I and Bukka I. The empire emerged in the context of the expansion of the Delhi Sultanate into South India. Its early centre was near the Tungabhadra River.
Option (b) is correct. Krishnadevaraya was one of the most famous rulers of the Tuluva dynasty. He ruled from 1509 to 1529 CE. His reign is regarded as the high point of the Vijayanagara Empire.
Option (c) is correct. Amuktamalyada is a famous work in the Telugu language, composed by Krishnadevaraya. It deals with subjects relating to governance, administration and religion.
Option (d) is incorrect. The Battle of Talikota was fought in 1565 CE between the Vijayanagara Empire and a coalition of the Deccan Sultanates. The coalition included the Sultanates of Bijapur, Ahmadnagar, Golconda and Bidar. The Vijayanagara army was defeated, and the capital region suffered extensive damage. By that time, the Bahmani Sultanate had already fragmented into five Deccan Sultanates.
Therefore, option (d) is the incorrect statement.

Q14. Answer: (b)
Explanation:
The Revolt of 1857 was carried out in different parts of North India under different leaders.
A. Kanpur – Nana Sahib (3): Nana Sahib was the adopted son of Peshwa Baji Rao II. He led the revolt at Kanpur. Tatya Tope was among his prominent military associates.
B. Lucknow – Begum Hazrat Mahal (1): Begum Hazrat Mahal led the revolt in Awadh. She declared her son, Birjis Qadr, the ruler of Awadh and fought against the British.

Q12. Answer: (b)
Explanation:
चिश्ती सिलसिला भारतीय उपमहाद्वीप में सूफी परंपरा का अत्यंत प्रभावशाली सिलसिला था। भारत में इसके प्रसार में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने अजमेर को अपनी गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनाया।
चिश्ती परंपरा में प्रेम, सहिष्णुता, मानव सेवा, आध्यात्मिक साधना और ईश्वर के प्रति समर्पण पर जोर दिया गया। खानकाहों के माध्यम से सूफी संतों ने आम जनता से संपर्क स्थापित किया।
अन्य विकल्प:
- नक्शबंदी: भारत में इसका प्रमुख प्रसार मुगल काल में हुआ। शेख अहमद सरहिंदी इससे संबंधित प्रमुख व्यक्तित्व थे।
- कादिरी: इस सिलसिले का प्रसार भारत में मध्यकाल के दौरान हुआ और दारा शिकोह भी इससे प्रभावित था।
- सुहरावर्दी: बहाउद्दीन जकारिया इस सिलसिले के प्रमुख संत थे। इसका प्रभाव विशेष रूप से मुल्तान क्षेत्र में था।

अतः सही उत्तर चिश्ती है।

Q13. Answer: (d)
Explanation:
विकल्प (a) सही है। विजयनगर साम्राज्य की स्थापना 1336 ईस्वी में हरिहर प्रथम और बुक्का प्रथम ने की थी। इस साम्राज्य की स्थापना दक्षिण भारत में दिल्ली सल्तनत के विस्तार की पृष्ठभूमि में हुई थी। इसका प्रारंभिक केंद्र तुंगभद्रा नदी के निकट था।
विकल्प (b) सही है। कृष्णदेवराय तुलुव वंश के सबसे प्रसिद्ध शासकों में से एक थे। उन्होंने 1509 से 1529 ईस्वी तक शासन किया। उनके शासनकाल को विजयनगर साम्राज्य का उत्कर्ष काल माना जाता है।
विकल्प (c) सही है। अमुक्तमाल्यदा तेलुगु भाषा का प्रसिद्ध ग्रंथ है, जिसकी रचना कृष्णदेवराय ने की थी। इसमें शासन, प्रशासन और धार्मिक विषयों का वर्णन मिलता है।
विकल्प (d) गलत है। तालीकोटा का युद्ध 1565 ईस्वी में विजयनगर साम्राज्य और दक्कन की सल्तनतों के संयुक्त मोर्चे के बीच हुआ था। इसमें बीजापुर, अहमदनगर, गोलकुंडा और बीदर की सल्तनतें शामिल थीं। इस युद्ध में विजयनगर की सेना पराजित हुई और राजधानी क्षेत्र को भारी क्षति पहुंची। बहमनी सल्तनत उस समय पहले ही पांच दक्कनी सल्तनतों में विभाजित हो चुकी थी।
अतः गलत कथन विकल्प (d) है।

Q14. Answer: (b)
Explanation:
1857 का विद्रोह उत्तर भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग नेतृत्वकर्ताओं के अधीन संचालित हुआ।
- A. कानपुर – नाना साहेब (3): नाना साहेब पेशवा बाजीराव द्वितीय के दत्तक पुत्र थे। उन्होंने कानपुर में विद्रोह का नेतृत्व किया। तात्या टोपे उनके प्रमुख सैन्य सहयोगियों में शामिल थे।
- B. लखनऊ – बेगम हजरत महल (1): बेगम हजरत महल ने अवध में विद्रोह का नेतृत्व किया। उन्होंने अपने पुत्र बिरजिस कद्र को अवध का शासक घोषित किया और अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया।

C. Jhansi – Rani Lakshmibai (2): Rani Lakshmibai led the struggle against the British at Jhansi. She died fighting at Kotah-ki-Serai near Gwalior in June 1858.
D. Bareilly – Khan Bahadur Khan (4): Khan Bahadur Khan led the revolt at Bareilly. He challenged British rule in the Rohilkhand region.
This question is particularly based on important centres of the Revolt of 1857 in Uttar Pradesh.
Therefore, the correct code is A-3, B-1, C-2, D-4.

Q15. Answer: (d)
Explanation:
Statement 1 is correct. The Indian National Congress was founded on 28 December 1885. A. O. Hume played an important role in its establishment. The formation of the Congress provided an organised political platform for the Indian National Movement.
Statement 2 is correct. The first session of the Congress was originally planned to be held in Pune, but it was shifted to Bombay because of an outbreak of cholera there. The session was held from 28 to 31 December 1885.
Statement 3 is correct. The first session was presided over by Womesh Chandra Bonnerjee, a well-known lawyer from Calcutta. He was the first President of the Indian National Congress.
Statement 4 is correct. According to the official historical account of the Congress, 72 delegates participated in its first session. They included lawyers, journalists, social workers and educated Indians from different regions.
The session provided Indians with an opportunity to present their political demands and calls for administrative reforms in an organised manner.
Therefore, all four statements are correct.

Q16. Answer: (c)
Explanation:
Assertion (A) is correct.
On 16 October 1905, the government of Lord Curzon implemented the Partition of Bengal. In protest, the Swadeshi and Boycott Movements began in Bengal and several other parts of the country.
The movement involved the boycott of foreign goods, the use of indigenous products, the promotion of national education and the organisation of public meetings.
Reason (R) is incorrect.
The British Government justified the Partition of Bengal on grounds of administrative convenience. It argued that the large size of the Bengal Presidency created administrative difficulties.
However, political objectives were also important. Bengal was then a major centre of nationalist activities. The partition was an attempt to weaken Bengal's political unity and affect the nationalist movement.
Therefore, it is incorrect to state that the partition had no political objective.
Conclusion: The Assertion is correct, whereas the Reason is incorrect.

- C. झांसी – रानी लक्ष्मीबाई (2): रानी लक्ष्मीबाई ने झांसी में अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष का नेतृत्व किया। उन्होंने ग्वालियर के निकट कोटा-की-सराय में जून 1858 में वीरगति प्राप्त की।
- D. बरेली – खान बहादुर खान (4): खान बहादुर खान ने बरेली में विद्रोह का नेतृत्व किया। उन्होंने रोहिलखंड क्षेत्र में अंग्रेजी शासन को चुनौती दी।

यह प्रश्न विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के 1857 के विद्रोह से संबंधित महत्वपूर्ण केंद्रों पर आधारित है।
अतः सही कूट A-3, B-1, C-2, D-4 है।

Q15. Answer: (d)
Explanation:
कथन 1 सही है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर 1885 को हुई थी। इसकी स्थापना में ए. ओ. ह्यूम की महत्वपूर्ण भूमिका थी। कांग्रेस की स्थापना ने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को एक संगठित राजनीतिक मंच प्रदान किया।
कथन 2 सही है। कांग्रेस का पहला अधिवेशन मूलतः पुणे में आयोजित करने की योजना थी, लेकिन वहां हैजा फैलने के कारण इसे बंबई स्थानांतरित कर दिया गया। यह अधिवेशन 28 से 31 दिसंबर 1885 तक आयोजित हुआ।
कथन 3 सही है। प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता कलकत्ता के प्रसिद्ध वकील व्योमेश चंद्र बनर्जी (Womesh Chandra Bonnerjee) ने की थी। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष थे।
कथन 4 सही है। कांग्रेस के आधिकारिक ऐतिहासिक विवरण के अनुसार प्रथम अधिवेशन में 72 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। इनमें वकील, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षित भारतीय शामिल थे।
इस अधिवेशन ने भारतीयों को अपनी राजनीतिक मांगों और प्रशासनिक सुधारों को संगठित रूप से प्रस्तुत करने का अवसर दिया। अतः चारों कथन सही हैं।

Q16. Answer: (c)
Explanation:
Assertion (A) सही है।
16 अक्टूबर 1905 को लॉर्ड कर्जन की सरकार ने बंगाल विभाजन लागू किया। इसके विरोध में बंगाल सहित देश के अनेक हिस्सों में स्वदेशी और बहिष्कार आंदोलन प्रारंभ हुआ।
इस आंदोलन के अंतर्गत विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार, स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग, राष्ट्रीय शिक्षा का प्रसार और जनसभाओं का आयोजन किया गया।
Reason (R) गलत है।
ब्रिटिश सरकार ने बंगाल विभाजन को प्रशासनिक सुविधा के आधार पर उचित ठहराया था। बंगाल प्रेसीडेंसी का आकार बड़ा होने के कारण प्रशासनिक कठिनाइयों का तर्क दिया गया।
लेकिन इसके पीछे राजनीतिक उद्देश्य भी महत्वपूर्ण थे। बंगाल उस समय राष्ट्रवादी गतिविधियों का प्रमुख केंद्र था। विभाजन के माध्यम से बंगाल की राजनीतिक एकता को कमजोर करने और राष्ट्रवादी आंदोलन को प्रभावित करने का प्रयास किया गया।
इसलिए यह कहना गलत है कि विभाजन का कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं था।
निष्कर्ष: Assertion सही है, जबकि Reason गलत है।

Q17. Answer: (b)
Explanation:
The correct chronological details of the four events are as follows:
A. Partition of Bengal – 1905 (2): Lord Curzon implemented the Partition of Bengal on 16 October 1905. The Swadeshi Movement began in protest against it.
B. Foundation of the Muslim League – 1906 (3): The All-India Muslim League was founded in Dhaka on 30 December 1906. Nawab Salimullah and Aga Khan were among the important figures in its early leadership.
C. Lucknow Pact – 1916 (4): The Lucknow Pact was concluded between the Indian National Congress and the Muslim League in 1916. The agreement brought about a consensus on issues relating to constitutional reforms and political representation.
D. Jallianwala Bagh Massacre – 1919 (1): On 13 April 1919, unarmed people were fired upon at Jallianwala Bagh in Amritsar on the orders of General Dyer.
Therefore, the correct code is A-2, B-3, C-4, D-1.

Q18. Answer: (d)
Explanation:
Option (a) is correct. The Champaran Satyagraha took place in the Champaran region of Bihar in 1917. Gandhi went there at the request of Raj Kumar Shukla. The movement was related to the Tinkathia system of indigo cultivation. Under Gandhi's leadership, peasants struggled against the exploitative system.
Option (b) is correct. The Ahmedabad Mill Workers' Movement took place in 1918. It was related to the demand for higher wages by textile mill workers. Gandhi undertook a fast in support of the workers. Anasuya Sarabhai was also a prominent figure associated with the movement.
Option (c) is correct. The Kheda Satyagraha took place in Gujarat in 1918. Due to crop failure, peasants were demanding relief in land revenue. Gandhi and Sardar Vallabhbhai Patel played important roles in the movement.
Option (d) is incorrect. The Rowlatt Act was passed in 1919. It gave the colonial government powers to detain persons suspected of involvement in political activities without the ordinary judicial process and to conduct trials under special procedures in certain circumstances. It is not accurate to describe it as an unlimited power to detain people indefinitely without trial. The Act is known for preventive detention powers extending for up to two years.
Therefore, option (d) is the incorrect statement.

Q17. Answer: (b)
Explanation:
चारों घटनाओं का सही कालानुक्रमिक विवरण इस प्रकार है:

- A. बंगाल विभाजन – 1905 (2): लॉर्ड कर्जन द्वारा 16 अक्टूबर 1905 को बंगाल विभाजन लागू किया गया। इसके विरोध में स्वदेशी आंदोलन प्रारंभ हुआ।
- B. मुस्लिम लीग की स्थापना – 1906 (3): अखिल भारतीय मुस्लिम लीग की स्थापना 30 दिसंबर 1906 को ढाका में हुई थी। इसके प्रारंभिक नेतृत्व में नवाब सलीमुल्लाह और आगा खान जैसे व्यक्तित्व महत्वपूर्ण थे।
- C. लखनऊ समझौता – 1916 (4): भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच 1916 में लखनऊ समझौता हुआ। इस समझौते में संवैधानिक सुधारों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व से जुड़े मुद्दों पर सहमति बनी।
- D. जलियांवाला बाग हत्याकांड – 1919 (1): 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में जनरल डायर के आदेश पर निहत्थे लोगों पर गोलीबारी की गई।

अतः सही कूट A-2, B-3, C-4, D-1 है।

Q18. Answer: (d)
Explanation:
विकल्प (a) सही है। चंपारण सत्याग्रह 1917 में बिहार के चंपारण क्षेत्र में हुआ था। राजकुमार शुक्ल के आग्रह पर गांधीजी वहां पहुंचे थे। इस आंदोलन का संबंध नील की खेती की तिनकठिया प्रथा से था। गांधीजी के नेतृत्व में किसानों ने शोषणकारी व्यवस्था के विरुद्ध संघर्ष किया।
विकल्प (b) सही है। अहमदाबाद मिल मजदूर आंदोलन 1918 में हुआ था। इसका संबंध कपड़ा मिल मजदूरों की वेतन वृद्धि की मांग से था। गांधीजी ने इस आंदोलन में मजदूरों के समर्थन में उपवास किया था। अनसूया साराभाई भी इस आंदोलन से जुड़ी प्रमुख व्यक्तित्व थीं।
विकल्प (c) सही है। खेड़ा सत्याग्रह 1918 में गुजरात में हुआ था। फसल खराब होने के कारण किसान भूमि राजस्व में राहत की मांग कर रहे थे। गांधीजी और सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
विकल्प (d) गलत है। रॉलेट एक्ट 1919 में पारित हुआ था। इसके माध्यम से औपनिवेशिक सरकार को राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्त संदिग्ध व्यक्तियों को बिना सामान्य न्यायिक प्रक्रिया के हिरासत में रखने तथा विशेष परिस्थितियों में मुकदमे चलाने की शक्तियां मिलीं। इसे अनिश्चितकाल तक बिना मुकदमे के हिरासत का असीमित अधिकार कहना सटीक नहीं है। यह अधिनियम दो वर्ष तक निवारक निरोध जैसी शक्तियों के लिए जाना जाता है।
अतः गलत कथन विकल्प (d) है।

Q19. Answer: (b)
Explanation:
The Quit India Movement began in August 1942. The Second World War, British control over India and the failure of the Cripps Mission were important factors behind it.
On 8 August 1942, the All India Congress Committee passed the Quit India Resolution in Bombay. On this occasion, Mahatma Gandhi gave the call of "Do or Die".
Option (a) is incorrect. The Lahore Session of 1929 adopted the resolution of Purna Swaraj (complete independence), not the Quit India Resolution.
Option (b) is correct. Gandhi gave the slogan "Do or Die" at the Gowalia Tank Maidan in Bombay. The place is now known as August Kranti Maidan.
Option (c) is incorrect. The Quit India Movement was launched under the leadership of Gandhi and the Congress. However, after the arrest of the top leadership, Aruna Asaf Ali, Jayaprakash Narayan, Ram Manohar Lohia and other leaders played important roles in underground activities.
Option (d) is incorrect. The Cripps Mission came to India in March 1942. The Quit India Movement began in August 1942, after the failure of the mission.
Therefore, option (b) is correct.

Q20. Answer: (b)
Explanation:
A. Raja Ram Mohan Roy – Brahmo Samaj (2): Raja Ram Mohan Roy founded the Brahmo Sabha in 1828, which later became known as the Brahmo Samaj. He worked against the practice of sati and for women's rights and the spread of modern education.
B. Swami Dayanand Saraswati – Arya Samaj (3): Swami Dayanand Saraswati founded the Arya Samaj in Bombay in 1875. He gave the message of "Back to the Vedas" and opposed idol worship, social evils and superstition.
C. Jyotiba Phule – Satyashodhak Samaj (1): Jyotiba Phule founded the Satyashodhak Samaj in 1873. Its objective was to struggle against caste discrimination, social inequality and exploitation. Savitribai Phule played an important role in promoting women's education.
D. Annie Besant – Home Rule League (4): Annie Besant organised the Home Rule Movement in India in 1916. Bal Gangadhar Tilak also established a separate Home Rule League in 1916. Both aimed to secure self-government for India.
Therefore, the correct code is A-2, B-3, C-1, D-4.

Q19. Answer: (b)
Explanation:
भारत छोड़ो आंदोलन अगस्त 1942 में प्रारंभ हुआ था। इसकी पृष्ठभूमि में द्वितीय विश्व युद्ध, भारत पर ब्रिटिश नियंत्रण और क्रिप्स मिशन की विफलता महत्वपूर्ण कारण थे।
8 अगस्त 1942 को बंबई में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति ने भारत छोड़ो प्रस्ताव पारित किया। इसी अवसर पर महात्मा गांधी ने करो या मरो (Do or Die) का आह्वान किया।
विकल्प (a) गलत है। 1929 के लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव पारित किया गया था, भारत छोड़ो प्रस्ताव नहीं।
विकल्प (b) सही है। गांधीजी ने ग्वालिया टैंक मैदान, बंबई में करो या मरो का नारा दिया था। वर्तमान में इस स्थान को अगस्त क्रांति मैदान कहा जाता है।
विकल्प (c) गलत है। भारत छोड़ो आंदोलन गांधीजी और कांग्रेस के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ था। हालांकि शीर्ष नेतृत्व की गिरफ्तारी के बाद अरुणा आसफ अली, जयप्रकाश नारायण, राममनोहर लोहिया और अन्य नेताओं ने भूमिगत गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
विकल्प (d) गलत है। क्रिप्स मिशन मार्च 1942 में भारत आया था। इसकी विफलता के बाद अगस्त 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन प्रारंभ हुआ।

Q20. Answer: (b)
Explanation:
- A. राजा राममोहन राय – ब्रह्म समाज (2): राजा राममोहन राय ने 1828 में ब्रह्म सभा की स्थापना की, जो आगे चलकर ब्रह्म समाज के नाम से प्रसिद्ध हुई। उन्होंने सती प्रथा के विरोध, महिला अधिकारों और आधुनिक शिक्षा के प्रसार के लिए कार्य किया।
- B. स्वामी दयानंद सरस्वती – आर्य समाज (3): स्वामी दयानंद सरस्वती ने 1875 में बंबई में आर्य समाज की स्थापना की। उन्होंने वेदों की ओर लौटने का संदेश दिया तथा मूर्तिपूजा, सामाजिक कुरीतियों और अंधविश्वासों का विरोध किया।
- C. ज्योतिबा फुले – सत्यशोधक समाज (1): ज्योतिबा फुले ने 1873 में सत्यशोधक समाज की स्थापना की। इसका उद्देश्य जातिगत भेदभाव, सामाजिक असमानता और शोषण के विरुद्ध संघर्ष करना था। सावित्रीबाई फुले ने महिला शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- D. एनी बेसेंट – होम रूल लीग (4): एनी बेसेंट ने 1916 में भारत में होम रूल आंदोलन को संगठित किया। बाल गंगाधर तिलक ने भी 1916 में अलग होम रूल लीग स्थापित की। दोनों का उद्देश्य भारत के लिए स्वशासन प्राप्त करना था।

अतः सही कूट A-2, B-3, C-1, D-4 है।

Q21. Answer: (a)
Explanation:
Assertion (A) is correct.
Mahatma Gandhi launched the Non-Cooperation Movement in 1920. Its objective was to weaken colonial rule by ending cooperation with the British Government. The movement emphasised the boycott of government schools, courts, titles and foreign goods.
In February 1922, Gandhi decided to withdraw the movement.
Reason (R) is correct.
On 4 February 1922, a clash took place between protesters and the police at Chauri Chaura in Gorakhpur district of Uttar Pradesh. The protesters set fire to a police station, in which 22 policemen were killed.
Cause-and-effect relationship: Gandhi considered non-violence to be the fundamental principle of the national movement. Following the violent incident at Chauri Chaura, he felt that the movement was failing to maintain non-violent discipline on a large scale. Therefore, he decided to withdraw the Non-Cooperation Movement.
Thus, the Reason correctly explains the Assertion.

Q22. Answer: (c)
Explanation:
A. Special Congress Session of 1920 – Calcutta (2): A special session was held in Calcutta in September 1920 under the presidency of Lala Lajpat Rai. The resolution on the Non-Cooperation Movement was approved at this session.
B. Nagpur Congress Session of 1920 – Nagpur (3): The Nagpur Session was held in December 1920 under the presidency of C. Vijayaraghavachariar. Important changes were made to the organisational structure of the Congress, and provincial committees were reorganised on a linguistic basis.
C. Congress Session of 1929 – Lahore (1): The Lahore Session was held in December 1929 under the presidency of Jawaharlal Nehru. Complete Independence (Purna Swaraj) was declared as the goal of the Congress. The decision to observe 26 January 1930 as Independence Day was also taken in this context.
D. Congress Session of 1931 – Karachi (4): The Karachi Session was held in March 1931 under the presidency of Sardar Vallabhbhai Patel. Important resolutions relating to Fundamental Rights and the National Economic Programme were adopted.
Therefore, the correct code is A-2, B-3, C-1, D-4.

Q21. Answer: (a)
Explanation:
Assertion (A) सही है।
महात्मा गांधी ने 1920 में असहयोग आंदोलन प्रारंभ किया था। इसका उद्देश्य ब्रिटिश शासन के साथ सहयोग समाप्त करके औपनिवेशिक सत्ता को कमजोर करना था। इसमें सरकारी विद्यालयों, न्यायालयों, उपाधियों और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार पर बल दिया गया।
फरवरी 1922 में गांधीजी ने आंदोलन वापस लेने का निर्णय लिया।
Reason (R) सही है।
4 फरवरी 1922 को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के चौरी-चौरा में आंदोलनकारियों और पुलिस के बीच संघर्ष हुआ। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस थाने में आग लगा दी, जिसमें 22 पुलिसकर्मियों की मृत्यु हुई थी।
कारण एवं परिणाम का संबंध:
गांधीजी अहिंसा को राष्ट्रीय आंदोलन का मूल आधार मानते थे। चौरी-चौरा की हिंसक घटना के बाद उन्हें लगा कि आंदोलन व्यापक स्तर पर अहिंसक अनुशासन बनाए रखने में सफल नहीं हो रहा है। इसलिए उन्होंने असहयोग आंदोलन वापस लेने का निर्णय लिया।
इस प्रकार Reason, Assertion की सही व्याख्या करता है।

Q22. Answer: (c)
Explanation:
- A. 1920 का विशेष कांग्रेस अधिवेशन – कलकत्ता (2): सितंबर 1920 में कलकत्ता में विशेष अधिवेशन आयोजित हुआ था। इसकी अध्यक्षता लाला लाजपत राय ने की थी। इस अधिवेशन में असहयोग आंदोलन के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली।
- B. 1920 का नागपुर अधिवेशन – नागपुर (3): दिसंबर 1920 में नागपुर अधिवेशन आयोजित हुआ। इसकी अध्यक्षता सी. विजयराघवाचार्य ने की थी। इस अधिवेशन में कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए तथा प्रांतीय समितियों का पुनर्गठन भाषाई आधार पर किया गया।
- C. 1929 का कांग्रेस अधिवेशन – लाहौर (1): दिसंबर 1929 में जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में लाहौर अधिवेशन हुआ। इसमें पूर्ण स्वराज को कांग्रेस का लक्ष्य घोषित किया गया। 26 जनवरी 1930 को स्वतंत्रता दिवस मनाने का निर्णय भी इसी पृष्ठभूमि में लिया गया।
- D. 1931 का कांग्रेस अधिवेशन – कराची (4): मार्च 1931 में कराची अधिवेशन आयोजित हुआ। इसकी अध्यक्षता सरदार वल्लभभाई पटेल ने की। इस अधिवेशन में मौलिक अधिकारों और राष्ट्रीय आर्थिक कार्यक्रम से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।

अतः सही कूट A-2, B-3, C-1, D-4 है।

Q23. Answer: (a)
Explanation:
Option (a) is correct. The Kakori Train Action took place on 9 August 1925. Revolutionaries of the Hindustan Republican Association (HRA) planned to obtain funds from a train carrying government treasury money. The objective was to raise funds for revolutionary activities.
Prominent revolutionaries associated with this action included Ram Prasad Bismil, Ashfaqulla Khan, Rajendra Nath Lahiri and Roshan Singh.
Option (b) is incorrect. The Ghadar Party was founded in 1913 in San Francisco, USA. Lala Har Dayal, Sohan Singh Bhakna and other overseas Indians were among its prominent founders. Its objective was to free India from British rule.
Option (c) is incorrect. Bhagat Singh was born in 1907. He did not establish the Indian National Army. The initial formation of the Indian National Army in 1942 was associated with Captain Mohan Singh. Subhas Chandra Bose later assumed its leadership.
Option (d) is incorrect. The Chittagong Armoury Raid took place on 18 April 1930 and was led by Surya Sen. The revolutionaries attempted to seize British armouries.
Therefore, the correct answer is option (a).

Q24. Answer: (d)
Explanation:
Statement 1 is correct. The Himalayas were formed as the Indian Plate moved northwards and collided with the Eurasian Plate. This convergence caused the compression, folding and uplift of sediments deposited in the Tethys Sea. The Himalayas are young fold mountains, and geological activity continues in the region. Consequently, the Himalayan region is seismically sensitive.
Statement 2 is correct. The Aravalli Range is one of the oldest mountain systems in the world. It extends from Rajasthan through Haryana to Delhi. Its elevation has been reduced by prolonged erosion. In contrast, the Himalayas are relatively young fold mountains.
Statement 3 is correct. The Peninsular Plateau is an ancient and geologically stable part of the Indian landmass. It is mainly composed of igneous and metamorphic rocks, such as granite, gneiss and basalt. The Deccan Trap has extensive basalt formations created by volcanic activity.
Statement 4 is correct. The Western Ghats are generally higher and more continuous than the Eastern Ghats. The Western Ghats run parallel to the Arabian Sea, whereas the Eastern Ghats are dissected at several places by rivers such as the Mahanadi, Godavari, Krishna and Kaveri.
Therefore, all four statements are correct.

Q23. Answer: (a)
Explanation:
विकल्प (a) सही है। 9 अगस्त 1925 को काकोरी ट्रेन कार्रवाई हुई थी। इसमें हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (HRA) के क्रांतिकारियों ने सरकारी खजाने को ले जा रही ट्रेन से धन प्राप्त करने की योजना बनाई थी। इसका उद्देश्य क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए धन जुटाना था।
इस कार्रवाई से जुड़े प्रमुख क्रांतिकारियों में रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खान, राजेंद्रनाथ लाहिड़ी और रोशन सिंह शामिल थे।
विकल्प (b) गलत है। गदर पार्टी की स्थापना 1913 में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में हुई थी। लाला हरदयाल, सोहन सिंह भकना और अन्य प्रवासी भारतीय इसके प्रमुख संस्थापकों में थे। इसका उद्देश्य भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराना था।
विकल्प (c) गलत है। भगत सिंह का जन्म 1907 में हुआ था। उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना नहीं की थी। आजाद हिंद फौज का प्रारंभिक गठन 1942 में कैप्टन मोहन सिंह से जुड़ा था। बाद में सुभाष चंद्र बोस ने इसका नेतृत्व संभाला।
विकल्प (d) गलत है। चटगांव शस्त्रागार कांड 18 अप्रैल 1930 को हुआ था। इसका नेतृत्व सूर्य सेन ने किया था। इस कार्रवाई में ब्रिटिश शस्त्रागारों पर कब्जा करने का प्रयास किया गया था।
अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।

Q24. Answer: (d)
Explanation:
कथन 1 सही है। हिमालय का निर्माण भारतीय प्लेट के उत्तर की ओर गति करके यूरेशियन प्लेट से टकराने के कारण हुआ। इस अभिसरण के परिणामस्वरूप टेथिस सागर में जमा अवसादों का संपीड़न, वलन और उत्थान हुआ। हिमालय एक नवीन वलित पर्वतमाला है और इसमें आज भी भूगर्भीय गतिविधियां जारी हैं। इसी कारण हिमालय क्षेत्र भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील है।
कथन 2 सही है। अरावली पर्वतमाला विश्व की प्राचीनतम पर्वत प्रणालियों में से एक है। यह राजस्थान से हरियाणा और दिल्ली तक विस्तृत है। लंबे समय तक अपरदन के कारण इसकी ऊंचाई कम हो गई है। इसके विपरीत हिमालय अपेक्षाकृत नवीन वलित पर्वतमाला है।
कथन 3 सही है। प्रायद्वीपीय पठार भारतीय भूखंड का प्राचीन एवं स्थिर भूवैज्ञानिक भाग है। इसका निर्माण मुख्यतः आग्नेय और कायांतरित चट्टानों से हुआ है। यहां ग्रेनाइट, नीस और बेसाल्ट जैसी चट्टानें पाई जाती हैं। दक्कन ट्रैप क्षेत्र में ज्वालामुखीय उद्गार से निर्मित बेसाल्ट चट्टानों का व्यापक विस्तार है।
कथन 4 सही है। पश्चिमी घाट सामान्यतः पूर्वी घाट की तुलना में अधिक ऊंचे और अधिक सतत हैं। पश्चिमी घाट अरब सागर के समानांतर विस्तृत हैं, जबकि पूर्वी घाट महानदी, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी जैसी नदियों द्वारा अनेक स्थानों पर काटे गए हैं।
अतः चारों कथन सही हैं।

Q25. Answer: (b)
Explanation:
Statement 1 is correct. The Indus River is believed to originate near the Kailash Mountain range in the vicinity of the Manasarovar region of Tibet. It flows north-westwards, enters India through Ladakh, then flows through Pakistan and drains into the Arabian Sea.
Statement 2 is correct. The Sutlej originates in Tibet and enters Himachal Pradesh near Shipki La. It is an important tributary of the Indus river system. The Bhakra-Nangal Project is located on this river.
Statement 3 is correct. The Chambal originates in the Janapav Hills near Indore in Madhya Pradesh. It flows north and north-east through Rajasthan and joins the Yamuna in Uttar Pradesh. The Chambal region is also known for its deep ravines.
Statement 4 is incorrect. The Son is a right-bank tributary of the Ganga, not a left-bank tributary. It originates in the Amarkantak region of Madhya Pradesh, flows north-eastwards and joins the Ganga in Bihar. Major left-bank tributaries of the Ganga include the Gomti, Ghaghara, Gandak and Kosi.
Therefore, statements 1, 2 and 3 are correct.

Q26. Answer: (c)
Explanation:
The Narmada is one of the major west-flowing rivers of Peninsular India. It originates from the Amarkantak Plateau, flows westwards and drains into the Gulf of Khambhat in the Arabian Sea.
The Narmada flows through a rift valley located between the Vindhya and Satpura ranges. A rift valley is formed due to fractures in the Earth's crust and the displacement of crustal blocks.
Other options:
Mahanadi: It originates in Chhattisgarh, flows through Odisha and drains into the Bay of Bengal.
Godavari: It originates at Trimbakeshwar in Maharashtra and drains into the Bay of Bengal.
Kaveri: It originates in the Brahmagiri Hills and flows eastwards through southern India.
Like the Narmada, the Tapi River also flows through a rift valley.
Therefore, the correct answer is Narmada.

Q27. Answer: (b)
Explanation:
A. Godavari – Trimbakeshwar (2): The Godavari originates in the Trimbak Hills of the Western Ghats in Nashik district, Maharashtra. It is also known as the Ganga of South India and is the longest river of Peninsular India.
B. Krishna – Mahabaleshwar (3): The Krishna originates in the Western Ghats near Mahabaleshwar in Maharashtra. It flows through parts of Maharashtra, Karnataka, Telangana and Andhra Pradesh.

Q25. Answer: (b)
Explanation:
कथन 1 सही है। सिंधु नदी का उद्गम तिब्बत के मानसरोवर क्षेत्र के निकट कैलाश पर्वत के आसपास माना जाता है। यह नदी उत्तर-पश्चिम दिशा में बहती हुई लद्दाख से भारत में प्रवेश करती है और आगे पाकिस्तान से होकर अरब सागर में गिरती है।
कथन 2 सही है। सतलुज नदी तिब्बत से निकलती है और शिपकी ला के निकट हिमाचल प्रदेश में प्रवेश करती है। यह सिंधु नदी तंत्र की महत्वपूर्ण सहायक नदी है। भाखड़ा-नांगल परियोजना इसी नदी पर स्थित है।
कथन 3 सही है। चंबल नदी का उद्गम मध्य प्रदेश के इंदौर के निकट जनापाव पहाड़ी क्षेत्र से होता है। यह उत्तर और उत्तर-पूर्व दिशा में बहते हुए राजस्थान से गुजरती है तथा उत्तर प्रदेश में यमुना नदी से मिलती है। चंबल क्षेत्र अपनी गहरी बीहड़ घाटियों के लिए भी प्रसिद्ध है।
कथन 4 गलत है। सोन नदी गंगा की दाईं तट की सहायक नदी है, बाईं तट की नहीं। इसका उद्गम मध्य प्रदेश के अमरकंटक क्षेत्र से होता है। यह उत्तर-पूर्व दिशा में बहते हुए बिहार में गंगा से मिलती है।
गंगा की प्रमुख बाईं तट की सहायक नदियों में गोमती, घाघरा, गंडक और कोसी शामिल हैं।
अतः कथन 1, 2 और 3 सही हैं।

Q26. Answer: (c)
Explanation:
नर्मदा नदी प्रायद्वीपीय भारत की प्रमुख पश्चिमवाहिनी नदियों में से एक है। यह अमरकंटक पठार से निकलकर पश्चिम दिशा में बहती है और अरब सागर की खंभात की खाड़ी में गिरती है।
नर्मदा नदी विंध्य और सतपुड़ा पर्वत श्रेणियों के बीच स्थित भ्रंश घाटी से होकर बहती है। भ्रंश घाटी का निर्माण भू-पर्पटी में दरार एवं भूखंडों के विस्थापन के कारण होता है।
अन्य विकल्प:

- महानदी: छत्तीसगढ़ से निकलकर ओडिशा होते हुए बंगाल की खाड़ी में गिरती है।
- गोदावरी: त्र्यंबकेश्वर, महाराष्ट्र से निकलती है और बंगाल की खाड़ी में गिरती है।
- कावेरी: ब्रह्मगिरि पहाड़ियों से निकलकर दक्षिण भारत में पूर्व की ओर बहती है।

नर्मदा के समान तापी नदी भी भ्रंश घाटी से होकर बहती है।
अतः सही उत्तर नर्मदा है।

Q27. Answer: (b)
Explanation:
A. गोदावरी – त्र्यंबकेश्वर (2): गोदावरी नदी का उद्गम महाराष्ट्र के नासिक जिले में पश्चिमी घाट की त्र्यंबक पहाड़ियों से होता है। इसे दक्षिण भारत की गंगा भी कहा जाता है। यह प्रायद्वीपीय भारत की सबसे लंबी नदी है।
B. कृष्णा – महाबलेश्वर (3): कृष्णा नदी का उद्गम महाराष्ट्र के महाबलेश्वर क्षेत्र में पश्चिमी घाट से होता है। यह महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के क्षेत्रों से होकर बहती है।

C. Kaveri – Talakaveri (1): The Kaveri originates in the Talakaveri region of the Brahmagiri Hills in Kodagu district, Karnataka. It is an important source of water for Karnataka and Tamil Nadu.
D. Mahanadi – Sihawa Hills (4): The Mahanadi originates in the Sihawa region of Dhamtari district, Chhattisgarh. It flows through Chhattisgarh and Odisha before draining into the Bay of Bengal.
Therefore, the correct code is A-2, B-3, C-1, D-4.

Q28. Answer: (a)
Explanation:
Assertion (A) is correct. The western coast of India generally has a narrow coastal strip. The Western Coastal Plains lie between the Arabian Sea and the Western Ghats, and their width is relatively limited in most areas.
The Western Coastal Plains are broadly divided into the Konkan, Kannada and Malabar coasts.
Reason (R) is correct. The Western Ghats are located quite close to the coastline. Therefore, extensive plains have not developed between the Arabian Sea and the mountain range.
In contrast, the Eastern Ghats are relatively discontinuous and are located farther from the sea. Sediments brought by rivers such as the Mahanadi, Godavari, Krishna and Kaveri have formed extensive deltas and coastal plains along the eastern coast.
Cause-and-effect relationship: The proximity of the Western Ghats to the sea is a major reason for the limited width of the Western Coastal Plains. On the eastern coast, deposition by large rivers has helped develop extensive plains.
Therefore, both A and R are correct, and R is the correct explanation of A.

Q29. Answer: (b)
Explanation:
Statement 1 is correct. The monsoon winds of the Arabian Sea branch strike the Western Ghats. The mountain barrier forces the winds to rise, resulting in condensation and rainfall. The windward slopes of the Western Ghats receive heavy rainfall. In contrast, the interior parts of the Deccan experience a rain-shadow effect.
Statement 2 is incorrect. Most rainfall on the Coromandel Coast of Tamil Nadu occurs during the north-east monsoon rather than the south-west monsoon. Between October and December, winds coming from the Bay of Bengal bring significant rainfall to this region.
Statement 3 is correct. During summer, a low-pressure area develops over north-western India and adjoining regions. This encourages the flow of moist winds from the sea towards the land and is an important process in the development of the south-west monsoon.

C. कावेरी – तालकावेरी (1): कावेरी नदी का उद्गम कर्नाटक के कोडगु जिले में ब्रह्मगिरि पहाड़ियों के तालकावेरी क्षेत्र से होता है। यह कर्नाटक और तमिलनाडु के लिए महत्वपूर्ण जल स्रोत है।
D. महानदी – सिहावा पहाड़ियां (4): महानदी का उद्गम छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के सिहावा क्षेत्र से होता है। यह छत्तीसगढ़ और ओडिशा से होकर बंगाल की खाड़ी में गिरती है।
अतः सही कूट A-2, B-3, C-1, D-4 है।

Q28. Answer: (a)
Explanation:
Assertion (A) सही है।
भारत के पश्चिमी तट पर सामान्यतः संकरी तटीय पट्टी पाई जाती है। पश्चिमी तटीय मैदान अरब सागर और पश्चिमी घाट के बीच स्थित हैं। इनकी चौड़ाई अधिकांश क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम है।
पश्चिमी तटीय मैदान को प्रमुख रूप से कोंकण, कन्नड़ और मालाबार तटों में विभाजित किया जाता है।
Reason (R) सही है।
पश्चिमी घाट समुद्र तट के काफी निकट स्थित हैं। इसलिए अरब सागर और पर्वतमाला के बीच विस्तृत मैदान विकसित नहीं हो पाए हैं।
इसके विपरीत पूर्वी घाट अपेक्षाकृत असतत और समुद्र से दूर स्थित हैं। महानदी, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी जैसी नदियों द्वारा लाए गए अवसादों ने पूर्वी तट पर विस्तृत डेल्टा और तटीय मैदानों का निर्माण किया है।
कारण एवं परिणाम का संबंध:
पश्चिमी घाट की समुद्र के निकट स्थिति पश्चिमी तटीय मैदानों की सीमित चौड़ाई का प्रमुख कारण है। पूर्वी तट पर बड़ी नदियों द्वारा अवसादों के निक्षेपण से व्यापक मैदान विकसित हुए हैं।
अतः A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

Q29. Answer: (b)
Explanation:
कथन 1 सही है। अरब सागर शाखा की मानसूनी हवाएं पश्चिमी घाट से टकराती हैं। पर्वतीय अवरोध के कारण हवाओं को ऊपर उठना पड़ता है, जिससे संघनन और वर्षा होती है। पश्चिमी घाट के पवनाभिमुख ढलानों पर भारी वर्षा होती है। इसके विपरीत दक्कन के आंतरिक भाग में वर्षाछाया प्रभाव पाया जाता है।
कथन 2 गलत है। तमिलनाडु के कोरोमंडल तट पर अधिकांश वर्षा दक्षिण-पश्चिम मानसून के बजाय उत्तर-पूर्व मानसून के दौरान होती है। अक्टूबर से दिसंबर के बीच बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवाएं यहां महत्वपूर्ण वर्षा लाती हैं।
कथन 3 सही है। गर्मियों में उत्तर-पश्चिम भारत तथा आसपास के क्षेत्रों में निम्न दाब का क्षेत्र विकसित होता है। इसके कारण समुद्र से स्थल की ओर आर्द्र पवनों का प्रवाह बढ़ता है। यह दक्षिण-पश्चिम मानसून के विकास की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।

Statement 4 is correct. Monsoon rainfall does not occur continuously or uniformly. During the active phase, widespread rainfall occurs, whereas rainfall may decline during a break phase. During monsoon breaks, the Himalayan foothills and north-eastern regions may sometimes receive heavier rainfall, while rainfall over the plains decreases.
Therefore, statements 1, 3 and 4 are correct.

Q30. Answer: (c)
Explanation:
Black soil is also known as Regur soil. It has mainly developed through the weathering of basalt rocks in the Deccan Trap region.
Its most important characteristic is its high moisture-retention capacity. It contains a high proportion of clay minerals, which enable it to retain water for a long period.
Option (a) is incorrect. Black soil contains iron, lime, magnesium and other mineral elements. It is generally low in nitrogen, phosphorus and humus.
Option (b) is incorrect. Black soil is primarily associated with basaltic lava rocks, not granite.
Option (c) is correct. Deep cracks develop in black soil when it dries. It swells when wet and shrinks when dry. This property is also associated with the process of self-ploughing.
Option (d) is incorrect. Black soil is widely found in parts of Maharashtra, Madhya Pradesh, Gujarat, Telangana, Karnataka and Andhra Pradesh.
It is considered particularly suitable for cotton cultivation.

Q31. Answer: (c)
Explanation
Option (a) is correct. Alluvial soil is formed by the deposition of sediments brought by rivers. It is widely distributed across the plains of the Ganga, Brahmaputra and Indus river systems. It is an extremely important soil for agriculture.
Option (b) is correct. Laterite soil develops through the process of intense leaching in tropical and humid climates. Heavy rainfall carries soluble substances downward, leaving relatively higher concentrations of iron and aluminium oxides.
Option (c) is incorrect. Desert soil generally contains a low amount of humus. The main reasons are the arid climate, sparse vegetation and limited availability of organic matter. The amount of soluble salts may be high in many areas.
Option (d) is correct. With increasing altitude in mountainous regions, temperature, rainfall, vegetation and weathering conditions change. Therefore, the composition and fertility of mountain soil vary considerably from place to place.
Hence, the incorrect statement is option (c).

कथन 4 सही है। मानसून के दौरान वर्षा लगातार समान रूप से नहीं होती। सक्रिय अवस्था में व्यापक वर्षा होती है, जबकि विराम अवस्था में वर्षा कम हो सकती है। मानसून के विराम के दौरान हिमालय की तलहटी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में कभी-कभी अधिक वर्षा होती है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में वर्षा घट जाती है।
अतः कथन 1, 3 और 4 सही हैं।

Q30. Answer: (c)
Explanation:
काली मिट्टी को रेगुर मिट्टी भी कहा जाता है। इसका निर्माण मुख्यतः दक्कन ट्रैप क्षेत्र की बेसाल्ट चट्टानों के अपक्षय से हुआ है। इस मिट्टी की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता इसकी नमी धारण करने की क्षमता है। इसमें चिकनी मिट्टी के खनिजों की अधिकता होती है, जिसके कारण यह पानी को लंबे समय तक रोक सकती है।
विकल्प (a) गलत है। काली मिट्टी में लौह, चूना, मैग्नीशियम और अन्य खनिज तत्व पाए जाते हैं। इसमें नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और ह्यूमस की मात्रा सामान्यतः कम होती है।
विकल्प (b) गलत है। इसका प्रमुख संबंध बेसाल्टिक लावा चट्टानों से है, न कि मुख्यतः ग्रेनाइट से।
विकल्प (c) सही है। सूखने पर काली मिट्टी में गहरी दरारें विकसित हो जाती हैं। गीली अवस्था में यह फूलती है और सूखने पर सिकुड़ती है। इस गुण को स्व-संस्तरण (Self-ploughing) से भी जोड़ा जाता है।
विकल्प (d) गलत है। काली मिट्टी महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, तेलंगाना, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में व्यापक रूप से पाई जाती है।
कपास की खेती के लिए यह विशेष रूप से उपयुक्त मानी जाती है।

Q31. Answer: (c)
Explanation
विकल्प (a) सही है। जलोढ़ मिट्टी नदियों द्वारा लाए गए अवसादों के निक्षेपण से बनती है। गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु नदी प्रणालियों के मैदानों में इसका व्यापक विस्तार है। यह कृषि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मिट्टी है।
विकल्प (b) सही है। लैटेराइट मिट्टी उष्ण एवं आर्द्र जलवायु में तीव्र निक्षालन की प्रक्रिया से विकसित होती है। भारी वर्षा के कारण घुलनशील पदार्थ नीचे चले जाते हैं और लौह तथा एल्युमिनियम के ऑक्साइड अपेक्षाकृत अधिक रह जाते हैं।
विकल्प (c) गलत है। मरुस्थलीय मिट्टी में सामान्यतः ह्यूमस की मात्रा कम होती है। शुष्क जलवायु, कम वनस्पति और जैविक पदार्थों की सीमित उपलब्धता इसके प्रमुख कारण हैं। कई क्षेत्रों में घुलनशील लवणों की मात्रा अधिक हो सकती है।
विकल्प (d) सही है। पर्वतीय मिट्टी में ऊंचाई के साथ तापमान, वर्षा, वनस्पति और अपक्षय की परिस्थितियां बदलती हैं। इसलिए इसकी संरचना एवं उर्वरता में स्थानानुसार काफी अंतर मिलता है।
अतः गलत कथन विकल्प (c) है।

Q32. Answer: (b)
Explanation
A. Wheat – Growth in a cool and moist climate, followed by dry weather during ripening (2): Wheat is a major rabi crop. A cool climate is suitable at the time of sowing, while dry and relatively warm weather is favourable during ripening. Rainfall at the time of harvesting may damage the crop.
B. Rice – High temperature and heavy rainfall (1): Rice is a major kharif crop. It generally requires high temperatures and adequate water. However, modern irrigation techniques have also made rice cultivation possible in areas with low rainfall.
C. Cotton – Hot and dry climate with a frost-free period (3): Cotton requires a prolonged period of warm weather and a frost-free growing season. Black soil is considered particularly suitable for its cultivation.
D. Jute – Hot and humid climate with alluvial soil (4): High temperature, high humidity and adequate rainfall are favourable for jute. The Ganga-Brahmaputra delta region is a major centre of its cultivation.
Hence, the correct code is A-2, B-1, C-3, D-4.

Q33. Answer: (b)
Explanation
Statement 1 is correct. In India, the initial impact of the Green Revolution was mainly visible in wheat production. Later, rice production also recorded a significant increase. High-yielding varieties (HYVs) played an important role in increasing foodgrain production.
Statement 2 is correct. Regions such as Punjab, Haryana and western Uttar Pradesh had relatively better irrigation facilities, agricultural infrastructure and capacity among farmers to adopt new technologies. Therefore, the initial benefits of the Green Revolution were more visible in these regions.
Statement 3 is correct. The Green Revolution was not based on improved seeds alone. Chemical fertilizers, pesticides, irrigation, agricultural machinery and institutional support made a combined contribution. These factors helped increase production per hectare.
Statement 4 is incorrect. The benefits of the Green Revolution did not reach all regions and crops equally. Rainfed areas, small farmers and crops such as coarse cereals and pulses received relatively fewer benefits during the initial phase.
In addition, the Green Revolution also led to challenges such as groundwater depletion, deterioration of soil health and regional inequality.
Hence, statements 1, 2 and 3 are correct.

Q32. Answer: (b)
Explanation
A. गेहूं – ठंडी एवं नम जलवायु में वृद्धि तथा पकते समय शुष्क मौसम (2): गेहूं रबी की प्रमुख फसल है। इसकी बुवाई के समय ठंडी जलवायु और फसल के पकने के समय शुष्क एवं अपेक्षाकृत गर्म मौसम उपयुक्त होता है। कटाई के समय वर्षा फसल को नुकसान पहुंचा सकती है।
B. चावल – उच्च तापमान एवं अधिक वर्षा (1): चावल खरीफ की प्रमुख फसल है। इसके लिए सामान्यतः उच्च तापमान और पर्याप्त जल की आवश्यकता होती है। हालांकि आधुनिक सिंचाई तकनीकों के कारण कम वर्षा वाले क्षेत्रों में भी चावल की खेती संभव है।
C. कपास – गर्म एवं शुष्क जलवायु तथा पाला रहित अवधि (3): कपास को लंबे समय तक गर्म मौसम और पाला रहित वृद्धि अवधि की आवश्यकता होती है। इसकी खेती के लिए काली मिट्टी विशेष रूप से अनुकूल मानी जाती है।
D. जूट – गर्म एवं आर्द्र जलवायु तथा जलोढ़ मिट्टी (4): जूट के लिए उच्च तापमान, अधिक आर्द्रता और पर्याप्त वर्षा उपयुक्त होती है। गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टा क्षेत्र इसकी खेती का प्रमुख केंद्र है।
अतः सही कूट A-2, B-1, C-3, D-4 है।

Q33. Answer: (b)
Explanation
कथन 1 सही है। भारत में हरित क्रांति का प्रारंभिक प्रभाव मुख्यतः गेहूं के उत्पादन में दिखाई दिया। बाद में चावल के उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। उच्च उपज देने वाली किस्मों (HYV) ने खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
कथन 2 सही है। पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों में सिंचाई, कृषि आधारभूत संरचना और किसानों की नई तकनीक अपनाने की क्षमता अपेक्षाकृत बेहतर थी। इसलिए हरित क्रांति का प्रारंभिक लाभ इन क्षेत्रों में अधिक दिखाई दिया।
कथन 3 सही है। हरित क्रांति केवल उन्नत बीजों पर आधारित नहीं थी। इसमें रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक, सिंचाई, कृषि मशीनरी और संस्थागत सहायता का संयुक्त योगदान था। इन सभी कारकों ने प्रति हेक्टेयर उत्पादन बढ़ाने में मदद की।
कथन 4 गलत है। हरित क्रांति का लाभ सभी क्षेत्रों और फसलों में समान रूप से नहीं पहुंचा। वर्षा आधारित क्षेत्रों, छोटे किसानों तथा मोटे अनाज और दलहन जैसी फसलों को प्रारंभिक चरण में अपेक्षाकृत कम लाभ मिला।
इसके अतिरिक्त, हरित क्रांति से भूजल दोहन, मृदा स्वास्थ्य में गिरावट और क्षेत्रीय असमानता जैसी चुनौतियां भी उत्पन्न हुईं।
अतः कथन 1, 2 और 3 सही हैं।

Q34. Answer: (a)
Explanation

The Damodar Valley Project is one of the major multipurpose river valley projects of independent India. Its development was inspired by the Tennessee Valley Authority (TVA) of the United States.

The Damodar River was earlier known as the 'Sorrow of Bengal' because its recurrent floods caused heavy damage to the plains of West Bengal.

The major features of the project include:

- Flood control.
  - Development of irrigation facilities.
  - Hydroelectric power generation.
  - Supply of energy for industrial development.
  - Integrated management of water resources.

Other options:

- Tehri Project: Located on the Bhagirathi River, it is important for hydroelectric power generation and water supply.
- Sardar Sarovar Project: Located on the Narmada River, it is associated with irrigation, drinking water supply and power generation.
- Rihand Project: Located on the Rihand River in the Sonbhadra region of Uttar Pradesh. Govind Ballabh Pant Sagar is its reservoir.
- Hence, the correct answer is the Damodar Valley Project.

Q35. Answer: (a)
Explanation

Assertion (A) is correct. Winter rainfall in north-western India is important for rabi crops. Wheat requires adequate moisture during its growth period. Rainfall caused by Western Disturbances helps meet this requirement.

This rainfall is particularly important in Punjab, Haryana, Rajasthan and some parts of western Uttar Pradesh.

Reason (R) is correct. Western Disturbances are extra-tropical weather systems that move eastward with the mid-latitude westerlies. Their development is associated with atmospheric activity in the Mediterranean region and adjoining areas of West Asia.

These systems may move through Afghanistan, Pakistan and north-western India, bringing rainfall during winter. They also cause snowfall in the higher Himalayan regions.

Cause-and-effect relationship: Winter rainfall brought by Western Disturbances provides useful moisture for rabi crops. Therefore, the Reason correctly explains the Assertion.

Q34. Answer: (a)
Explanation

दामोदर घाटी परियोजना (Damodar Valley Project) स्वतंत्र भारत की प्रमुख बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाओं में से एक है। इसका विकास अमेरिका की टेनेसी वैली अथॉरिटी (TVA) से प्रेरित होकर किया गया था।

दामोदर नदी को पहले बंगाल का शोक कहा जाता था क्योंकि इसमें बार-बार आने वाली बाढ़ से पश्चिम बंगाल के मैदानी क्षेत्रों को भारी नुकसान होता था।

इस परियोजना की प्रमुख विशेषताएं हैं:

- बाढ़ नियंत्रण।
- सिंचाई सुविधाओं का विकास।
- जलविद्युत उत्पादन।
- औद्योगिक विकास के लिए ऊर्जा उपलब्ध कराना।
- जल संसाधनों का समन्वित प्रबंधन।

अन्य विकल्प:

- टिहरी परियोजना: भागीरथी नदी पर स्थित है और जलविद्युत उत्पादन एवं जलापूर्ति के लिए महत्वपूर्ण है।
- सरदार सरोवर परियोजना: नर्मदा नदी पर स्थित है और सिंचाई, पेयजल तथा विद्युत उत्पादन से संबंधित है।
- रिहंद परियोजना: रिहंद नदी पर उत्तर प्रदेश के सोनभद्र क्षेत्र में स्थित है। गोविंद बल्लभ पंत सागर इसका जलाशय है।

अतः सही उत्तर दामोदर घाटी परियोजना है।

Q35. Answer: (a)
Explanation

Assertion (A) सही है।

उत्तर-पश्चिम भारत में शीतकाल के दौरान होने वाली वर्षा रबी फसलों के लिए महत्वपूर्ण होती है। गेहूं की फसल को वृद्धि के दौरान पर्याप्त नमी की आवश्यकता होती है। पश्चिमी विक्षोभ से होने वाली वर्षा इस आवश्यकता को पूरा करने में सहायता करती है।

पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में यह वर्षा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

Reason (R) सही है।

पश्चिमी विक्षोभ मध्य अक्षांशीय पश्चिमी पवनों के साथ पूर्व की ओर बढ़ने वाली बाह्य उष्णकटिबंधीय मौसम प्रणालियां हैं। इनका विकास भूमध्यसागरीय क्षेत्र और आसपास के पश्चिमी एशियाई क्षेत्रों में होने वाली वायुमंडलीय गतिविधियों से संबंधित है।

ये प्रणालियां अफगानिस्तान, पाकिस्तान और उत्तर-पश्चिम भारत के रास्ते आगे बढ़ सकती हैं तथा सर्दियों में वर्षा लाती हैं। हिमालय के ऊंचे क्षेत्रों में इनके कारण हिमपात भी होता है।

कारण एवं परिणाम का संबंध:

पश्चिमी विक्षोभ द्वारा लाई गई शीतकालीन वर्षा रबी फसलों के लिए उपयोगी नमी प्रदान करती है। इसलिए Reason, Assertion की सही व्याख्या करता है।

Q36. Answer: (b)
Explanation

Statement 1 is correct. Tropical evergreen forests are found in areas with heavy rainfall and high temperatures. Generally, they develop in regions receiving more than 200 cm of rainfall. Trees in these forests remain green throughout the year because leaves are shed at different times. The Western Ghats, Andaman and Nicobar Islands, and north-eastern India are major regions where they are found.

Statement 2 is correct. Tropical deciduous forests are among the most widespread forest types in India. Trees in these forests shed their leaves during the dry season. They are divided into moist deciduous and dry deciduous forests. Teak and sal are their major trees.

Statement 3 is correct. Mangrove forests are found in coastal areas influenced by tides and in river deltas. They can tolerate saline or brackish-water conditions. The Sundarbans are a major example. Their roots are adapted to survive in marshy and waterlogged soil.

Statement 4 is incorrect. Temperature decreases with increasing altitude in mountainous regions. As a result, vegetation changes gradually. Subtropical forests may occur at lower elevations, temperate forests at higher elevations and alpine vegetation at still greater heights.

Hence, statements 1, 2 and 3 are correct.

Q37. Answer: (b)
Explanation

A. Wular Lake – Jammu and Kashmir (3): Wular Lake is an important freshwater lake located in the catchment area of the Jhelum River. It lies in the Kashmir Valley and also plays a role in regulating floodwater.

B. Chilika Lake – Odisha (1): Chilika is a brackish-water lagoon lake located along the coast of the Bay of Bengal. It is an important habitat for migratory birds and is recognised as a Ramsar Site.

C. Loktak Lake – Manipur (2): Loktak Lake is a major freshwater lake of north-eastern India. It is famous for its floating masses of vegetation, known as phumdis. Keibul Lamjao National Park is located in the area of this lake.

D. Sambhar Lake – Rajasthan (4): Sambhar Lake is India's largest inland saltwater lake. It is located in Rajasthan and is important for salt production.

Hence, the correct code is A-3, B-1, C-2, D-4.

Q36. Answer: (b)
Explanation

कथन 1 सही है। उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन अधिक वर्षा और उच्च तापमान वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं। सामान्यतः 200 सेमी से अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में इनका विकास होता है। इन वनों के पेड़ वर्षभर हरे रहते हैं क्योंकि अलग-अलग समय पर पत्तियां गिरती हैं। पश्चिमी घाट, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और पूर्वोत्तर भारत इनके प्रमुख क्षेत्र हैं।

कथन 2 सही है। उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन भारत के सबसे व्यापक वन प्रकारों में से एक हैं। इनमें पेड़ शुष्क मौसम में अपनी पत्तियां गिरा देते हैं। इन्हें आर्द्र पर्णपाती और शुष्क पर्णपाती वनों में बांटा जाता है। सागौन और साल इनके प्रमुख वृक्ष हैं।

कथन 3 सही है। मैंग्रोव वन समुद्री ज्वार-भाटा से प्रभावित तटीय क्षेत्रों और नदी डेल्टा में पाए जाते हैं। ये खारे या लवणीय जल की परिस्थितियों को सहन करने में सक्षम होते हैं। सुंदरबन इसका प्रमुख उदाहरण है। इनकी जड़ें दलदली एवं जलभराव वाली मिट्टी में जीवित रहने के अनुकूल होती हैं।

कथन 4 गलत है। पर्वतीय क्षेत्रों में ऊंचाई बढ़ने के साथ तापमान घटता है। इस कारण वनस्पति में क्रमिक परिवर्तन होता है। निचले क्षेत्रों में उपोष्णकटिबंधीय वन, उससे ऊपर समशीतोष्ण वन और अधिक ऊंचाई पर अल्पाइन वनस्पति पाई जा सकती है।

अतः कथन 1, 2 और 3 सही हैं।

Q37. Answer: (b)
Explanation

A. वुलर झील – जम्मू-कश्मीर (3): वुलर झील झेलम नदी के जलग्रहण क्षेत्र में स्थित एक महत्वपूर्ण मीठे पानी की झील है। यह कश्मीर घाटी में स्थित है और बाढ़ के जल को नियंत्रित करने में भी भूमिका निभाती है।

B. चिलिका झील – ओडिशा (1): चिलिका बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित खारे एवं मीठे पानी के मिश्रण वाली लैगून झील है। यह प्रवासी पक्षियों के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इसे रामसर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त है।

C. लोकटक झील – मणिपुर (2): लोकटक झील पूर्वोत्तर भारत की प्रमुख मीठे पानी की झील है। यह तैरते हुए वनस्पति द्वीपों, जिन्हें फुमदी कहा जाता है, के लिए प्रसिद्ध है। केइबुल लामजाओ राष्ट्रीय उद्यान इसी झील के क्षेत्र में स्थित है।

D. सांभर झील – राजस्थान (4): सांभर झील भारत की सबसे बड़ी अंतर्देशीय खारे पानी की झील है। यह राजस्थान में स्थित है और नमक उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण है।

अतः सही कूट A-3, B-1, C-2, D-4 है।

Q38. Answer: (b)
Explanation

Hematite is one of the major iron ores found in India. It generally contains about 50–70 per cent iron. Significant iron ore reserves are found in states such as Odisha, Jharkhand, Chhattisgarh, Karnataka and Goa.

Option (a) is incorrect. Magnetite generally contains more iron than hematite. In theory, magnetite contains about 72.4 per cent iron.

Option (b) is correct. Hematite is an important iron ore for India's steel industry. Its availability and quality make it industrially significant.

Option (c) is incorrect. The main use of iron ore is in the production of iron and steel, not primarily in the manufacture of fertilizers.

Option (d) is incorrect. India's iron ore reserves are mainly found in the Peninsular Plateau region. The Odisha-Jharkhand belt, Durg-Bastar-Chandrapur belt and Bellary-Chitradurga-Chikmagalur-Tumakuru region are major areas.

Q39. Answer: (d)
Explanation

Option (a) is correct. The Andes extend from north to south along the western part of South America. They are among the longest continental mountain ranges in the world. Their formation is mainly associated with the subduction of the Nazca Plate beneath the South American Plate.

Option (b) is correct. The Sahara Desert, located in North Africa, is the world's largest hot desert. It extends across several countries, including Algeria, Libya, Egypt, Sudan and Chad.

Option (c) is correct. The Great Barrier Reef is located in the Coral Sea, near the coast of Queensland, Australia. It is the world's largest coral reef system and is extremely important for marine biodiversity.

Option (d) is incorrect. The Amazon River does not originate in the Atlantic coastal plains of Brazil. Its source is considered to be in the Andes region of Peru. It flows across a vast area of South America before emptying into the Atlantic Ocean.

Hence, the incorrect statement is option (d).

Q40. Answer: (b)
Explanation

Statement 1 is correct. The Gulf Stream is a warm current in the North Atlantic Ocean. It flows from the Gulf of Mexico and the Florida region towards the north-east. Its influence extends to the climate of north-western Europe.

Statement 2 is correct. The Labrador Current is a cold current in the North Atlantic Ocean. It flows southward from the Arctic region along the eastern coast of Canada. Near Newfoundland, it meets the area influenced by the Gulf Stream. The interaction of these currents creates conditions favourable for the formation of dense fog.

Q38. Answer: (b)
Explanation

हेमेटाइट भारत में पाए जाने वाले प्रमुख लौह अयस्कों में से एक है। इसमें लौह तत्व की मात्रा सामान्यतः लगभग 50–70 प्रतिशत तक हो सकती है। भारत के ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और गोवा जैसे राज्यों में लौह अयस्क के महत्वपूर्ण भंडार पाए जाते हैं।

विकल्प (a) गलत है। मैग्नेटाइट में लौह तत्व की मात्रा सामान्यतः हेमेटाइट से अधिक होती है। मैग्नेटाइट में सैद्धांतिक रूप से लगभग 72.4 प्रतिशत लौह पाया जाता है।

विकल्प (b) सही है। हेमेटाइट भारत में इस्पात उद्योग के लिए महत्वपूर्ण लौह अयस्क है। इसकी उपलब्धता और गुणवत्ता इसे औद्योगिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बनाती है।

विकल्प (c) गलत है। लौह अयस्क का मुख्य उपयोग लोहा एवं इस्पात उत्पादन में होता है, न कि मुख्यतः उर्वरक निर्माण में।

विकल्प (d) गलत है। भारत के लौह अयस्क भंडार मुख्यतः प्रायद्वीपीय पठारी क्षेत्रों में पाए जाते हैं। ओडिशा-झारखंड बेल्ट, दुर्ग-बस्तर-चंद्रपुर बेल्ट तथा बेल्लारी-चित्रदुर्ग-चिकमगलूर-तुमकुर क्षेत्र प्रमुख हैं।

Q39. Answer: (d)
Explanation

विकल्प (a) सही है। एंडीज पर्वतमाला दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी भाग में उत्तर से दक्षिण तक विस्तृत है। यह विश्व की सबसे लंबी महाद्वीपीय पर्वतमालाओं में से एक है। इसका निर्माण मुख्यतः नाज़्का प्लेट के दक्षिण अमेरिकी प्लेट के नीचे धंसने से संबंधित है।

विकल्प (b) सही है। सहारा मरुस्थल उत्तरी अफ्रीका में स्थित विश्व का सबसे बड़ा गर्म मरुस्थल है। इसका विस्तार कई देशों में है, जिनमें अल्जीरिया, लीबिया, मिस्र, सूडान और चाड शामिल हैं।

विकल्प (c) सही है। ग्रेट बैरियर रीफ ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड तट के निकट कोरल सागर में स्थित है। यह विश्व की सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति प्रणाली है और समुद्री जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

विकल्प (d) गलत है। अमेजन नदी का उद्गम ब्राजील के अटलांटिक तटीय मैदानों से नहीं होता। इसका उद्गम पेरू के एंडीज पर्वतीय क्षेत्र में माना जाता है। यह दक्षिण अमेरिका के विशाल क्षेत्र से होकर बहती हुई अटलांटिक महासागर में गिरती है।

अतः गलत कथन विकल्प (d) है।

Q40. Answer: (b)
Explanation

कथन 1 सही है। गल्फ स्ट्रीम उत्तरी अटलांटिक महासागर की गर्म धारा है। यह मैक्सिको की खाड़ी और फ्लोरिडा क्षेत्र से होकर उत्तर-पूर्व दिशा में बहती है। आगे चलकर इसका प्रभाव उत्तर-पश्चिमी यूरोप की जलवायु पर पड़ता है।

कथन 2 सही है। लैब्राडोर धारा उत्तरी अटलांटिक महासागर की ठंडी धारा है। यह आर्कटिक क्षेत्र से दक्षिण की ओर कनाडा के पूर्वी तट के पास बहती है। न्यूफाउंडलैंड के निकट यह गल्फ स्ट्रीम के प्रभाव क्षेत्र से मिलती है। इनके मिलने से वहां घना कोहरा बनने की परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं।

Statement 3 is correct. The Peru or Humboldt Current is a cold ocean current flowing near the western coast of South America. It lowers sea-surface temperatures and brings nutrients to the surface through upwelling. As a result, fish resources near the coast of Peru are extremely rich.
Statement 4 is incorrect. Ocean currents influence the temperature, rainfall, fog and marine ecology of coastal regions. For example, the cold Peru Current helps maintain the arid conditions of the Atacama Desert, while the Gulf Stream makes the climate of western Europe relatively mild.
Hence, statements 1, 2 and 3 are correct.

Q41. Answer: (b)
Explanation
El Niño is an ocean-atmosphere phenomenon associated with an unusual rise in sea-surface temperatures in the central and eastern parts of the tropical Pacific Ocean.
Under normal conditions, trade winds blow from east to west and push warm water towards the western Pacific. During El Niño, these winds may weaken, causing the surface water in the central and eastern Pacific Ocean to become warmer.
Its major effects include:
- Changes in rainfall patterns along the western coast of South America.
- Drought-like conditions may develop in Australia and Indonesia.
- The Indian monsoon may weaken, although the impact is not the same every year.
- A temporary rise in global temperatures may occur.

Other options:
- Option (a) is associated with La Niña, during which surface water in the central and eastern Pacific becomes cooler than normal.
- Option (c) is not the definition of El Niño.
- Option (d) is geographically incorrect.

Therefore, option (b) is the correct answer.

Q42. Answer: (b)
Explanation
Statement 1 is correct. P-waves are called primary or longitudinal waves. In these waves, particles vibrate parallel to the direction of wave propagation. They can travel through all three states of matter: solids, liquids and gases.
Statement 2 is correct. S-waves are called secondary or transverse waves. In these waves, particles vibrate perpendicular to the direction of wave propagation. Their propagation requires shear rigidity in the medium, which ordinary liquids do not possess. Therefore, S-waves cannot travel through liquids.
Statement 3 is correct. S-waves do not propagate through the Earth's outer core. On the basis of the study of seismic waves, scientists concluded that the outer core is in a liquid state. The speed and direction of P-waves also change significantly in this region.

कथन 3 सही है। पेरू या हम्बोल्ट धारा दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी तट के पास बहने वाली ठंडी महासागरीय धारा है। यह समुद्र की सतह के तापमान को कम करती है और अपवेलिंग की प्रक्रिया के माध्यम से पोषक तत्वों को सतह पर लाती है। इसी कारण पेरू तट के निकट मत्स्य संसाधन अत्यंत समृद्ध हैं।
कथन 4 गलत है। महासागरीय धाराएं तटीय क्षेत्रों के तापमान, वर्षा, कोहरे और समुद्री पारिस्थितिकी को प्रभावित करती हैं। उदाहरण के लिए, ठंडी पेरू धारा अटाकामा मरुस्थल की शुष्क परिस्थितियों को बनाए रखने में सहायक है, जबकि गल्फ स्ट्रीम पश्चिमी यूरोप की जलवायु को अपेक्षाकृत सौम्य बनाती है।
अतः कथन 1, 2 और 3 सही हैं।

Q41. Answer: (b)
Explanation
एल-नीनो एक महासागरीय-वायुमंडलीय घटना है, जो उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर के मध्य एवं पूर्वी भाग में समुद्री सतह के तापमान के असामान्य रूप से बढ़ने से संबंधित है।
सामान्य परिस्थितियों में व्यापारिक पवनें पूर्व से पश्चिम की ओर बहती हैं और गर्म जल को पश्चिमी प्रशांत की ओर धकेलती हैं। एल-नीनो की स्थिति में ये पवनें कमजोर हो सकती हैं, जिससे मध्य एवं पूर्वी प्रशांत महासागर का सतही जल गर्म होने लगता है।
इसके प्रमुख प्रभाव:
- दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी तट पर वर्षा की स्थिति बदल सकती है।
- ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया में सूखे की परिस्थितियां विकसित हो सकती हैं।
- भारतीय मानसून कमजोर पड़ सकता है, हालांकि इसका प्रभाव हर वर्ष समान नहीं होता।
- वैश्विक तापमान में अस्थायी वृद्धि हो सकती है।

अन्य विकल्प:
- विकल्प (a) ला-नीना से संबंधित है, जिसमें मध्य एवं पूर्वी प्रशांत महासागर का सतही जल सामान्य से ठंडा होता है।
- विकल्प (c) एल-नीनो की परिभाषा नहीं है।
- विकल्प (d) भौगोलिक रूप से गलत कथन है।

अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।

Q42. Answer: (b)
Explanation
कथन 1 सही है। P-तरंगें प्राथमिक या अनुदैर्ध्य तरंगें कहलाती हैं। इनमें कण तरंग के संचरण की दिशा के समानांतर कंपन करते हैं। ये ठोस, द्रव और गैसीय तीनों माध्यमों में संचरित हो सकती हैं।
कथन 2 सही है। S-तरंगें द्वितीयक या अनुप्रस्थ तरंगें कहलाती हैं। इनमें कण तरंग के संचरण की दिशा के लंबवत कंपन करते हैं। इनके संचरण के लिए माध्यम में कतरनी दृढ़ता आवश्यक होती है, जो सामान्य द्रवों में नहीं होती। इसलिए S-तरंगें द्रव माध्यम से होकर नहीं गुजर सकतीं।
कथन 3 सही है। पृथ्वी के बाह्य क्रोड में S-तरंगों का संचरण नहीं होता। भूकंपीय तरंगों के अध्ययन से वैज्ञानिकों ने निष्कर्ष निकाला कि बाह्य क्रोड द्रव अवस्था में है। इसी क्षेत्र में P-तरंगों की गति और दिशा में भी महत्वपूर्ण परिवर्तन होता है।

Statement 4 is incorrect. P-waves generally travel faster than S-waves. Therefore, during an earthquake, P-waves reach seismograph stations before S-waves.
Therefore, statements 1, 2 and 3 are correct.

Q43. Answer: (b)
Explanation
Option (a) is incorrect. The Bering Strait lies between Alaska (North America) and Russia (Asia). It connects the Bering Sea with the Chukchi Sea to the north. It separates Asia and North America.
Option (b) is correct. The Strait of Malacca lies between the Malay Peninsula and the Indonesian island of Sumatra. It connects the Andaman Sea with the region near the South China Sea through the Singapore Strait. It is one of the most important maritime trade routes between the Indian and Pacific Oceans.
Option (c) is incorrect. The Strait of Gibraltar lies between Spain and Morocco. It connects the Atlantic Ocean with the Mediterranean Sea.
Option (d) is incorrect. The Strait of Hormuz connects the Persian Gulf with the Gulf of Oman and the Arabian Sea. It is one of the world's important oil transportation routes.
Therefore, option (b) is the correct answer.

Q44. Answer: (d)
Explanation
All three statements are correct.
Statement 1 is correct: The 42nd Constitutional Amendment Act, 1976 added the words 'Socialist', 'Secular' and 'Integrity' to the Preamble.
Statement 2 is correct: In the Kesavananda Bharati v. State of Kerala (1973) case, the Supreme Court held that the Preamble is a part of the Constitution. However, the Preamble does not, by itself, confer any independent power on the government.
Statement 3 is correct: The Preamble refers to three forms of justice—social, economic and political—as well as the ideals of liberty, equality and fraternity.

Q45. Answer: (b)
Explanation
Option (b) is incorrect.
Article 15 prohibits the State from discriminating against any citizen only on the grounds of religion, race, caste, sex or place of birth. In contrast, the protection under Article 14 is available to every person, not merely citizens.

- Option (a) is correct: Article 14 provides for equality before the law and equal protection of the laws.
- Option (c) is correct: Article 16 deals with equality of opportunity in matters of public employment.
- Option (d) is correct: Article 17 abolishes untouchability and makes its practice in any form punishable.

कथन 4 गलत है। P-तरंगें सामान्यतः S-तरंगों से अधिक तेज गति से संचरित होती हैं। इसी कारण भूकंप के समय P-तरंगें पहले और S-तरंगें बाद में भूकंपमापी केंद्रों तक पहुंचती हैं।
अतः कथन 1, 2 और 3 सही हैं।

Q43. Answer: (b)
Explanation
विकल्प (a) गलत है। बेरिंग जलडमरूमध्य अलास्का (उत्तरी अमेरिका) और रूस (एशिया) के बीच स्थित है। यह बेरिंग सागर को उत्तर में चुकची सागर से जोड़ता है। यह एशिया और उत्तरी अमेरिका को अलग करता है।
विकल्प (b) सही है। मलक्का जलडमरूमध्य मलय प्रायद्वीप और इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप के बीच स्थित है। यह अंडमान सागर को दक्षिण चीन सागर के निकट स्थित सिंगापुर जलडमरूमध्य के माध्यम से जोड़ता है। यह हिंद महासागर और प्रशांत महासागर के बीच सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है।
विकल्प (c) गलत है। जिब्राल्टर जलडमरूमध्य स्पेन और मोरक्को के बीच स्थित है। यह अटलांटिक महासागर को भूमध्य सागर से जोड़ता है।
विकल्प (d) गलत है। होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। यह विश्व के महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्गों में से एक है।
अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।

Q44. Answer: (d)
Explanation
तीनों कथन सही हैं।

- कथन 1 सही है: 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा प्रस्तावना में 'समाजवादी', 'पंथनिरपेक्ष' और 'अखंडता' शब्द जोड़े गए।
- कथन 2 सही है: सर्वोच्च न्यायालय ने केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य (1973) मामले में माना कि प्रस्तावना संविधान का भाग है। हालांकि, प्रस्तावना अपने आप में सरकार को कोई स्वतंत्र शक्ति प्रदान नहीं करती।
- कथन 3 सही है: प्रस्तावना में न्याय के तीन रूप—सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक—तथा स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के आदर्शों का उल्लेख है।

Q45. Answer: (b)
Explanation
विकल्प (b) गलत है।
अनुच्छेद 15 राज्य को किसी नागरिक के विरुद्ध केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव करने से रोकता है। इसके विपरीत, अनुच्छेद 14 का संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति को प्राप्त है, केवल नागरिकों को नहीं।

- विकल्प (a) सही है: अनुच्छेद 14 विधि के समक्ष समानता और विधियों के समान संरक्षण की व्यवस्था करता है।
- विकल्प (c) सही है: अनुच्छेद 16 लोक नियोजन अर्थात सार्वजनिक रोजगार में अवसर की समानता से संबंधित है।
- विकल्प (d) सही है: अनुच्छेद 17 अस्पृश्यता को समाप्त करता है और इसके किसी भी रूप में आचरण को दंडनीय बनाता है।

Q46. Answer: (b)
Explanation
Only statements 1 and 3 are correct.
Statement 1 is correct: The rights under Article 19 are available to citizens. These include the freedoms of speech and expression, peaceful and unarmed assembly, and association, among others.
Statement 2 is incorrect: The protection of life and personal liberty under Article 21 is available to every person, whether an Indian citizen or a foreigner.
Statement 3 is correct: Article 32 provides the right to approach the Supreme Court for the enforcement of Fundamental Rights. Dr. B. R. Ambedkar called it the 'heart and soul' of the Constitution.

Q47. Answer: (a)
Explanation
The correct matching is A-2, B-1, C-3 and D-4.
- Article 40: The State shall take steps to organise village panchayats and endow them with the powers necessary to enable them to function as units of self-government.
- Article 44: The State shall endeavour to secure a Uniform Civil Code for citizens throughout the territory of India.
- Article 48A: The State shall endeavour to protect and improve the environment and to safeguard forests and wildlife.
- Article 50: The State shall take steps to separate the judiciary from the executive in the public services of the State.

All these are Directive Principles of State Policy.

Q48. Answer: (b)
Explanation
Only statements 1 and 2 are correct.
Statement 1 is correct: According to Article 37, the Directive Principles are not enforceable by any court. However, they are fundamental to the governance of the country, and it is the duty of the State to apply these principles while making laws.
Statement 2 is correct: Their objective is to establish a welfare state based on social and economic justice.
Statement 3 is incorrect: Establishing a balance between Fundamental Rights and the Directive Principles is an important principle of the constitutional framework. In Minerva Mills v. Union of India (1980), the Supreme Court held that harmony and balance between the two form part of the Constitution's basic structure.

Q46. Answer: (b)
Explanation
केवल कथन 1 और 3 सही हैं।
- **कथन 1 सही है:** अनुच्छेद 19 के अधिकार नागरिकों को प्राप्त हैं। इनमें वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, शांतिपूर्वक और निरस्त्र सम्मेलन करने तथा संघ बनाने आदि की स्वतंत्रताएँ शामिल हैं।
- **कथन 2 गलत है:** अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति को प्राप्त है, चाहे वह भारतीय नागरिक हो या विदेशी।
- **कथन 3 सही है:** अनुच्छेद 32 मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए सर्वोच्च न्यायालय जाने का अधिकार प्रदान करता है। डॉ. बी. आर. आंबेडकर ने इसे संविधान का 'हृदय और आत्मा' कहा था।

Q47. Answer: (a)
Explanation
सही मिलान A-2, B-1, C-3 और D-4 है।
- अनुच्छेद 40: राज्य ग्राम पंचायतों का संगठन करने और उन्हें स्वशासन की इकाइयों के रूप में कार्य करने के लिए आवश्यक शक्तियाँ प्रदान करने का प्रयास करेगा।
- अनुच्छेद 44: राज्य भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।
- अनुच्छेद 48A: राज्य पर्यावरण की रक्षा और सुधार तथा वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा का प्रयास करेगा।
- अनुच्छेद 50: राज्य की लोक सेवाओं में न्यायपालिका को कार्यपालिका से अलग करने का निर्देश देता है।

ये सभी राज्य के नीति-निदेशक तत्त्व हैं।

Q48. Answer: (b)
Explanation
केवल कथन 1 और 2 सही हैं।
- **कथन 1 सही है:** अनुच्छेद 37 के अनुसार नीति-निदेशक तत्त्व न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं हैं, लेकिन देश के शासन में मूलभूत हैं और कानून बनाने में इन सिद्धांतों को लागू करना राज्य का कर्तव्य है।
- **कथन 2 सही है:** इनका उद्देश्य सामाजिक एवं आर्थिक न्याय पर आधारित कल्याणकारी राज्य की स्थापना करना है।
- **कथन 3 गलत है:** मौलिक अधिकारों और नीति-निदेशक तत्त्वों के बीच संतुलन स्थापित करना संवैधानिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण सिद्धांत है। सर्वोच्च न्यायालय ने मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ (1980) में दोनों के बीच सामंजस्य और संतुलन को संविधान की मूल संरचना का हिस्सा माना।

Q49. Answer: (d)
Explanation
All four statements are correct.
Statement 1 is correct: According to Article 79, there shall be a Parliament for the Union, consisting of the President and two Houses—the Rajya Sabha and the Lok Sabha.
Statement 2 is correct: The Rajya Sabha is a permanent House. It cannot be dissolved.
Statement 3 is correct: The normal term of office of Rajya Sabha members is six years. Approximately one-third of its members retire every two years.
Statement 4 is correct: Under Articles 109 and 110, a Money Bill can be introduced only in the Lok Sabha and only on the recommendation of the President. The Rajya Sabha cannot reject it; it may make recommendations within 14 days.

Q50. Answer: (b)
Explanation
Option (b) is incorrect.
The allocation of seats to States in the Rajya Sabha is provided for in the Fourth Schedule of the Constitution. Population is the principal basis, but all States do not have equal representation. Larger States have more seats than smaller States.

- Option (a) is correct: The normal term of the Lok Sabha is five years, unless it is dissolved earlier.
- Option (c) is correct: The Vice-President is the ex-officio Chairman of the Rajya Sabha.
- Option (d) is correct: Under Article 108, the Speaker of the Lok Sabha presides over a joint sitting of Parliament. In the Speaker's absence, the Deputy Speaker of the Lok Sabha and then the Deputy Chairman of the Rajya Sabha may preside.

Q51. Answer: (d)
Explanation
All four statements are correct.

- **Statement 1 is correct:** Under Article 85, the President summons each House of Parliament from time to time and may prorogue the Houses.
- **Statement 2 is correct:** The President can dissolve the Lok Sabha.
- **Statement 3 is correct:** Article 123 empowers the President to promulgate ordinances when both Houses of Parliament are not in session simultaneously and immediate action is considered necessary.
- **Statement 4 is correct:** An ordinance ceases to operate six weeks after Parliament reassembles unless it is approved by both Houses before that. If the Houses reassemble on different dates, the six-week period is calculated from the later date.

Q49. Answer: (d)
Explanation
चारों कथन सही हैं।

- कथन 1 सही है: अनुच्छेद 79 के अनुसार संघ के लिए एक संसद होगी, जिसमें राष्ट्रपति और दो सदन—राज्यसभा तथा लोकसभा—शामिल होंगे।
- कथन 2 सही है: राज्यसभा एक स्थायी सदन है। इसे भंग नहीं किया जा सकता।
- कथन 3 सही है: राज्यसभा के सदस्यों का सामान्य कार्यकाल छह वर्ष है। प्रत्येक दो वर्ष में लगभग एक-तिहाई सदस्य सेवानिवृत्त होते हैं।
- कथन 4 सही है: अनुच्छेद 109 और 110 के अनुसार धन विधेयक केवल लोकसभा में राष्ट्रपति की सिफारिश पर प्रस्तुत किया जा सकता है। राज्यसभा इसे अस्वीकार नहीं कर सकती, बल्कि 14 दिनों के भीतर सुझाव दे सकती है।

Q50. Answer: (b)
Explanation
विकल्प (b) गलत है।
राज्यसभा में राज्यों को सीटों का आवंटन संविधान की चौथी अनुसूची के अनुसार किया गया है। इसमें मुख्य आधार राज्यों की जनसंख्या है, लेकिन सभी राज्यों को समान प्रतिनिधित्व प्राप्त नहीं है। छोटे राज्यों की तुलना में बड़े राज्यों को अधिक सीटें प्राप्त हैं।

- विकल्प (a) सही है: लोकसभा का सामान्य कार्यकाल पाँच वर्ष है, जब तक कि इसे पहले भंग न कर दिया जाए।
- विकल्प (c) सही है: उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति होता है।
- विकल्प (d) सही है: अनुच्छेद 108 के अंतर्गत संयुक्त बैठक की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष करता है। उसकी अनुपस्थिति में लोकसभा का उपाध्यक्ष और उसके बाद राज्यसभा का उपसभापति अध्यक्षता कर सकता है।

Q51. Answer: (d)
Explanation
चारों कथन सही हैं।

- **कथन 1 सही है:** अनुच्छेद 85 के अंतर्गत राष्ट्रपति संसद के प्रत्येक सदन को समय-समय पर आहूत करता है और उनका सत्रावसान कर सकता है।
- **कथन 2 सही है:** राष्ट्रपति लोकसभा को भंग कर सकता है।
- **कथन 3 सही है:** अनुच्छेद 123 राष्ट्रपति को संसद के दोनों सदनों के एक साथ सत्र में न होने पर अध्यादेश जारी करने की शक्ति देता है, जब तत्काल कार्रवाई आवश्यक हो।
- **कथन 4 सही है:** अध्यादेश संसद के पुनः समवेत होने के छह सप्ताह बाद समाप्त हो जाता है, यदि उससे पहले दोनों सदनों द्वारा इसे अनुमोदित नहीं किया जाता। यदि दोनों सदन अलग-अलग तिथियों पर पुनः समवेत होते हैं, तो छह सप्ताह की अवधि बाद वाली तिथि से गिनी जाती है।

Q52. Answer: (a)
Explanation
The correct matching is A-2, B-1, C-4 and D-3.

- Attorney General of India—Article 76: He is the highest law officer of the Government of India.
- Comptroller and Auditor General—Article 148: This constitutional office is related to the audit of the accounts of the Union and the States.
- Union Public Service Commission—Article 315: It provides for Public Service Commissions for the Union and the States.
- Finance Commission—Article 280: It is constituted by the President every five years or earlier. It makes recommendations regarding the distribution of taxes between the Centre and the States.

Q53. Answer: (b)
Explanation
Only statements 1, 2 and 3 are correct.

- Statement 1 is correct: Article 129 declares the Supreme Court to be a Court of Record. It also has the power to punish for its contempt.
- Statement 2 is correct: Under Article 131, the Supreme Court has original jurisdiction in certain disputes between the Union and the States, as well as between States.
- Statement 3 is correct: Judges of the Supreme Court retire at the age of 65 years.
- Statement 4 is incorrect: The retirement age of High Court judges is 62 years.

Q54. Answer: (d)
Explanation
All four statements are correct.

- Statement 1 is correct: The Seventh Schedule contains the Union List, State List and Concurrent List.
- Statement 2 is correct: Under Article 248 and Entry 97 of the Union List, Parliament has the power to legislate on residuary subjects.
- Statement 3 is correct: Both Parliament and State Legislatures can make laws on subjects in the Concurrent List.
- Statement 4 is correct: Under Article 254, in the event of inconsistency between a Central law and a State law on a Concurrent List subject, the Central law generally prevails. However, a State law that has received the President's assent may prevail in that State, though Parliament can subsequently override it.

Q52. Answer: (a)
Explanation
सही मिलान A-2, B-1, C-4 और D-3 है।

- महान्यायवादी—अनुच्छेद 76: भारत सरकार का सर्वोच्च विधि अधिकारी होता है।
- नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक—अनुच्छेद 148: संघ और राज्यों की लेखा परीक्षा से संबंधित संवैधानिक पद है।
- संघ लोक सेवा आयोग—अनुच्छेद 315: संघ और राज्यों के लिए लोक सेवा आयोगों की व्यवस्था करता है।
- वित्त आयोग—अनुच्छेद 280: राष्ट्रपति द्वारा प्रत्येक पाँच वर्ष पर या उससे पहले गठित किया जाता है। यह केंद्र और राज्यों के बीच करों के वितरण से संबंधित सिफारिशें करता है।

Q53. Answer: (b)
Explanation
केवल कथन 1, 2 और 3 सही हैं।

- कथन 1 सही है: अनुच्छेद 129 सर्वोच्च न्यायालय को अभिलेख न्यायालय घोषित करता है। इसे अपनी अवमानना के लिए दंड देने की शक्ति भी प्राप्त है।
- कथन 2 सही है: अनुच्छेद 131 के अंतर्गत संघ और राज्यों के बीच तथा राज्यों के परस्पर कुछ विवादों में सर्वोच्च न्यायालय को मूल अधिकारिता प्राप्त है।
- कथन 3 सही है: सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश 65 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होते हैं।
- कथन 4 गलत है: उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष है।

Q54. Answer: (d)
Explanation
चारों कथन सही हैं।

- कथन 1 सही है: सातवीं अनुसूची में संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची दी गई हैं।
- कथन 2 सही है: अनुच्छेद 248 तथा संघ सूची की प्रविष्टि 97 के अंतर्गत अवशिष्ट विषयों पर कानून बनाने की शक्ति संसद को प्राप्त है।
- कथन 3 सही है: समवर्ती सूची के विषयों पर संसद और राज्य विधानमंडल दोनों कानून बना सकते हैं।
- कथन 4 सही है: अनुच्छेद 254 के अनुसार समवर्ती सूची के विषय पर केंद्रीय और राज्य कानून में असंगति होने पर सामान्यतः केंद्रीय कानून प्रभावी होता है। हालांकि, राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त राज्य कानून उस राज्य में प्रभावी रह सकता है, लेकिन संसद बाद में उसे बदल सकती है।

Q55. Answer: (a)
Explanation
The correct matching is A-2, B-4, C-1 and D-3.

- 42nd Amendment, 1976: Fundamental Duties were added to the Constitution. The words "Socialist", "Secular" and "Integrity" were also added to the Preamble through this Amendment.
- 44th Amendment, 1978: The Right to Property was removed from the list of Fundamental Rights and made a constitutional right under Article 300A.
- 61st Amendment, 1988: The minimum voting age for Lok Sabha and Assembly elections was reduced from 21 years to 18 years.
- 73rd Amendment, 1992: Constitutional status was granted to Panchayati Raj Institutions.

Q56. Answer: (b)
Explanation
Only statements 1, 2 and 3 are correct.

- Statement 1 is correct: The President is not elected directly by the people; the election is conducted by an Electoral College.
- Statement 2 is correct: The elected members of both Houses of Parliament participate in the election.
- Statement 3 is correct: The elected members of the State Legislative Assemblies also participate. The elected members of the Legislative Assemblies of Delhi and Puducherry are also included.
- Statement 4 is incorrect: Nominated members of Parliament do not vote in the Presidential election. They can vote in the election of the Vice-President.

Q57. Answer: (c)
Explanation
Option (c) is incorrect.
The Finance Commission is constituted not by Parliament but by the President under Article 280. It is constituted every five years or earlier.

- Option (a) is correct: The Election Commission is provided for under Article 324.
- Option (b) is correct: The Comptroller and Auditor General is appointed by the President.
- Option (d) is correct: The Chairperson and members of the Union Public Service Commission are appointed by the President.

Q58. Answer: (b)
Explanation
Both the Assertion and the Reason are correct, but the Reason does not correctly explain the Assertion.

- The Assertion is correct: Under Article 61, the charge of impeachment against the President can be initiated by either House of Parliament.

Q55. Answer: (a)
Explanation
सही मिलान A-2, B-4, C-1 और D-3 है।

- 42वाँ संशोधन, 1976: संविधान में मौलिक कर्तव्यों को जोड़ा गया। इसी संशोधन से प्रस्तावना में समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और अखंडता शब्द भी जोड़े गए।
- 44वाँ संशोधन, 1978: संपत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकार से हटाकर अनुच्छेद 300A के अंतर्गत संवैधानिक अधिकार बनाया गया।
- 61वाँ संशोधन, 1988: लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदान की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई।
- 73वाँ संशोधन, 1992: पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।

Q56. Answer: (b)
Explanation
केवल कथन 1, 2 और 3 सही हैं।

- कथन 1 सही है: राष्ट्रपति का निर्वाचन प्रत्यक्ष रूप से जनता द्वारा नहीं, बल्कि निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है।
- कथन 2 सही है: संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य इसमें भाग लेते हैं।
- कथन 3 सही है: राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य भी राष्ट्रपति के निर्वाचन में भाग लेते हैं। दिल्ली और पुडुचेरी की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य भी इसमें शामिल हैं।
- कथन 4 गलत है: संसद के मनोनीत सदस्य राष्ट्रपति के निर्वाचन में मतदान नहीं करते। वे उपराष्ट्रपति के निर्वाचन में मतदान कर सकते हैं।

Q57. Answer: (c)
Explanation
विकल्प (c) गलत है।
वित्त आयोग का गठन संसद नहीं, बल्कि राष्ट्रपति अनुच्छेद 280 के अंतर्गत करता है। इसका गठन प्रत्येक पाँच वर्ष पर या उससे पहले किया जाता है।

- विकल्प (a) सही है: निर्वाचन आयोग का प्रावधान अनुच्छेद 324 में है।
- विकल्प (b) सही है: नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
- विकल्प (d) सही है: संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है।

Q58. Answer: (b)
Explanation
अभिकथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता।

- अभिकथन सही है: अनुच्छेद 61 के अनुसार राष्ट्रपति के विरुद्ध महाभियोग का आरोप संसद के किसी भी सदन द्वारा लगाया जा सकता है।

- **The Reason is correct:** The President can be removed from office through impeachment only on the ground of violation of the Constitution.
- Explanation: The fact that impeachment proceedings can be initiated in either House is a procedural provision, whereas violation of the Constitution is the ground for impeachment. Therefore, both statements are correct, but the Reason does not explain the Assertion.

Q59. Answer: (d)
Explanation
All four statements are correct.
- Statement 1 is correct: Part IX was added to the Constitution by the 73rd Constitutional Amendment Act, 1992. It came into effect on 24 April 1993.
- Statement 2 is correct: The Gram Sabha consists of all persons registered in the electoral rolls at the village level within the area of a Panchayat.
- Statement 3 is correct: Under Article 243E, the normal term of a Panchayat is five years. If it is dissolved before the completion of its term, elections are generally required to be held within six months, provided the remainder of the term is not less than six months.
- Statement 4 is correct: Under Article 243K, the superintendence, direction and control of Panchayat elections is vested in the State Election Commission.

Q60. Answer: (a)
Explanation
The correct matching is A-2, B-4, C-3 and D-1.
- Habeas Corpus: It is issued to secure the release of a person from unlawful detention.
- Mandamus: It directs a public official or body to perform its statutory duty.
- Prohibition: It is issued by the High Court or Supreme Court to prevent a subordinate court or tribunal from proceeding beyond its jurisdiction.
- Quo Warranto: A person is asked to show by what authority they hold a public office.

Q61. Answer: (d)
Explanation
All four statements are correct.
- Statement 1 is correct: Fundamental Duties were added to the Constitution by the 42nd Constitutional Amendment Act, 1976.
- Statement 2 is correct: Fundamental Duties were not included in the original Constitution.
- Statement 3 is correct: Initially, there were 10 Fundamental Duties. The 86th Constitutional Amendment Act, 2002 added the 11th Fundamental Duty, which relates to providing opportunities for education to children aged 6 to 14 years.

- **कारण सही है:** राष्ट्रपति को केवल संविधान के उल्लंघन के आधार पर महाभियोग की प्रक्रिया द्वारा पद से हटाया जा सकता है।
- व्याख्या: महाभियोग की प्रक्रिया किसी भी सदन में प्रारंभ हो सकती है, यह प्रक्रिया से संबंधित प्रावधान है; जबकि संविधान का उल्लंघन महाभियोग का आधार है। इसलिए दोनों कथन सही हैं, लेकिन कारण अभिकथन की व्याख्या नहीं करता।

Q59. Answer: (d)
Explanation
चारों कथन सही हैं।
- कथन 1 सही है: 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 द्वारा संविधान में भाग IX जोड़ा गया। यह 24 अप्रैल 1993 से प्रभावी हुआ।
- कथन 2 सही है: ग्राम सभा में ग्राम स्तर पर पंचायत क्षेत्र के सभी पंजीकृत मतदाता शामिल होते हैं।
- कथन 3 सही है: अनुच्छेद 243E के अनुसार पंचायतों का सामान्य कार्यकाल पाँच वर्ष होता है। समय से पहले भंग होने पर सामान्यतः छह महीने के भीतर चुनाव कराना होता है, बशर्ते शेष कार्यकाल छह महीने से कम न हो।
- कथन 4 सही है: अनुच्छेद 243K के अनुसार पंचायत चुनावों का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण राज्य निर्वाचन आयोग में निहित है।

Q60. Answer: (a)
Explanation
सही मिलान A-2, B-4, C-3 और D-1 है।
- बंदी प्रत्यक्षीकरण (Habeas Corpus): किसी व्यक्ति को अवैध निरोध से मुक्त कराने के लिए जारी की जाती है।
- परमादेश (Mandamus): किसी सार्वजनिक अधिकारी या निकाय को उसके वैधानिक कर्तव्य के पालन का आदेश देता है।
- प्रतिषेध (Prohibition): उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अधीनस्थ न्यायालय अथवा अधिकरण को उसकी अधिकारिता से बाहर कार्यवाही करने से रोकने के लिए जारी किया जाता है।
- अधिकार-पृच्छा (Quo Warranto): किसी व्यक्ति से यह पूछा जाता है कि वह किस अधिकार से सार्वजनिक पद धारण कर रहा है।

Q61. Answer: (d)
Explanation
चारों कथन सही हैं।
- कथन 1 सही है: 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा मौलिक कर्तव्य संविधान में जोड़े गए।
- कथन 2 सही है: मूल संविधान में मौलिक कर्तव्य शामिल नहीं थे।
- कथन 3 सही है: प्रारंभ में 10 मौलिक कर्तव्य थे। 86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 द्वारा 11वाँ मौलिक कर्तव्य जोड़ा गया, जो 6 से 14 वर्ष के बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान करने से संबंधित है।

- Statement 4 is correct: Article 51A describes Fundamental Duties as the duties of every citizen of India.

Q62. Answer: (a)
Explanation
Both the assertion and the reason are correct, and the reason correctly explains the assertion.

- The assertion is correct: The Supreme Court has the power of judicial review under Article 32 and other constitutional provisions, while the High Courts have this power under Article 226.
- The reason is correct: Through judicial review, courts examine whether a law made by the legislature or an action of the executive is in accordance with the Constitution.
- Explanation: The judiciary has this power to uphold the supremacy of the Constitution and protect constitutional limits, including Fundamental Rights.

Q63. Answer: (b)
Explanation
Only statements 1 and 3 are correct.

- Statement 1 is correct: Under Article 368, a Constitution Amendment Bill may be introduced in either House of Parliament.
- Statement 2 is incorrect: Prior permission of the President is not required to introduce a Constitution Amendment Bill.
- Statement 3 is correct: Amendments to certain provisions relating to the federal structure require ratification by the legislatures of at least half of the States, in addition to a special majority in Parliament.
- Statement 4 is incorrect: There is no provision for a joint sitting of Parliament in the case of a Constitution Amendment Bill. Both Houses must pass it separately.

Q64. Answer: (b)
Explanation
Only statements 1, 2 and 3 are correct.

- Statement 1 is correct: GDP measures the market value of all final goods and services produced within a country's domestic economic territory during a given period. The place of production is important, not the nationality of the producer.
- Statement 2 is correct: GNI = GDP + Net Primary Income from Abroad. Net primary income from abroad is calculated by subtracting primary income paid to the rest of the world from primary income received from abroad.
- Statement 3 is correct: NDP = GDP − Depreciation. Depreciation refers to the wear and tear or loss in value of capital goods during the production process.
- Statement 4 is incorrect: Real GDP is calculated at constant prices, whereas GDP calculated at current prices is called nominal GDP. Real GDP measures actual growth in output by excluding the effect of price changes.

- कथन 4 सही है: अनुच्छेद 51A में मौलिक कर्तव्यों को भारत के प्रत्येक नागरिक के कर्तव्य के रूप में वर्णित किया गया है।

Q62. Answer: (a)
Explanation
अभिकथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, अभिकथन की सही व्याख्या करता है।

- अभिकथन सही है: सर्वोच्च न्यायालय को अनुच्छेद 32 और अन्य संवैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत तथा उच्च न्यायालयों को अनुच्छेद 226 के अंतर्गत न्यायिक पुनरावलोकन की शक्ति प्राप्त है।
- कारण सही है: न्यायिक पुनरावलोकन के माध्यम से न्यायालय यह जाँच करते हैं कि विधायिका द्वारा बनाया गया कानून या कार्यपालिका की कार्रवाई संविधान के अनुरूप है या नहीं।
- व्याख्या: संविधान की सर्वोच्चता बनाए रखने और मौलिक अधिकारों सहित संवैधानिक सीमाओं की रक्षा के लिए न्यायपालिका को यह शक्ति प्राप्त है।

Q63. Answer: (b)
Explanation
केवल कथन 1 और 3 सही हैं।

- कथन 1 सही है: अनुच्छेद 368 के अंतर्गत संविधान संशोधन विधेयक संसद के किसी भी सदन में प्रस्तुत किया जा सकता है।
- कथन 2 गलत है: संविधान संशोधन विधेयक प्रस्तुत करने के लिए राष्ट्रपति की पूर्व अनुमति आवश्यक नहीं है।
- कथन 3 सही है: संघीय ढाँचे से संबंधित कुछ प्रावधानों में संशोधन के लिए संसद के विशेष बहुमत के साथ कम-से-कम आधे राज्यों के विधानमंडलों द्वारा अनुमोदन आवश्यक है।
- कथन 4 गलत है: संविधान संशोधन विधेयक के संबंध में संसद की संयुक्त बैठक का प्रावधान नहीं है। दोनों सदनों को इसे अलग-अलग पारित करना होता है।

Q64. Answer: (b)
Explanation
केवल कथन 1, 2 और 3 सही हैं।

- कथन 1 सही है: GDP किसी देश की घरेलू आर्थिक सीमा के भीतर एक निश्चित अवधि में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं के बाजार मूल्य को मापता है। इसमें उत्पादन का स्थान महत्वपूर्ण होता है, उत्पादक की राष्ट्रीयता नहीं।
- कथन 2 सही है: GNI = GDP + विदेशों से प्राप्त शुद्ध प्राथमिक आय। इसमें विदेशों से प्राप्त प्राथमिक आय में से विदेशों को दी गई प्राथमिक आय घटाई जाती है।
- कथन 3 सही है: NDP = GDP – मूल्यह्रास। मूल्यह्रास से आशय उत्पादन प्रक्रिया में पूँजीगत वस्तुओं के घिसने या मूल्य में कमी से है।
- कथन 4 गलत है: वास्तविक GDP की गणना स्थिर कीमतों पर की जाती है, जबकि चालू कीमतों पर गणना नाममात्र GDP कहलाती है। वास्तविक GDP से कीमतों में परिवर्तन के प्रभाव को अलग करके उत्पादन में वास्तविक वृद्धि का आकलन किया जाता है।

Q65. Answer: (c)
Explanation
Option (c) is incorrect. Deflation means a sustained decline in the general price level. In contrast, a sustained increase in the general price level is called inflation.

- **Option (a) is correct:** Demand-pull inflation may arise when the aggregate demand for goods and services in an economy exceeds the available aggregate supply.
- **Option (b) is correct:** An increase in the cost of raw materials, wages, energy or transportation raises production costs and may lead to higher prices.
- **Option (d) is correct:** In stagflation, economic growth may be slow or stagnant, while inflation and unemployment remain high.

Q66. Answer: (a)
Explanation
The correct matching is A-3, B-1, C-2 and D-4.

- Repo Rate: The rate at which the RBI provides short-term funds to banks against eligible securities.
- Cash Reserve Ratio (CRR): The prescribed proportion of banks' Net Demand and Time Liabilities (NDTL) that must be kept with the RBI in cash.
- Open Market Operations (OMO): The purchase and sale of government securities by the RBI in the open market. The purchase of securities generally increases liquidity in the banking system, while their sale reduces liquidity.
- Statutory Liquidity Ratio (SLR): Banks are required to maintain a prescribed proportion of their NDTL in liquid assets such as cash, gold or approved securities.

Q67. Answer: (d)
Explanation
All four statements are correct.

- Statement 1 is correct: The primary objective of the RBI's monetary policy is to maintain price stability while keeping economic growth in mind.
- Statement 2 is correct: The MPC, constituted under the RBI Act, 1934, consists of six members.
- Statement 3 is correct: The three RBI members of the MPC are the RBI Governor, the Deputy Governor in charge of monetary policy, and an officer nominated by the RBI Central Board. In addition, there are three external members appointed by the Central Government.
- Statement 4 is correct: Each member has one vote. In the event of a tie, the RBI Governor has the right to exercise a casting vote.

Q65. Answer: (c)
Explanation
विकल्प (c) गलत है।
अपस्फीति (Deflation) का अर्थ सामान्य मूल्य स्तर में लगातार गिरावट होना है। इसके विपरीत, सामान्य मूल्य स्तर में लगातार वृद्धि को मुद्रास्फीति (Inflation) कहा जाता है।

- विकल्प (a) सही है: जब अर्थव्यवस्था में वस्तुओं एवं सेवाओं की कुल मांग, उपलब्ध कुल आपूर्ति की तुलना में अधिक हो जाती है, तो मांग-प्रेरित मुद्रास्फीति उत्पन्न हो सकती है।
- विकल्प (b) सही है: कच्चे माल, मजदूरी, ऊर्जा या परिवहन की लागत बढ़ने से उत्पादन लागत बढ़ती है और कीमतों में वृद्धि हो सकती है।
- विकल्प (d) सही है: स्टैगफ्लेशन (Stagflation) में आर्थिक विकास धीमा या स्थिर हो सकता है, जबकि मुद्रास्फीति और बेरोजगारी उच्च स्तर पर बनी रह सकती हैं।

Q66. Answer: (a)
Explanation
सही मिलान A-3, B-1, C-2 और D-4 है।

- रेपो दर: वह दर जिस पर RBI पात्र प्रतिभूतियों के बदले बैंकों को अल्पकालिक धन उपलब्ध कराता है।
- CRR: बैंकों की शुद्ध मांग और समय देयताओं (NDTL) का वह निर्धारित अनुपात, जिसे नकद के रूप में RBI के पास रखना होता है।
- OMO: RBI द्वारा खुले बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद एवं बिक्री। प्रतिभूतियों की खरीद से सामान्यतः बैंकिंग प्रणाली में तरलता बढ़ती है, जबकि बिक्री से तरलता घटती है।
- SLR: बैंकों को अपनी NDTL का एक निर्धारित अनुपात नकद, सोना या अनुमोदित प्रतिभूतियों जैसी तरल परिसंपत्तियों में बनाए रखना होता है।

Q67. Answer: (d)
Explanation
चारों कथन सही हैं।

- कथन 1 सही है: RBI की मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य आर्थिक विकास को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखना है।
- कथन 2 सही है: RBI अधिनियम, 1934 के अंतर्गत गठित MPC में छह सदस्य होते हैं।
- कथन 3 सही है: MPC में RBI के तीन सदस्य—RBI गवर्नर, मौद्रिक नीति के प्रभारी डिप्टी गवर्नर और RBI केंद्रीय बोर्ड द्वारा नामित एक अधिकारी—शामिल होते हैं। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त तीन बाहरी सदस्य होते हैं।
- कथन 4 सही है: प्रत्येक सदस्य को एक मत प्राप्त होता है। मत बराबर होने की स्थिति में RBI गवर्नर को निर्णायक मत देने का अधिकार है।

Q68. Answer: (b)
Explanation
Option (b) is correct. Fiscal deficit is the difference between the government's total expenditure requirements and its total receipts, excluding borrowings.
Formula: Fiscal Deficit = Total Expenditure − (Revenue Receipts + Non-debt Capital Receipts).

- Option (a): This is not the correct formula for fiscal deficit because it does not include non-debt capital receipts.
- Option (c): This is the formula for revenue deficit.
- Option (d): This is the formula for primary deficit. Primary Deficit = Fiscal Deficit − Interest Payments.

Q69. Answer: (a)
Explanation
Both the assertion and the reason are correct, and the reason correctly explains the assertion.

- The assertion is correct: When the RBI purchases government securities in the open market, the flow of money into the market increases and liquidity in the banking system generally rises.
- The reason is correct: The RBI makes payments to sellers in exchange for the securities. This may increase the money available in the banking system.
- Explanation: The RBI controls liquidity in the economy through the purchase and sale of securities in the open market. Purchases generally increase liquidity, while sales reduce it.

Q70. Answer: (a)
Explanation
The correct matching is A-2, B-1, C-3 and D-4.

- Income Tax: A direct tax levied on the taxable income of individuals.
- Goods and Services Tax (GST): An indirect tax levied on the supply of goods and services. It is a destination-based tax system.
- Customs Duty: A tax levied on imports and, in certain cases, exports.
- Corporation Tax: A direct tax levied on the taxable profits of companies.
- The burden of a direct tax generally falls on the same person or entity on whom it is imposed, whereas the burden of an indirect tax can be shifted to another person.

Q71. Answer: (b)
Explanation
Only statements 1, 2 and 3 are correct.
Statement 1 is correct: The 101st Constitutional Amendment Act, 2016 provided the constitutional framework for the implementation of GST. GST came into force in India on 1 July 2017.

Q68. Answer: (b)
Explanation
विकल्प (b) सही है।
राजकोषीय घाटा (Fiscal Deficit) सरकार की कुल व्यय आवश्यकताओं और उधार को छोड़कर उसकी कुल प्राप्तियों के बीच का अंतर है।
सूत्र:
राजकोषीय घाटा = कुल व्यय − (राजस्व प्राप्तियाँ + गैर-ऋण पूँजीगत प्राप्तियाँ)

- विकल्प (a): यह राजकोषीय घाटे का सही सूत्र नहीं है, क्योंकि इसमें गैर-ऋण पूँजीगत प्राप्तियों को शामिल नहीं किया गया है।
- विकल्प (c): यह राजस्व घाटे का सूत्र है।
- विकल्प (d): यह प्राथमिक घाटे का सूत्र है।

प्राथमिक घाटा = राजकोषीय घाटा − ब्याज भुगतान।

Q69. Answer: (a)
Explanation
अभिकथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, अभिकथन की सही व्याख्या करता है।

- अभिकथन सही है: RBI जब खुले बाजार में सरकारी प्रतिभूतियाँ खरीदता है, तो बाजार में धन का प्रवाह बढ़ता है और बैंकिंग प्रणाली की तरलता सामान्यतः बढ़ जाती है।
- कारण सही है: प्रतिभूतियों की खरीद के बदले RBI विक्रेताओं को भुगतान करता है। इससे बैंकिंग प्रणाली में उपलब्ध धन बढ़ सकता है।
- व्याख्या: खुले बाजार में प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री के माध्यम से RBI अर्थव्यवस्था में तरलता को नियंत्रित करता है। खरीद से सामान्यतः तरलता बढ़ती है और बिक्री से घटती है।

Q70. Answer: (a)
Explanation
सही मिलान A-2, B-1, C-3 और D-4 है।

- आयकर: व्यक्तियों की कर योग्य आय पर लगाया जाने वाला प्रत्यक्ष कर है।
- GST: वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति पर लगाया जाने वाला अप्रत्यक्ष कर है। यह एक गंतव्य-आधारित कर व्यवस्था है।
- सीमा शुल्क: आयात और कुछ मामलों में निर्यात पर लगाया जाने वाला कर है।
- निगम कर: कंपनियों के कर योग्य लाभ पर लगाया जाने वाला प्रत्यक्ष कर है।

प्रत्यक्ष कर का भार सामान्यतः उसी व्यक्ति या संस्था पर पड़ता है जिस पर कर लगाया जाता है, जबकि अप्रत्यक्ष कर का भार दूसरे व्यक्ति पर स्थानांतरित किया जा सकता है।

Q71. Answer: (b)
Explanation
केवल कथन 1, 2 और 3 सही हैं।

- कथन 1 सही है: 101वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2016 ने GST लागू करने के लिए संवैधानिक ढाँचा प्रदान किया। GST भारत में 1 जुलाई 2017 से लागू हुआ।

Statement 2 is correct: Article 279A provides for the constitution of the GST Council.
Statement 3 is correct: The Union Finance Minister is the Chairperson of the GST Council.
Statement 4 is incorrect: GST is a destination-based consumption tax. Its revenue generally accrues to the place where a good or service is consumed, rather than where it is produced.

Q72. Answer: (c)
Explanation
Option (c) is incorrect.
Under the Cash Reserve Ratio (CRR), banks are required to maintain a prescribed proportion of their Net Demand and Time Liabilities (NDTL) in cash with the RBI, not with themselves.
Option (a) is correct: The RBI was established under the RBI Act, 1934, and commenced operations on 1 April 1935. It was nationalised on 1 January 1949.
Option (b) is correct: Commercial banks accept deposits from the public and provide loans to various sectors.
Option (d) is correct: The RBI provides assistance to banks when required and performs the role of the lender of last resort in the financial system.

Q73. Answer: (b)
Explanation
Option (b) is correct.
Minimum Support Price (MSP) is a declared price at which the government seeks to provide price support to farmers for their produce.
Option (a) is incorrect: The RBI deals with monetary policy and the banking system. It does not recommend MSP.
Option (b) is correct: The Commission for Agricultural Costs and Prices (CACP) recommends MSPs for various agricultural crops. The Central Government announces the MSP after considering these recommendations and other relevant factors.
Option (c) is incorrect: MSP is announced by the Central Government, not by State Governments.
Option (d) is incorrect: Several factors are considered while determining MSP, including the cost of production, demand and supply, domestic and international prices, price parity among crops, and the impact on the agricultural sector.

Q74. Answer: (c)
Explanation
Only statements 1, 2 and 4 are correct.
Statement 1 is correct: The current account includes exports and imports of goods as well as trade in services.
Statement 2 is correct: The current account also includes primary income (such as interest, dividends and wages) and secondary income (such as personal transfers and remittances).

- कथन 2 सही है: अनुच्छेद 279A के अंतर्गत GST परिषद के गठन का प्रावधान किया गया है।
- कथन 3 सही है: केंद्रीय वित्त मंत्री GST परिषद के अध्यक्ष होते हैं।
- कथन 4 गलत है: GST गंतव्य-आधारित उपभोग कर है। इसका राजस्व सामान्यतः उस स्थान को प्राप्त होता है जहाँ वस्तु या सेवा का उपभोग होता है, न कि जहाँ उसका उत्पादन हुआ है।

Q72. Answer: (c)
Explanation
विकल्प (c) गलत है।
CRR अर्थात नकद आरक्षित अनुपात के अंतर्गत बैंकों को अपनी शुद्ध मांग और समय देयताओं (NDTL) का निर्धारित अनुपात नकद के रूप में RBI के पास रखना होता है, अपने पास नहीं।
- विकल्प (a) सही है: RBI की स्थापना RBI अधिनियम, 1934 के अंतर्गत हुई और इसने 1 अप्रैल 1935 से कार्य करना शुरू किया। इसका राष्ट्रीयकरण 1 जनवरी 1949 को हुआ।
- विकल्प (b) सही है: वाणिज्यिक बैंक जनता से जमा स्वीकार करते हैं और विभिन्न क्षेत्रों को ऋण उपलब्ध कराते हैं।
- विकल्प (d) सही है: RBI बैंकों को आवश्यकता पड़ने पर सहायता प्रदान करता है और वित्तीय प्रणाली में अंतिम ऋणदाता की भूमिका निभाता है।

Q73. Answer: (b)
Explanation
विकल्प (b) सही है।
न्यूनतम समर्थन मूल्य (Minimum Support Price—MSP) वह घोषित मूल्य है जिस पर सरकार किसानों को उनकी उपज के लिए मूल्य समर्थन उपलब्ध कराने का प्रयास करती है।
- विकल्प (a) गलत है: RBI मौद्रिक नीति और बैंकिंग व्यवस्था से संबंधित कार्य करता है। MSP की सिफारिश RBI नहीं करता।
- विकल्प (b) सही है: कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP) विभिन्न कृषि फसलों के MSP की सिफारिश करता है। केंद्र सरकार इन सिफारिशों और अन्य संबंधित कारकों पर विचार करके MSP घोषित करती है।
- विकल्प (c) गलत है: MSP की घोषणा केंद्र सरकार करती है, राज्य सरकारें नहीं।
- विकल्प (d) गलत है: MSP तय करते समय उत्पादन लागत, मांग-आपूर्ति, घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय कीमतों, फसलों के बीच मूल्य समानता और कृषि क्षेत्र पर प्रभाव जैसे अनेक कारकों पर विचार किया जाता है।

Q74. Answer: (c)
Explanation
केवल कथन 1, 2 और 4 सही हैं।
- **कथन 1 सही है:** चालू खाते में वस्तुओं का निर्यात-आयात तथा सेवाओं का व्यापार शामिल होता है।
- **कथन 2 सही है:** चालू खाते में प्राथमिक आय (जैसे ब्याज, लाभांश और वेतन) तथा द्वितीयक आय (जैसे व्यक्तिगत हस्तांतरण और प्रेषण) भी शामिल होते हैं।

Statement 3 is incorrect: FDI is recorded under the capital/financial account, not the current account.
Statement 4 is correct: A Current Account Deficit (CAD) occurs when total payments in the current account exceed its total receipts.

Q75. Answer: (a)
Explanation
The correct matching is A-3, B-2, C-1 and D-4.
NITI Aayog: It was established on 1 January 2015, replacing the Planning Commission. It assists the government in policy formulation and promotes cooperative federalism.
Reserve Bank of India: It plays an important role in conducting monetary policy, issuing currency, regulating banking and maintaining financial stability.
Commission for Agricultural Costs and Prices: It makes recommendations to the Central Government regarding the MSP of agricultural crops.
SEBI: It regulates the Indian securities market, protects investors' interests and promotes the development of the market.

Q76. Answer: (b)
Explanation
Option (b) is correct.
The Multidimensional Poverty Index does not measure poverty merely on the basis of lack of income; rather, it assesses various forms of deprivation experienced by individuals.
Its three major dimensions are:
1. Health: Indicators such as nutrition and child mortality.
2. Education: Indicators such as years of schooling and school attendance.
3. Standard of living: Indicators relating to sanitation, drinking water, electricity, housing, cooking fuel and assets.

The global MPI has been developed by UNDP and the Oxford Poverty and Human Development Initiative (OPHI). In India, NITI Aayog also publishes reports relating to the National Multidimensional Poverty Index.

Q77. Answer: (a)
Explanation
Both the Assertion and the Reason are correct, and the Reason correctly explains the Assertion.
Assertion is correct: When the value of the rupee falls, Indian importers may have to spend more rupees on goods imported from abroad.
Reason is correct: If more rupees have to be paid to purchase one US dollar than before, the cost for importers making payments in dollars increases.
Explanation: A depreciation in the value of the rupee can make imports more expensive. However, it may also make Indian exports relatively cheaper for foreign buyers. The actual impact depends on global demand, the structure of trade and the cost of imported raw materials.

- **कथन 3 गलत है:** FDI पूँजी खाते/वित्तीय खाते के अंतर्गत दर्ज किया जाता है, चालू खाते में नहीं।
- **कथन 4 सही है:** जब चालू खाते के कुल भुगतान उसकी कुल प्राप्तियों से अधिक हो जाते हैं, तो चालू खाते का घाटा (Current Account Deficit—CAD) होता है।

Q75. Answer: (a)
Explanation
सही मिलान A-3, B-2, C-1 और D-4 है।
- नीति आयोग: 1 जनवरी 2015 को योजना आयोग के स्थान पर स्थापित किया गया। यह सरकार को नीति निर्माण में सहयोग देता है और सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करता है।
- भारतीय रिजर्व बैंक: मौद्रिक नीति का संचालन, मुद्रा जारी करना, बैंकिंग विनियमन और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- कृषि लागत एवं मूल्य आयोग: कृषि फसलों के MSP के संबंध में केंद्र सरकार को सिफारिशें देता है।
- SEBI: भारतीय प्रतिभूति बाजार का नियमन करता है तथा निवेशकों के हितों की रक्षा और बाजार के विकास को प्रोत्साहित करता है।

Q76. Answer: (b)
Explanation
विकल्प (b) सही है।
बहुआयामी गरीबी सूचकांक गरीबी को केवल आय की कमी के आधार पर नहीं मापता, बल्कि व्यक्ति के जीवन में मौजूद विभिन्न प्रकार की वंचनाओं का आकलन करता है।
इसके तीन प्रमुख आयाम हैं:
1. स्वास्थ्य: पोषण और बाल मृत्यु जैसे संकेतक।
2. शिक्षा: स्कूली शिक्षा के वर्ष और विद्यालय में उपस्थिति जैसे संकेतक।
3. जीवन स्तर: स्वच्छता, पेयजल, बिजली, आवास, खाना पकाने के ईंधन और परिसंपत्तियों से संबंधित संकेतक।

वैश्विक MPI को UNDP और ऑक्सफोर्ड पॉवर्टी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनिशिएटिव (OPHI) द्वारा विकसित किया गया है। भारत में नीति आयोग भी राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक से संबंधित रिपोर्ट प्रकाशित करता है।

Q77. Answer: (a)
Explanation
अभिकथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, अभिकथन की सही व्याख्या करता है।
- अभिकथन सही है: रुपये का मूल्य घटने पर विदेश से आयात की जाने वाली वस्तुओं के लिए भारतीय आयातकों को अधिक रुपये खर्च करने पड़ सकते हैं।
- कारण सही है: यदि एक अमेरिकी डॉलर खरीदने के लिए पहले की तुलना में अधिक रुपये देने पड़ें, तो डॉलर के संदर्भ में भुगतान करने वाले आयातकों की लागत बढ़ जाती है।
- व्याख्या: रुपये के मूल्य में गिरावट से आयात महँगे हो सकते हैं। हालांकि, इससे भारतीय निर्यात विदेशी खरीदारों के लिए अपेक्षाकृत सस्ता भी हो सकता है। वास्तविक प्रभाव वैश्विक मांग, व्यापार संरचना और आयातित कच्चे माल की लागत पर निर्भर करता है।

Q78. Answer: (d)
Explanation

All four statements are correct.

Statement 1 is correct: In disguised unemployment, more workers are engaged in an activity than are required. Even if some workers are removed, total output does not decline significantly.

Statement 2 is correct: Seasonal unemployment can be seen in agriculture, tourism and certain other seasonal activities where work is not available throughout the year.

Statement 3 is correct: Structural unemployment may arise when the skills of available workers do not match the requirements of jobs available in the economy.

Statement 4 is correct: Educated unemployment occurs when educated individuals are unable to find employment or are unable to obtain work suited to their qualifications.

Q79. Answer: (a)
Explanation

The correct matching is A-2, B-1, C-3 and D-4.

FCI: It plays an important role in the procurement, storage and transportation of foodgrains, as well as in supplying foodgrains for the Public Distribution System.

NABARD: It is the apex development financial institution concerned with institutional credit and financial assistance for agriculture and rural development.

ICAR: It works in the fields of agricultural research and education and promotes agricultural science and technological development.

NAFED: It works to promote the cooperative marketing of agricultural produce and protect the interests of farmers.

Q80. Answer: (b)
Explanation

Only statements 1, 2 and 4 are correct.

Statement 1 is correct: Economic growth generally refers to an increase in the real output or real income of an economy.

Statement 2 is correct: Economic development is a broader concept. In addition to income growth, it includes improvements in education, health, standard of living, opportunities and social welfare.

Statement 3 is incorrect: An increase in per capita income does not necessarily ensure an equal distribution of income. Economic inequality may persist even when average income rises.

Statement 4 is correct: The three major dimensions of the HDI are a long and healthy life, knowledge and a decent standard of living. These are measured through indicators relating to health, education and Gross National Income per capita, respectively.

Q78. Answer: (d)
Explanation

चारों कथन सही हैं।

- कथन 1 सही है: प्रच्छन्न बेरोजगारी में आवश्यकता से अधिक श्रमिक किसी कार्य में लगे होते हैं। कुछ श्रमिकों को हटा देने पर भी कुल उत्पादन में कोई विशेष कमी नहीं आती।
- कथन 2 सही है: मौसमी बेरोजगारी कृषि, पर्यटन और कुछ अन्य मौसमी गतिविधियों में देखी जा सकती है, जहाँ काम पूरे वर्ष उपलब्ध नहीं रहता।
- कथन 3 सही है: संरचनात्मक बेरोजगारी तब उत्पन्न हो सकती है जब उपलब्ध श्रमिकों के कौशल और अर्थव्यवस्था में उपलब्ध नौकरियों की आवश्यकताओं के बीच असंगति हो।
- कथन 4 सही है: शिक्षित बेरोजगारी तब दिखाई देती है जब शिक्षित व्यक्तियों को रोजगार नहीं मिलता या उन्हें अपनी योग्यता के अनुरूप काम उपलब्ध नहीं होता।

Q79. Answer: (a)
Explanation

सही मिलान A-2, B-1, C-3 और D-4 है।

- FCI: खाद्यान्नों की खरीद, भंडारण, परिवहन और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए खाद्यान्नों की आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- NABARD: कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए संस्थागत ऋण और वित्तीय सहायता से संबंधित शीर्ष विकास वित्तीय संस्था है।
- ICAR: कृषि अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करता है तथा कृषि विज्ञान एवं तकनीकी विकास को बढ़ावा देता है।
- NAFED: कृषि उत्पादों के सहकारी विपणन और किसानों के हितों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करता है।

Q80. Answer: (b)
Explanation

केवल कथन 1, 2 और 4 सही हैं।

- कथन 1 सही है: आर्थिक वृद्धि का सामान्य अर्थ किसी अर्थव्यवस्था के वास्तविक उत्पादन या वास्तविक आय में वृद्धि से है।
- कथन 2 सही है: आर्थिक विकास एक व्यापक अवधारणा है। इसमें आय वृद्धि के अतिरिक्त शिक्षा, स्वास्थ्य, जीवन स्तर, अवसरों और सामाजिक कल्याण में सुधार भी शामिल होता है।
- कथन 3 गलत है: प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि से यह आवश्यक नहीं कि आय का वितरण समान हो जाए। औसत आय बढ़ने के बावजूद आर्थिक असमानता बनी रह सकती है।
- कथन 4 सही है: HDI के तीन प्रमुख आयाम हैं—दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन, ज्ञान और सभ्य जीवन स्तर। इन्हें क्रमशः स्वास्थ्य, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय के संकेतकों से मापा जाता है।

Q81. Answer: (b)
Explanation

- **Option (b) is correct.** The Second Five-Year Plan (1956–1961) adopted the P. C. Mahalanobis Model. It placed special emphasis on rapid industrialisation and the development of heavy and basic industries.
- **Option (a) is incorrect:** The First Five-Year Plan (1951–1956) prioritised agriculture, irrigation and energy.
- **Option (b) is correct:** The Second Plan emphasised heavy industries and the expansion of the public sector.
- **Option (c) is incorrect:** The Green Revolution played an important role in increasing the production of wheat and rice in particular.
- **Option (d) is incorrect:** NITI Aayog was established on 1 January 2015, replacing the Planning Commission.

Q82. Answer: (b)
Explanation

- **Only statements 1, 2 and 3 are correct.**
- Statement 1 is correct: Balance of Trade includes only the difference between exports and imports of goods; trade in services is excluded.
- Statement 2 is correct: The Balance of Payments is a broader accounting framework that includes items relating to the current account and capital/financial transactions.
- Statement 3 is correct: When the rupee appreciates, Indian goods may become more expensive for foreign buyers, affecting export competitiveness.
- Statement 4 is incorrect: The current account includes trade in services along with trade in goods. Tourism, transport, insurance and information technology services are examples.

Q83. Answer: (b)
Explanation

- **Option (b) is correct.** Inclusive growth refers to economic growth whose benefits reach different sections of society, regions and income groups. Its objective is to ensure broad-based participation in the development process and wider access to opportunities.
- **Option (a) is incorrect:** Growth in GDP alone does not guarantee inclusive growth.
- Option (b) is correct: It includes aspects such as employment opportunities, education, healthcare, financial inclusion and access to social security.
- **Option (c) is incorrect:** Inclusive growth is not limited to large industries; agriculture, small industries and services are also important.
- **Option (d) is incorrect:** The role of government, public services and social security is also important.

Q81. Answer: (b)
Explanation
विकल्प (b) सही है।
द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1956–1961) में पी. सी. महालनोबिस मॉडल को अपनाया गया। इसमें तीव्र औद्योगीकरण तथा भारी और आधारभूत उद्योगों के विकास पर विशेष बल दिया गया।

- विकल्प (a) गलत है: प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951–1956) में कृषि, सिंचाई और ऊर्जा को प्राथमिकता दी गई थी।
- विकल्प (b) सही है: द्वितीय योजना में भारी उद्योगों और सार्वजनिक क्षेत्र के विस्तार पर जोर दिया गया।
- विकल्प (c) गलत है: हरित क्रांति ने विशेषकर गेहूँ और चावल के उत्पादन में वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- विकल्प (d) गलत है: 1 जनवरी 2015 को योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग की स्थापना की गई थी।

Q82. Answer: (b)
Explanation
केवल कथन 1, 2 और 3 सही हैं।

- कथन 1 सही है: व्यापार संतुलन में केवल वस्तुओं के निर्यात और आयात का अंतर शामिल होता है। सेवाओं का व्यापार इसमें शामिल नहीं होता।
- कथन 2 सही है: भुगतान संतुलन एक व्यापक लेखा व्यवस्था है, जिसमें चालू खाते तथा पूँजी/वित्तीय लेन-देन से संबंधित मदें शामिल होती हैं।
- कथन 3 सही है: रुपये का मूल्य बढ़ने पर समान विदेशी मुद्रा के बदले अधिक मूल्य का रुपया प्राप्त होता है। इससे भारतीय वस्तुएँ विदेशी खरीदारों के लिए महँगी हो सकती हैं और निर्यात प्रतिस्पर्धा प्रभावित हो सकती है।
- कथन 4 गलत है: चालू खाते में वस्तुओं के साथ-साथ सेवाओं का निर्यात और आयात भी शामिल होता है। पर्यटन, परिवहन, बीमा और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएँ इसके उदाहरण हैं।

Q83. Answer: (b)
Explanation
विकल्प (b) सही है।
समावेशी विकास का अर्थ ऐसी आर्थिक वृद्धि से है जिसके लाभ समाज के विभिन्न वर्गों, क्षेत्रों और आय समूहों तक पहुँचें। इसका उद्देश्य विकास प्रक्रिया में व्यापक भागीदारी और अवसरों की समान उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

- विकल्प (a) गलत है: केवल GDP में वृद्धि समावेशी विकास की गारंटी नहीं देती।
- विकल्प (b) सही है: इसमें रोजगार के अवसर, शिक्षा, स्वास्थ्य, वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा तक पहुँच जैसे पहलू शामिल होते हैं।
- विकल्प (c) गलत है: समावेशी विकास केवल बड़े उद्योगों तक सीमित नहीं होता; कृषि, लघु उद्योग और सेवा क्षेत्र भी महत्वपूर्ण हैं।
- विकल्प (d) गलत है: समावेशी विकास में सरकार की भूमिका, सार्वजनिक सेवाएँ और सामाजिक सुरक्षा भी महत्वपूर्ण हैं।

Q84. Answer: (d)
Explanation

- **All four statements are correct.**
- **Statement 1 is correct:** Biotic components include producers, consumers and decomposers, while abiotic components include water, air, soil, temperature and light.
- **Statement 2 is correct:** Energy passes from the Sun to producers and then to different consumer levels. Its flow is unidirectional, and some energy is lost as heat at each trophic level.
- **Statement 3 is correct:** Substances such as carbon, nitrogen, phosphorus and water keep cycling between biotic and abiotic components.
- **Statement 4 is correct:** Decomposers such as bacteria and fungi break down dead organisms and organic waste, returning nutrients to the environment.

Q85. Answer: (c)
Explanation

- **Option (c) is incorrect.** Energy is not recycled in a food chain; rather, its flow is unidirectional. Energy received from the Sun reaches consumers through producers, and a part of it is lost as heat at each trophic level.
- **Option (a) is correct:** Energy is transferred from one trophic level to another in a food chain.
- **Option (b) is correct:** Green plants prepare food through photosynthesis and generally occupy the first trophic level.
- **Option (d) is correct:** Primary consumers depend directly on producers and are therefore generally herbivores.

Q86. Answer: (a)
Explanation

- The correct matching is A-2, B-3 and C-1.
- Genetic diversity: It refers to variations in genes and genetic characteristics among individuals of the same species. For example, different varieties of rice.
- Species diversity: It refers to the variety of different species found in a particular region.
- Ecosystem diversity: It refers to the variety of ecological units in a region, such as forests, grasslands, deserts, wetlands and marine ecosystems.

Q87. Answer: (b)
Explanation

- **Only statements 1, 2 and 3 are correct.**
- **Statement 1 is correct:** Deforestation, urbanisation, mining and agricultural expansion destroy or fragment natural habitats, threatening the survival of species.

Q84. Answer: (d)
Explanation
चारों कथन सही हैं।

- कथन 1 सही है: पारिस्थितिकी तंत्र में जैविक घटकों के अंतर्गत उत्पादक, उपभोक्ता और अपघटक आते हैं, जबकि अजैविक घटकों में जल, वायु, मिट्टी, तापमान और प्रकाश शामिल होते हैं।
- कथन 2 सही है: ऊर्जा सूर्य से उत्पादकों और फिर विभिन्न उपभोक्ता स्तरों तक पहुँचती है। ऊर्जा का प्रवाह एकदिशीय होता है और प्रत्येक पोषण स्तर पर उसका कुछ भाग ऊष्मा के रूप में नष्ट हो जाता है।
- कथन 3 सही है: कार्बन, नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और जल जैसे पदार्थ जैविक तथा अजैविक घटकों के बीच चक्रित होते रहते हैं।
- कथन 4 सही है: जीवाणु और कवक जैसे अपघटक मृत जीवों तथा जैविक अपशिष्टों का विघटन करके पोषक तत्त्वों को पर्यावरण में वापस पहुँचाते हैं।

Q85. Answer: (c)
Explanation
विकल्प (c) गलत है।
खाद्य श्रृंखला में ऊर्जा का पुनर्चक्रण नहीं होता, बल्कि ऊर्जा का प्रवाह एकदिशीय होता है। सूर्य से प्राप्त ऊर्जा उत्पादकों के माध्यम से उपभोक्ताओं तक पहुँचती है और प्रत्येक पोषण स्तर पर ऊर्जा का एक भाग ऊष्मा के रूप में नष्ट हो जाता है।

- विकल्प (a) सही है: खाद्य श्रृंखला में ऊर्जा एक पोषण स्तर से दूसरे पोषण स्तर तक स्थानांतरित होती है।
- विकल्प (b) सही है: हरे पौधे प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से भोजन बनाते हैं और सामान्यतः प्रथम पोषण स्तर पर होते हैं।
- विकल्प (d) सही है: प्राथमिक उपभोक्ता सीधे उत्पादकों पर निर्भर होते हैं, इसलिए वे सामान्यतः शाकाहारी होते हैं।

Q86. Answer: (a)
Explanation
सही मिलान A-2, B-3 और C-1 है।

- आनुवंशिक विविधता: एक ही प्रजाति के विभिन्न जीवों में जीन तथा आनुवंशिक लक्षणों की भिन्नता को दर्शाती है। उदाहरण के लिए, चावल की विभिन्न किस्में।
- प्रजातीय विविधता: किसी क्षेत्र में पाई जाने वाली विभिन्न प्रजातियों की विविधता को दर्शाती है।
- पारिस्थितिकी तंत्र विविधता: किसी क्षेत्र में वन, घासभूमि, मरुस्थल, आर्द्रभूमि और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्रों जैसी विभिन्न पारिस्थितिक इकाइयों की विविधता को दर्शाती है।

Q87. Answer: (b)
Explanation
केवल कथन 1, 2 और 3 सही हैं।

- कथन 1 सही है: वनों की कटाई, शहरीकरण, खनन और कृषि विस्तार के कारण प्राकृतिक आवास नष्ट या खंडित होते हैं, जिससे प्रजातियों के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न होता है।

- **Statement 2 is correct:** Invasive alien species may compete with native species for food and habitat and may sometimes displace them.
- **Statement 3 is correct:** Hunting, illegal trade, overfishing and the uncontrolled exploitation of natural resources can reduce biodiversity.
- **Statement 4 is incorrect:** Climate change alters temperature, rainfall, sea levels and habitats. These changes can affect the distribution, reproduction and survival of species.

Q88. Answer: (b)
Explanation
Only statements 1, 2 and 3 are correct.

- Statement 1 is correct: The pyramid of energy is always upright because some of the available energy is lost as heat at each trophic level.
- Statement 2 is correct: In a tree ecosystem, many herbivores may depend on a single tree. Therefore, the pyramid of numbers may appear inverted.
- Statement 3 is correct: In aquatic ecosystems, the standing biomass of phytoplankton may be lower than that of zooplankton, resulting in an inverted pyramid of biomass.
- Statement 4 is incorrect: Energy decreases, rather than increases, at successively higher trophic levels.

Q89. Answer: (b)
Explanation

- **Option (b) is correct.** Phytoplankton are microscopic photosynthetic organisms that act as primary producers in oceans, lakes and other aquatic ecosystems.
- They prepare food with the help of sunlight and nutrients available in water.
- Primary consumers such as zooplankton depend on them in aquatic food chains.
- They play an important role in the global carbon cycle and marine food webs.

Q90. Answer: (a)
Explanation

- **The correct matching is A-2, B-1, C-3 and D-4.**
- Ramsar Convention: Adopted in 1971 in the city of Ramsar, Iran. Its objective is the conservation and wise use of wetlands of international importance.
- Montreal Protocol: Adopted in 1987. It aims to control the production and consumption of substances that deplete the ozone layer.
- CITES: Adopted in 1973. It regulates international trade in endangered wild animals and plants.
- Convention on Biological Diversity (CBD): Opened for signature at the 1992 Rio Earth Summit. Its three main objectives are the conservation of biological diversity, the sustainable use of its components, and the fair and equitable sharing of benefits arising from genetic resources.

- कथन 2 सही है: विदेशी आक्रामक प्रजातियाँ स्थानीय प्रजातियों के साथ भोजन और आवास के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकती हैं तथा कई बार उन्हें विस्थापित कर देती हैं।
- कथन 3 सही है: शिकार, अवैध व्यापार, अत्यधिक मत्स्यन और प्राकृतिक संसाधनों के अनियंत्रित दोहन से जैव विविधता घट सकती है।
- कथन 4 गलत है: जलवायु परिवर्तन तापमान, वर्षा, समुद्र के स्तर और आवासों में बदलाव लाता है। इससे प्रजातियों के वितरण, प्रजनन और अस्तित्व पर प्रभाव पड़ सकता है।

Q88. Answer: (b)
Explanation
केवल कथन 1, 2 और 3 सही हैं।

- कथन 1 सही है: ऊर्जा का पिरामिड सदैव सीधा होता है क्योंकि प्रत्येक पोषण स्तर पर उपलब्ध ऊर्जा का कुछ भाग ऊष्मा के रूप में नष्ट हो जाता है।
- कथन 2 सही है: वृक्ष पारिस्थितिकी तंत्र में एक वृक्ष पर अनेक शाकाहारी जीव निर्भर हो सकते हैं। इसलिए संख्या का पिरामिड उल्टा दिखाई दे सकता है।
- कथन 3 सही है: जलीय पारिस्थितिकी तंत्र में फाइटोप्लैंकटन का तत्काल जैवभार जूप्लैंकटन से कम हो सकता है, इसलिए जैवभार का पिरामिड उल्टा हो सकता है।
- कथन 4 गलत है: ऊर्जा का पिरामिड ऊपर की ओर जाने पर ऊर्जा घटती जाती है, बढ़ती नहीं।

Q89. Answer: (b)
Explanation
विकल्प (b) सही है।
फाइटोप्लैंकटन सूक्ष्म प्रकाश-संश्लेषी जीव होते हैं जो समुद्र, झीलों और अन्य जलीय पारिस्थितिकी तंत्रों में प्राथमिक उत्पादक के रूप में कार्य करते हैं।

- ये सूर्य के प्रकाश और जल में उपलब्ध पोषक तत्त्वों की सहायता से भोजन बनाते हैं।
- जलीय खाद्य श्रृंखला में जूप्लैंकटन जैसे प्राथमिक उपभोक्ता इन पर निर्भर रहते हैं।
- वैश्विक कार्बन चक्र और समुद्री खाद्य जाल में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

Q90. Answer: (a)
Explanation
सही मिलान A-2, B-1, C-3 और D-4 है।

- रामसर अभिसमय: 1971 में ईरान के रामसर शहर में अपनाया गया। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमियों का संरक्षण और विवेकपूर्ण उपयोग है।
- मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल: 1987 में अपनाया गया। इसका उद्देश्य ओजोन परत को क्षति पहुँचाने वाले पदार्थों के उत्पादन और उपभोग को नियंत्रित करना है।
- CITES: 1973 में अपनाया गया। यह संकटग्रस्त वन्य जीवों और वनस्पतियों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार को नियंत्रित करता है।
- CBD: 1992 में रियो पृथ्वी सम्मेलन में हस्ताक्षर के लिए खोला गया। इसके तीन प्रमुख उद्देश्य जैव विविधता का संरक्षण, उसके घटकों का सतत उपयोग तथा आनुवंशिक संसाधनों से प्राप्त लाभों का उचित और न्यायसंगत बँटवारा हैं।

Q91. Answer: (d)
Explanation
All four statements are correct.

- **Statement 1 is correct:** The burning of fossil fuels, industrial activities and changes in land use increase carbon dioxide emissions.
- **Statement 2 is correct:** For the same mass and over a specified time horizon, methane has a higher global warming potential than carbon dioxide. However, its atmospheric lifetime is shorter than that of carbon dioxide.
- **Statement 3 is correct:** Deforestation can release carbon stored in trees and reduce the natural capacity to absorb carbon dioxide.
- **Statement 4 is correct:** The natural greenhouse effect keeps the Earth relatively warm. The increasing concentration of greenhouse gases due to human activities intensifies this effect.

Q92. Answer: (d)
Explanation
Option (d) is incorrect. The Wildlife (Protection) Act, 1972 aims to protect wild animals, birds and plants and provides for protected areas. Its main objective is not to control industrial air pollution.

- Option (a) is correct: The Water Act, 1974 deals with the prevention and control of water pollution and the maintenance of water quality.
- Option (b) is correct: The Air Act, 1981 was enacted for the prevention, control and abatement of air pollution.
- Option (c) is correct: The Environment (Protection) Act, 1986 gives the Central Government broad powers for the protection of the environment.

Q93. Answer: (a)
Explanation
Both the Assertion and the Reason are correct, and the Reason correctly explains the Assertion.

- The Assertion is correct: In biomagnification, the concentration of a persistent pollutant may increase at higher trophic levels of a food chain.
- The Reason is correct: Certain pollutants, such as DDT and methylmercury, can accumulate in the bodies of organisms and are not easily eliminated.
- Explanation: When organisms at higher trophic levels consume many organisms from lower trophic levels, the concentration of such pollutants in their bodies may increase. This process is known as biomagnification.

Q94. Answer: (d)
Explanation
All four statements are correct.

- Statement 1 is correct: PM2.5 includes fine particles with an aerodynamic diameter of 2.5 micrometres or less. These particles can penetrate deep into the respiratory system.

Q91. Answer: (d)
Explanation
चारों कथन सही हैं।

- कथन 1 सही है: जीवाश्म ईंधनों के दहन, औद्योगिक गतिविधियों और भूमि उपयोग में परिवर्तन से कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन बढ़ता है।
- कथन 2 सही है: समान द्रव्यमान और निर्धारित समयावधि के आधार पर मीथेन की वैश्विक तापन क्षमता कार्बन डाइऑक्साइड से अधिक होती है। हालांकि, वायुमंडल में इसका जीवनकाल कार्बन डाइऑक्साइड से कम है।
- कथन 3 सही है: वनों की कटाई से पेड़ों में संचित कार्बन मुक्त हो सकता है और कार्बन अवशोषण की प्राकृतिक क्षमता भी घट सकती है।
- कथन 4 सही है: प्राकृतिक ग्रीनहाउस प्रभाव पृथ्वी को अपेक्षाकृत गर्म रखता है। मानव गतिविधियों से ग्रीनहाउस गैसों की बढ़ती सांद्रता इस प्रभाव को तीव्र करती है।

Q92. Answer: (d)
Explanation
विकल्प (d) गलत है।
वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 का उद्देश्य वन्य जीवों, पक्षियों और पौधों का संरक्षण तथा संरक्षित क्षेत्रों की व्यवस्था करना है। इसका मुख्य उद्देश्य औद्योगिक वायु प्रदूषण को नियंत्रित करना नहीं है।

- विकल्प (a) सही है: जल अधिनियम, 1974 जल प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण तथा जल की गुणवत्ता बनाए रखने से संबंधित है।
- विकल्प (b) सही है: वायु अधिनियम, 1981 वायु प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण और निवारण के लिए बनाया गया था।
- विकल्प (c) सही है: पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 केंद्र सरकार को पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यापक शक्तियाँ प्रदान करता है।

Q93. Answer: (a)
Explanation
अभिकथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, अभिकथन की सही व्याख्या करता है।

- अभिकथन सही है: जैव आवर्धन में किसी स्थायी प्रदूषक की सांद्रता खाद्य श्रृंखला के उच्च पोषण स्तरों पर बढ़ सकती है।
- कारण सही है: DDT और मिथाइल मरकरी जैसे कुछ प्रदूषक जीवों के शरीर में जमा हो सकते हैं और आसानी से बाहर नहीं निकलते।
- व्याख्या: जब उच्च पोषण स्तर के जीव अनेक निम्न पोषण स्तर के जीवों को खाते हैं, तो उनके शरीर में ऐसे प्रदूषकों की सांद्रता बढ़ सकती है। यह प्रक्रिया जैव आवर्धन कहलाती है।

Q94. Answer: (d)
Explanation
चारों कथन सही हैं।

- कथन 1 सही है: PM2.5 में वे सूक्ष्म कण शामिल होते हैं जिनका वायुगतिकीय व्यास 2.5 माइक्रोमीटर या उससे कम होता है। ये श्वसन तंत्र में गहराई तक प्रवेश कर सकते हैं।

- Statement 2 is correct: Carbon monoxide combines with haemoglobin to form carboxyhaemoglobin, thereby reducing the oxygen-carrying capacity of blood.
- Statement 3 is correct: Ground-level ozone is formed through chemical reactions involving nitrogen oxides and volatile organic compounds in the presence of sunlight. Therefore, it is a secondary pollutant.
- Statement 4 is correct: Sulphur dioxide and nitrogen oxides react in the atmosphere to form acidic compounds, which contribute to acid rain.

Q95. Answer: (b)
Explanation
Only statements 1, 2 and 4 are correct.
- Statement 1 is correct: National parks and wildlife sanctuaries are declared under the Wildlife (Protection) Act, 1972.
- Statement 2 is correct: The objective of a biosphere reserve is to promote biodiversity conservation, sustainable development and research together. It generally includes the concepts of core, buffer and transition zones.
- Statement 3 is incorrect: Every biosphere reserve is not a national park. A biosphere reserve may cover a much larger area, including protected areas, human settlements and other land-use zones.
- Statement 4 is correct: Wildlife corridors connect separate habitats and help animals move for food, breeding and seasonal migration.

Q96. Answer: (a)
Explanation
The correct matching is A-3, B-1, C-2 and D-4.
- Dudhwa National Park—Uttar Pradesh: Located in the Terai region, it is known for tigers, swamp deer and other wildlife.
- Kaziranga National Park—Assam: It is famous for the conservation of the one-horned Indian rhinoceros.
- Keoladeo Ghana National Park—Rajasthan: Located in Bharatpur, it is an important wetland known for its birdlife.
- Gir National Park—Gujarat: It is famous as the natural habitat of Asiatic lions.

Q97. Answer: (b)
Explanation
Option (b) is correct. The ozone layer is located mainly in the stratosphere and absorbs a large part of the harmful ultraviolet radiation coming from the Sun, particularly UV-B.
- Option (a) is incorrect: The major concentration of the ozone layer is found in the stratosphere.

- कथन 2 सही है: कार्बन मोनोऑक्साइड हीमोग्लोबिन से जुड़कर कार्बोक्सीहीमोग्लोबिन बनाती है, जिससे रक्त की ऑक्सीजन वहन करने की क्षमता घटती है।
- कथन 3 सही है: धरातलीय ओजोन नाइट्रोजन ऑक्साइड और वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों की सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं से बनती है। इसलिए यह द्वितीयक प्रदूषक है।
- कथन 4 सही है: सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड वायुमंडल में अभिक्रिया करके अम्लीय यौगिक बनाते हैं, जो अम्लीय वर्षा में योगदान देते हैं।

Q95. Answer: (b)
Explanation
केवल कथन 1, 2 और 4 सही हैं।
- कथन 1 सही है: वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अंतर्गत राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य घोषित किए जाते हैं।
- कथन 2 सही है: बायोस्फीयर रिजर्व का उद्देश्य जैव विविधता संरक्षण, सतत विकास और अनुसंधान को एक साथ बढ़ावा देना है। इसमें सामान्यतः कोर, बफर और संक्रमण क्षेत्र की अवधारणा होती है।
- कथन 3 गलत है: प्रत्येक बायोस्फीयर रिजर्व राष्ट्रीय उद्यान नहीं होता। बायोस्फीयर रिजर्व एक व्यापक क्षेत्र हो सकता है, जिसमें संरक्षित क्षेत्रों के साथ मानव बस्तियाँ और अन्य उपयोग क्षेत्र भी शामिल हो सकते हैं।
- कथन 4 सही है: वन्यजीव गलियारे अलग-अलग आवासों को जोड़ते हैं और जीवों को भोजन, प्रजनन तथा मौसमी प्रवास के लिए आवाजाही में सहायता देते हैं।

Q96. Answer: (a)
Explanation
सही मिलान A-3, B-1, C-2 और D-4 है।
- दुधवा राष्ट्रीय उद्यान—उत्तर प्रदेश: यह तराई क्षेत्र में स्थित है और बाघ, बारहसिंगा तथा अन्य वन्यजीवों के लिए प्रसिद्ध है।
- काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान—असम: यह एक सींग वाले भारतीय गैंडे के संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है।
- केवलादेव घना राष्ट्रीय उद्यान—राजस्थान: यह भरतपुर में स्थित है और पक्षियों के लिए महत्वपूर्ण आर्द्रभूमि है।
- गिर राष्ट्रीय उद्यान—गुजरात: यह एशियाई सिंहों के प्राकृतिक आवास के रूप में प्रसिद्ध है।

Q97. Answer: (b)
Explanation
विकल्प (b) सही है।
ओजोन परत मुख्यतः समतापमंडल में स्थित होती है और सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणों, विशेषकर UV-B के बड़े भाग को अवशोषित करती है।
- विकल्प (a) गलत है: ओजोन परत का प्रमुख संकेंद्रण समतापमंडल में पाया जाता है।
- विकल्प (b) सही है: यह पृथ्वी पर जीवन को हानिकारक UV विकिरण से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

- Option (b) is correct: It plays an important role in protecting life on Earth from harmful UV radiation.
- Option (c) is incorrect: Chlorofluorocarbons (CFCs) and certain other ozone-depleting substances contribute to the destruction of stratospheric ozone.
- Option (d) is incorrect: Ozone layer depletion can increase the risk of adverse effects such as skin cancer, cataracts and damage to ecosystems.

Q98. Answer: (b)
Explanation
Only statements 1, 2 and 4 are correct.
- Statement 1 is correct: The Ramsar Convention aims to promote the conservation and wise use of wetlands.
- Statement 2 is correct: In India, the Wetlands (Conservation and Management) Rules, 2017 were notified under the Environment (Protection) Act, 1986.
- Statement 3 is incorrect: Wetlands can be both natural and human-made. Ponds, reservoirs and certain artificial water bodies may also be examples of wetlands.
- Statement 4 is correct: Wetlands help retain water, reduce the impact of floods, filter pollutants and provide habitats for many aquatic species and birds.

Q99. Answer: (b)
Explanation
Option (b) is correct. Water hyacinth (Eichhornia crassipes) is an aquatic plant species native to South America. In India, it has spread across many water bodies as an invasive alien species.
- It can spread rapidly over the water surface and form a dense cover.
- This can reduce the penetration of sunlight into the water.
- It can affect the level of dissolved oxygen in water.
- It can adversely affect local aquatic biodiversity and the use of water bodies.

Q100. Answer: (a)
Explanation
Both the Assertion and the Reason are correct, and the Reason correctly explains the Assertion.
- The Assertion is correct: Mangrove forests can act as a natural protective barrier for coastal ecosystems and help reduce the impacts of storm waves and coastal erosion.
- The Reason is correct: Mangrove roots bind sediment and help reduce the speed of water flow.
- Explanation: The complex root systems and vegetation structure of mangroves play an important role in protecting coastal areas. However, their protective capacity depends on the width and density of the forest, the species present and the intensity of the storm.

- विकल्प (c) गलत है: क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFCs) और कुछ अन्य ओजोन-क्षयकारी पदार्थ समतापमंडल में ओजोन के विनाश में योगदान करते हैं।
- विकल्प (d) गलत है: ओजोन परत का क्षय त्वचा कैंसर, मोतियाबिंद और पारिस्थितिक तंत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव के जोखिम को बढ़ा सकता है।

Q98. Answer: (b)
Explanation
केवल कथन 1, 2 और 4 सही हैं।
- कथन 1 सही है: रामसर अभिसमय का उद्देश्य आर्द्रभूमियों का संरक्षण तथा उनके विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देना है।
- कथन 2 सही है: भारत में आर्द्रभूमि (संरक्षण एवं प्रबंधन) नियम, 2017 को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत अधिसूचित किया गया।
- कथन 3 गलत है: आर्द्रभूमियाँ प्राकृतिक भी हो सकती हैं और मानव निर्मित भी। तालाब, जलाशय और कुछ कृत्रिम जल निकाय भी आर्द्रभूमि के उदाहरण हो सकते हैं।
- कथन 4 सही है: आर्द्रभूमियाँ जल को रोकने, बाढ़ के प्रभाव को कम करने, प्रदूषकों को छानने और अनेक जलीय तथा पक्षी प्रजातियों को आवास उपलब्ध कराने में सहायक होती हैं।

Q99. Answer: (b)
Explanation
विकल्प (b) सही है।
जलकुंभी (Water Hyacinth—Eichhornia crassipes) दक्षिण अमेरिका मूल की एक जलीय पौधा प्रजाति है। भारत में यह एक आक्रामक विदेशी प्रजाति के रूप में अनेक जल निकायों में फैल चुकी है।
- यह जल की सतह पर तेजी से फैलकर घना आवरण बना सकती है।
- इससे जल में प्रकाश का प्रवेश कम हो सकता है।
- जल में घुलित ऑक्सीजन की मात्रा प्रभावित हो सकती है।
- यह स्थानीय जलीय जैव विविधता और जल निकायों के उपयोग पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है।

Q100. Answer: (a)
Explanation
अभिकथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, अभिकथन की सही व्याख्या करता है।
- अभिकथन सही है: मैंग्रोव वन तटीय पारिस्थितिकी तंत्र के प्राकृतिक सुरक्षा कवच के रूप में कार्य कर सकते हैं और तूफानी लहरों तथा तटीय कटाव के प्रभाव को कम करने में सहायक होते हैं।
- कारण सही है: मैंग्रोव की जड़ें तलछट को बाँधती हैं और जल प्रवाह की गति को कम करने में मदद करती हैं।
- व्याख्या: मैंग्रोव की जटिल जड़ प्रणाली और वनस्पति संरचना तटीय क्षेत्र की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हालांकि, उनकी सुरक्षा क्षमता वन की चौड़ाई, घनत्व, प्रजातियों और तूफान की तीव्रता पर निर्भर करती है।

Q101. Answer: (b)
Explanation:
Only statements 1, 2 and 3 are correct.

- **Statement 1 is correct:** Article 48A is included among the Directive Principles of State Policy. It directs the State to endeavour to protect and improve the environment and to safeguard forests and wildlife.
- **Statement 2 is correct:** Article 51A(g) lays down the Fundamental Duty of every citizen to protect and improve the natural environment, including forests, lakes, rivers and wildlife.
- **Statement 3 is correct:** The Supreme Court, through its interpretation of Article 21, has linked the right to a clean and healthy environment with the right to life.
- **Statement 4 is incorrect:** Environmental protection is not solely the responsibility of the State. The Constitution also places a Fundamental Duty on citizens to protect the environment.

Q102. Answer: (b)
Explanation:
Only statements 1, 2 and 4 are correct.

- **Statement 1 is correct:** Dudhwa National Park is located in the Terai region of Lakhimpur Kheri district in Uttar Pradesh.
- **Statement 2 is correct:** The Dudhwa landscape is particularly important for the conservation of tigers and swamp deer, also known as barasingha.
- **Statement 3 is incorrect:** Dudhwa is not a dry alpine region of the Himalayas. It is a moist and relatively flat ecological region of the Terai.
- **Statement 4 is correct:** The Dudhwa region contains grasslands, marshes, wetlands and forest ecosystems that provide habitats for a variety of wildlife.

Q103. Answer: (b)
Explanation:
Option (b) is correct.
A carbon sink is a natural or artificial reservoir that absorbs more carbon over a given period than it releases.
Major examples of natural carbon sinks include:

- Forests: Trees absorb atmospheric carbon dioxide through photosynthesis and store carbon in biomass and soil.
- Oceans: Oceans absorb carbon dioxide from the atmosphere.
- Soil: Large quantities of carbon can be stored in soil in the form of organic matter.

Carbon sinks play an important role in mitigating climate change.

Q101. Answer: (b)
Explanation:
केवल कथन 1, 2 और 3 सही हैं।

- कथन 1 सही है: अनुच्छेद 48A राज्य के नीति-निदेशक तत्त्वों में शामिल है। इसके अनुसार राज्य पर्यावरण की रक्षा और सुधार तथा वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा का प्रयास करेगा।
- कथन 2 सही है: अनुच्छेद 51A(g) प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य निर्धारित करता है कि वह प्राकृतिक पर्यावरण, जिसमें वन, झीलें, नदियाँ और वन्यजीव शामिल हैं, की रक्षा एवं सुधार करे।
- कथन 3 सही है: सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 21 की व्याख्या में स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण को जीवन के अधिकार से जोड़ा है।
- कथन 4 गलत है: पर्यावरण संरक्षण केवल राज्य का दायित्व नहीं है। संविधान नागरिकों पर भी पर्यावरण की रक्षा का मौलिक कर्तव्य डालता है।

Q102. Answer: (b)
Explanation:
केवल कथन 1, 2 और 4 सही हैं।

- कथन 1 सही है: दुधवा राष्ट्रीय उद्यान उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में तराई क्षेत्र में स्थित है।
- कथन 2 सही है: दुधवा परिदृश्य बाघ और दलदली हिरण अर्थात बारहसिंगा के संरक्षण के लिए विशेष महत्व रखता है।
- कथन 3 गलत है: दुधवा हिमालय का शुष्क अल्पाइन क्षेत्र नहीं है। यह तराई का नम और अपेक्षाकृत समतल पारिस्थितिक क्षेत्र है।
- कथन 4 सही है: दुधवा क्षेत्र में घासभूमि, दलदली क्षेत्र, आर्द्रभूमि और वन पारिस्थितिकी तंत्र पाए जाते हैं, जो विभिन्न वन्यजीवों को आवास प्रदान करते हैं।

Q103. Answer: (b)
Explanation:
विकल्प (b) सही है।
कार्बन सिंक ऐसा प्राकृतिक या कृत्रिम भंडार है जो किसी निश्चित अवधि में जितना कार्बन छोड़ता है, उससे अधिक कार्बन अवशोषित करता है।
प्रमुख प्राकृतिक कार्बन सिंक के उदाहरण हैं:

- वन: पेड़ प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करते हैं और कार्बन को जैवभार तथा मिट्टी में संचित करते हैं।
- महासागर: महासागर वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करते हैं।
- मिट्टी: मिट्टी में जैविक पदार्थों के रूप में बड़ी मात्रा में कार्बन संचित हो सकता है।

कार्बन सिंक जलवायु परिवर्तन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

Q104. Answer: (b)
Explanation:

Aditya-L1 is India's first space-based solar observatory mission. It has been placed in a halo orbit around the L1 Lagrange point of the Sun–Earth system, which is approximately 1.5 million kilometres from Earth.

- **Statement 1 is correct.**
- **Statement 2 is correct.**
- **Statement 3 is correct.**
- **Statement 4 is incorrect**: Aditya-L1 is not designed to land on or travel close to the Sun. It is intended to study the Sun's outer atmosphere and solar activities.

Q105. Answer: (d)
Explanation:

The full form of PSLV is Polar Satellite Launch Vehicle. It is used to place Earth-observation, scientific and other types of satellites into different orbits.

- **Option (a) is correct:** PSLV is well known for launching satellites into polar and sun-synchronous orbits.
- **Option (b) is correct:** GSLV uses a cryogenic upper stage.
- **Option (c) is correct:** SSLV has been developed for launching small satellites.
- **Option (d) is incorrect:** PSLV is not used exclusively for communication satellites or only for geostationary orbits.

Q106. Answer: (b)
Explanation:

LiDAR, RADAR, GPS and RFID operate on different technological principles.

- A-2: LiDAR (Light Detection and Ranging) uses laser light to measure distances and the structure of surfaces.
- B-1: RADAR (Radio Detection and Ranging) determines the position and distance of objects on the basis of the reflection of radio waves.
- C-3: GPS provides information related to position, speed and time with the help of satellites.
- D-4: RFID (Radio Frequency Identification) identifies a tag or object through radio frequency.

Therefore, the correct matching is A-2, B-1, C-3 and D-4.

Q104. Answer: (b)
Explanation:

आदित्य-L1 भारत का पहला अंतरिक्ष-आधारित सौर वेधशाला मिशन है। इसे सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के L1 लैग्रेंज बिंदु के चारों ओर हेलो कक्षा में स्थापित किया गया है। यह बिंदु पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है।

- कथन 1 सही है।
- कथन 2 सही है।
- कथन 3 सही है।
- कथन 4 गलत है। आदित्य-L1 सूर्य पर उतरने या उसके निकट जाने के लिए नहीं, बल्कि सूर्य के बाहरी वायुमंडल तथा सौर गतिविधियों के अध्ययन के लिए बनाया गया है।

Q105. Answer: (d)
Explanation:

PSLV का पूरा नाम Polar Satellite Launch Vehicle है। इसका उपयोग पृथ्वी अवलोकन, वैज्ञानिक तथा अन्य प्रकार के उपग्रहों को विभिन्न कक्षाओं में स्थापित करने के लिए किया जाता है।

- विकल्प (a) सही है। PSLV ध्रुवीय एवं सूर्य-तुल्यकालिक कक्षाओं में उपग्रह प्रक्षेपित करने के लिए प्रसिद्ध है।
- विकल्प (b) सही है। GSLV में क्रायोजेनिक ऊपरी चरण का उपयोग किया जाता है।
- विकल्प (c) सही है। SSLV छोटे उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए विकसित किया गया है।
- विकल्प (d) गलत है। PSLV का उपयोग केवल संचार उपग्रहों या केवल भूस्थिर कक्षा के लिए नहीं होता।

Q106. Answer: (b)
Explanation:

LiDAR, RADAR, GPS और RFID अलग-अलग तकनीकी सिद्धांतों पर कार्य करते हैं।

- A-2: LiDAR (Light Detection and Ranging) लेजर प्रकाश का उपयोग करके दूरी तथा सतह की संरचना मापता है।
- B-1: RADAR (Radio Detection and Ranging) रेडियो तरंगों के परावर्तन के आधार पर वस्तुओं की स्थिति और दूरी ज्ञात करता है।
- C-3: GPS उपग्रहों की सहायता से स्थिति, गति एवं समय संबंधी जानकारी प्रदान करता है।
- D-4: RFID (Radio Frequency Identification) रेडियो आवृत्ति के माध्यम से टैग या वस्तु की पहचान करता है।

अतः सही सुमेलन A-2, B-1, C-3, D-4 है।

Q107. Answer: (c)
Explanation:
CRISPR-Cas9 is a genome-editing technology that can be used to modify specific sequences of DNA.
- Statement 1 is correct: It is used in genome editing.
- Statement 2 is correct: Cas9 is a nuclease enzyme that can cut the target DNA.
- Statement 3 is correct: Guide RNA helps direct Cas9 to the target DNA sequence.
- Statement 4 is incorrect: This technology can be used not only in plants but also in microorganisms and animal cells.

Q108. Answer: (b)
Explanation:
mRNA vaccines use messenger RNA. It instructs cells to produce a specific antigen protein. As a result, the immune system recognises that protein and develops an immune response.
- Option (a) is incorrect: Introducing a live pathogen is not necessary for this process.
- Option (b) is correct: mRNA provides instructions to cells for making a protein.
- Option (c) is incorrect: mRNA generally does not enter the cell nucleus and does not permanently alter human DNA.
- Option (d) is incorrect: The mechanism of mRNA vaccines is not based on the use of inactivated toxins.

Q109. Answer: (a)
Explanation:
The Indian Space Research Organisation (ISRO) has undertaken several space missions for different scientific objectives.
- A-2: Chandrayaan-1 was related to the study and exploration of the Moon.
- B-3: Mangalyaan was India's Mars Orbiter Mission.
- C-1: Aditya-L1 is a mission dedicated to the study of the Sun.
- D-4: XPoSat aims to study the polarisation of X-rays emitted by astronomical sources.

Therefore, the correct matching is A-2, B-3, C-1 and D-4.

Q110. Answer: (d)
Explanation:
Quantum computing is an advanced method of computation based on the principles of quantum mechanics.
- Statement 1 is correct: In a conventional computer, the state of a bit is either 0 or 1.
- Statement 2 is correct: The basic unit of information in a quantum computer is the qubit.

Q107. Answer: (c)
Explanation:
CRISPR-Cas9 एक जीनोम एडिटिंग तकनीक है, जिसका उपयोग DNA के विशिष्ट अनुक्रमों में परिवर्तन करने के लिए किया जा सकता है।
- कथन 1 सही है। इसका उपयोग जीनोम एडिटिंग में किया जाता है।
- कथन 2 सही है। Cas9 एक न्यूक्लिएज एंजाइम है, जो लक्ष्य DNA को काट सकता है।
- कथन 3 सही है। गाइड RNA, Cas9 को लक्ष्य DNA अनुक्रम तक पहुँचाने में सहायता करता है।
- कथन 4 गलत है। इस तकनीक का उपयोग पौधों के साथ-साथ सूक्ष्मजीवों तथा पशु कोशिकाओं में भी किया जा सकता है।

Q108. Answer: (b)
Explanation:
mRNA वैक्सीन में मैसेंजर RNA का उपयोग किया जाता है। यह कोशिकाओं को किसी विशिष्ट एंटीजन प्रोटीन के निर्माण का निर्देश देता है। इसके परिणामस्वरूप प्रतिरक्षा तंत्र उस प्रोटीन को पहचानकर प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया विकसित करता है।
- विकल्प (a) गलत है। इसमें जीवित रोगजनक को प्रवेश कराना आवश्यक नहीं होता।
- विकल्प (b) सही है। mRNA कोशिकाओं को प्रोटीन निर्माण के निर्देश देता है।
- विकल्प (c) गलत है। mRNA सामान्यतः कोशिका के केंद्रक में प्रवेश नहीं करता और मानव DNA को स्थायी रूप से नहीं बदलता।
- विकल्प (d) गलत है। mRNA वैक्सीन की कार्यप्रणाली निष्क्रिय विष पर आधारित नहीं है।

Q109. Answer: (a)
Explanation:
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने विभिन्न वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए कई अंतरिक्ष मिशन संचालित किए हैं।
- A-2: चंद्रयान-1 चंद्रमा के अध्ययन एवं अन्वेषण से संबंधित था।
- B-3: मंगलयान भारत का मंगल कक्षीय मिशन था।
- C-1: आदित्य-L1 सूर्य के अध्ययन के लिए समर्पित मिशन है।
- D-4: XPoSat का उद्देश्य खगोलीय स्रोतों से आने वाले एक्स-रे के ध्रुवण का अध्ययन करना है।

अतः सही सुमेलन A-2, B-3, C-1, D-4 है।

Q110. Answer: (d)
Explanation:
क्वांटम कंप्यूटिंग, क्वांटम यांत्रिकी के सिद्धांतों पर आधारित कंप्यूटिंग की एक उन्नत पद्धति है।
- कथन 1 सही है। पारंपरिक कंप्यूटर में बिट की अवस्था 0 या 1 होती है।
- कथन 2 सही है। क्वांटम कंप्यूटर में सूचना की मूल इकाई क्यूबिट है।

- Statement 3 is correct: Due to superposition, a qubit can exist in a quantum combination of the states 0 and 1.
- Statement 4 is incorrect: Quantum computers are not faster than conventional computers for every type of computation. Their advantage may arise in certain specific problems.

Q111. Answer: (b)
Explanation:
Semiconductors are materials whose electrical conductivity lies between that of conductors and insulators. Their conductivity can be controlled through doping, temperature and other factors.
- Statement 1 is correct: Their conductivity lies between that of conductors and insulators.
- Statement 2 is correct: Silicon is widely used in the semiconductor industry.
- Statement 3 is correct: Transistors are used to control, amplify and switch electronic signals.
- Statement 4 is incorrect: Semiconductors are also used in computers, vehicles, medical equipment, communication systems and industrial machinery.

Q112. Answer: (b)
Explanation:
Green hydrogen is generally produced through the electrolysis of water using electricity generated from renewable energy. In this process, hydrogen and oxygen are separated from water.
- Option (a) is incorrect: Hydrogen produced from coal is generally not classified as green hydrogen.
- Option (b) is correct: Renewable-energy-based electrolysis is a major method of producing green hydrogen.
- Option (c) is incorrect: Electrolysis requires energy.
- Option (d) is incorrect: Hydrogen is a fuel, not another name for petroleum.

India's National Green Hydrogen Mission was launched in January 2023.

Q113. Answer: (c)
Explanation:
Nuclear energy can be obtained mainly through processes such as nuclear fission and nuclear fusion.
- Statement 1 is correct: In fission, a heavy nucleus splits into smaller nuclei and releases energy.
- Statement 2 is correct: In fusion, light nuclei combine to form a relatively heavier nucleus.
- Statement 3 is correct: Present-day commercial nuclear power plants are primarily based on fission.
- Statement 4 is incorrect: The splitting of a heavy nucleus is fission, not fusion. Energy can be released in fusion when light nuclei combine.

- कथन 3 सही है। सुपरपोजिशन के कारण क्यूबिट 0 और 1 की अवस्थाओं के क्वांटम संयोजन में हो सकता है।
- कथन 4 गलत है। क्वांटम कंप्यूटर सभी प्रकार की गणनाओं में पारंपरिक कंप्यूटर से तेज नहीं होते। उनका लाभ कुछ विशिष्ट समस्याओं में हो सकता है।

Q111. Answer: (b)
Explanation:
सेमीकंडक्टर ऐसे पदार्थ होते हैं जिनकी विद्युत चालकता चालक और कुचालक के बीच होती है। इनकी चालकता को डोपिंग, तापमान तथा अन्य कारकों के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है।
- कथन 1 सही है। इनकी चालकता चालक और कुचालक के बीच होती है।
- कथन 2 सही है। सिलिकॉन सेमीकंडक्टर उद्योग में व्यापक रूप से प्रयुक्त होता है।
- कथन 3 सही है। ट्रांजिस्टर का उपयोग इलेक्ट्रॉनिक संकेतों को नियंत्रित, प्रवर्धित और स्विच करने में होता है।
- कथन 4 गलत है। सेमीकंडक्टर का उपयोग कंप्यूटर, वाहन, चिकित्सा उपकरण, संचार प्रणाली तथा औद्योगिक मशीनों में भी होता है।

Q112. Answer: (b)
Explanation:
हरित हाइड्रोजन का उत्पादन सामान्यतः नवीकरणीय ऊर्जा से प्राप्त बिजली का उपयोग करके जल के विद्युत अपघटन (Electrolysis) द्वारा किया जाता है। इस प्रक्रिया में जल से हाइड्रोजन और ऑक्सीजन अलग किए जाते हैं।
- विकल्प (a) गलत है। कोयले से उत्पादित हाइड्रोजन सामान्यतः हरित हाइड्रोजन नहीं कहलाती।
- विकल्प (b) सही है। नवीकरणीय ऊर्जा आधारित विद्युत अपघटन हरित हाइड्रोजन उत्पादन की प्रमुख विधि है।
- विकल्प (c) गलत है। विद्युत अपघटन के लिए ऊर्जा आवश्यक है।
- विकल्प (d) गलत है। हाइड्रोजन एक ईंधन है, पेट्रोलियम का दूसरा नाम नहीं।

भारत का राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन जनवरी 2023 में प्रारंभ किया गया था।

Q113. Answer: (c)
Explanation:
परमाणु ऊर्जा मुख्यतः नाभिकीय विखंडन और नाभिकीय संलयन जैसी प्रक्रियाओं से प्राप्त की जा सकती है।
- कथन 1 सही है। विखंडन में भारी नाभिक छोटे नाभिकों में विभाजित होता है तथा ऊर्जा मुक्त होती है।
- कथन 2 सही है। संलयन में हल्के नाभिक मिलकर अपेक्षाकृत भारी नाभिक बनाते हैं।
- कथन 3 सही है। वर्तमान वाणिज्यिक परमाणु विद्युत संयंत्र मुख्यतः विखंडन पर आधारित हैं।
- कथन 4 गलत है। भारी नाभिक का टूटना विखंडन है, संलयन नहीं। संलयन में हल्के नाभिकों के मिलने से ऊर्जा मुक्त हो सकती है।

Q114. Answer: (d)
Explanation:
Blockchain is a distributed ledger technology in which information is stored in sequential blocks. Each block is linked to the previous block through cryptographic techniques.
- Option (a) is correct: Blockchain is a type of distributed digital ledger.
- Option (b) is correct: Data is stored in the form of blocks.
- Option (c) is correct: Cryptography helps maintain data integrity and security.
- Option (d) is incorrect: Blockchain can also be used in supply-chain management, digital identity, record management and several other fields.

Q115. Answer: (a)
Explanation:
Artificial Intelligence is a technology that enables computer systems to perform tasks such as learning, analysis, pattern recognition and decision-making.
- **Statement 1 is correct:** Machine learning is a subfield of AI.
- **Statement 2 is correct:** Deep learning uses multilayered artificial neural networks.
- **Statement 3 is correct:** In supervised learning, a model is trained on labelled data.
- **Statement 4 is incorrect:** AI is used in healthcare, agriculture, education, finance, transport, security and many other fields.

Q116. Answer: (b)
Explanation:
These technologies are being used in various fields of modern science and technology.
- A-2: 5G is the fifth generation of mobile communication technology.
- B-1: In the Internet of Things (IoT), various devices are interconnected through the internet.
- C-3: In 3D printing, a three-dimensional object is created by adding layers of material.
- D-4: A drone is an unmanned aerial vehicle that can be operated remotely or through an automated system.

Therefore, the correct matching is A-2, B-1, C-3 and D-4.

Q117. Answer: (d)
Explanation:
Nanotechnology involves controlling materials at an extremely small scale and utilising their properties.
- Statement 1 is correct: The size range of 1–100 nanometres is generally considered the nanoscale.

Q114. Answer: (d)
Explanation:
ब्लॉकचेन एक वितरित लेजर तकनीक है, जिसमें सूचनाओं को क्रमबद्ध ब्लॉकों में संग्रहीत किया जाता है। प्रत्येक ब्लॉक क्रिप्टोग्राफिक तकनीकों के माध्यम से पिछले ब्लॉक से जुड़ा होता है।
- विकल्प (a) सही है। ब्लॉकचेन वितरित डिजिटल लेजर का एक प्रकार है।
- विकल्प (b) सही है। इसमें डेटा ब्लॉकों के रूप में संग्रहीत किया जाता है।
- विकल्प (c) सही है। क्रिप्टोग्राफी डेटा की अखंडता एवं सुरक्षा में सहायता करती है।
- विकल्प (d) गलत है। ब्लॉकचेन का उपयोग आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, डिजिटल पहचान, रिकॉर्ड प्रबंधन और अन्य क्षेत्रों में भी किया जा सकता है।

Q115. Answer: (a)
Explanation:
कृत्रिम बुद्धिमत्ता ऐसी तकनीक है जिसके माध्यम से कंप्यूटर प्रणालियाँ सीखने, विश्लेषण करने, पैटर्न पहचानने और निर्णय लेने जैसे कार्य कर सकती हैं।
- कथन 1 सही है। मशीन लर्निंग AI का उपक्षेत्र है।
- कथन 2 सही है। डीप लर्निंग में बहुस्तरीय कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क का उपयोग किया जाता है।
- कथन 3 सही है। सुपरवाइज्ड लर्निंग में लेबलयुक्त डेटा के आधार पर मॉडल को प्रशिक्षित किया जाता है।
- कथन 4 गलत है। AI का उपयोग स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, वित्त, परिवहन, सुरक्षा और अनेक अन्य क्षेत्रों में होता है।

Q116. Answer: (b)
Explanation:
आधुनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में इन तकनीकों का विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग किया जा रहा है।
- A-2: 5G पाँचवीं पीढ़ी की मोबाइल संचार तकनीक है।
- B-1: IoT (Internet of Things) में विभिन्न उपकरण इंटरनेट के माध्यम से आपस में जुड़े होते हैं।
- C-3: 3D प्रिंटिंग में सामग्री की परतों को जोड़कर त्रि-आयामी वस्तु बनाई जाती है।
- D-4: ड्रोन बिना पायलट वाला हवाई वाहन है, जिसे दूर से या स्वचालित प्रणाली द्वारा संचालित किया जा सकता है।

अतः सही सुमेलन A-2, B-1, C-3, D-4 है।

Q117. Answer: (d)
Explanation:
नैनो प्रौद्योगिकी पदार्थों को अत्यंत छोटे स्तर पर नियंत्रित करने एवं उनके गुणों का उपयोग करने से संबंधित है।
- कथन 1 सही है। सामान्यतः 1–100 नैनोमीटर के आकार-क्षेत्र को नैनो-स्केल माना जाता है।

- Statement 2 is correct: One nanometre is equal to 10^{-9} metres.
- Statement 3 is correct: The properties of materials can change at the nanoscale due to surface-area effects and quantum effects.
- Statement 4 is correct: Nanotechnology is being used in drug delivery, sensors, electronic devices, batteries and energy technologies.

Q118. Answer: (a)
Explanation:

NavIC (Navigation with Indian Constellation) is India's indigenous regional satellite navigation system.

- **Assertion (A) is correct:** NavIC is India's regional satellite-based navigation system.
- **Reason (R) is correct:** It provides positioning, navigation and timing (PNT) services across India and up to approximately 1,500 kilometres beyond its borders.
- Reason (R) correctly explains Assertion (A), because its regional service area is what makes it a regional navigation system.

Q119. Answer: (b)
Explanation:

The physical structure of Uttar Pradesh can broadly be divided into the northern Terai, the central Gangetic Plain and the southern plateau region.

- Statement 1 is correct: The Terai region is found in the northern part of the state, near the Nepal border.
- Statement 2 is correct: The fertile Gangetic Plain extends across the central part of the state.
- Statement 3 is correct: Vindhyan and plateau landforms are found in Bundelkhand and some parts of southern Uttar Pradesh.
- Statement 4 is incorrect: The major physical features of southern Uttar Pradesh are the Vindhyan highlands and plateau region, not the Himalayan mountain ranges.

Q120. Answer: (a)
Explanation:

The river system of Uttar Pradesh includes the Ganga, the Yamuna and several of their important tributaries.

- A-1: The Gomti is a tributary of the Ganga. It originates in the Pilibhit region of Uttar Pradesh and joins the Ganga near Varanasi.
- B-2: The Betwa is a tributary of the Yamuna.
- C-3: The Rapti is a tributary of the Ghaghara River.
- D-4: The Chambal is a major tributary of the Yamuna.

Therefore, the correct matching is A-1, B-2, C-3 and D-4.

- कथन 2 सही है। एक नैनोमीटर \(10^{-9}\) मीटर के बराबर होता है।
- कथन 3 सही है। नैनो स्तर पर सतह-क्षेत्र और क्वांटम प्रभावों के कारण पदार्थों के गुण बदल सकते हैं।
- कथन 4 सही है। इसका उपयोग दवा वितरण, सेंसर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैटरी और ऊर्जा प्रौद्योगिकी में किया जा रहा है।

Q118. Answer: (a)
Explanation:

NavIC (Navigation with Indian Constellation) भारत की स्वदेशी क्षेत्रीय नेविगेशन उपग्रह प्रणाली है।

- कथन (A) सही है। NavIC भारत की क्षेत्रीय उपग्रह-आधारित नेविगेशन प्रणाली है।
- कारण (R) सही है। यह भारत तथा उसकी सीमा से लगभग 1,500 किलोमीटर आगे तक स्थिति निर्धारण, नेविगेशन और समय (PNT) संबंधी सेवाएँ प्रदान करती है।
- कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है, क्योंकि इसका क्षेत्रीय सेवा-क्षेत्र ही इसे क्षेत्रीय नेविगेशन प्रणाली बनाता है।

Q119. Answer: (b)
Explanation:

उत्तर प्रदेश का भौतिक स्वरूप मुख्यतः उत्तरी तराई, मध्यवर्ती गंगा का मैदान तथा दक्षिणी पठारी क्षेत्र में विभाजित किया जा सकता है।

- कथन 1 सही है। राज्य के उत्तरी भाग में नेपाल की सीमा के निकट तराई क्षेत्र पाया जाता है।
- कथन 2 सही है। राज्य के मध्यवर्ती भाग में गंगा का उपजाऊ मैदानी क्षेत्र विस्तृत है।
- कथन 3 सही है। बुंदेलखंड तथा दक्षिणी उत्तर प्रदेश के कुछ भागों में विंध्यन एवं पठारी भू-आकृतियाँ मिलती हैं।
- कथन 4 गलत है। दक्षिणी उत्तर प्रदेश का प्रमुख भू-स्वरूप विंध्यन उच्चभूमि एवं पठारी क्षेत्र है, न कि हिमालयी पर्वत श्रेणियाँ।

Q120. Answer: (a)
Explanation:

उत्तर प्रदेश की नदी प्रणाली में गंगा और यमुना तथा उनकी अनेक सहायक नदियों का महत्त्वपूर्ण स्थान है।

- A-1: गोमती नदी गंगा की सहायक नदी है। यह उत्तर प्रदेश के पीलीभीत क्षेत्र से निकलती है और वाराणसी के निकट गंगा में मिलती है।
- B-2: बेतवा नदी यमुना की सहायक नदी है। यह बुंदेलखंड क्षेत्र से होकर प्रवाहित होती है।
- C-3: राप्ती नदी घाघरा नदी की सहायक नदी है। यह पूर्वी उत्तर प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए महत्त्वपूर्ण है।
- D-4: चंबल नदी यमुना की प्रमुख सहायक नदियों में से एक है।

अतः सही सुमेलन A-1, B-2, C-3, D-4 है।

Q121. Answer: (d)
Explanation:
The Revolt of 1857 spread widely across several parts of northern India. Many cities in present-day Uttar Pradesh became important centres of the revolt.
- Statement 1 is correct: The military revolt began at Meerut on 10 May 1857.
- Statement 2 is correct: Begum Hazrat Mahal led the struggle against the British in Awadh, particularly in Lucknow.
- Statement 3 is correct: Nana Sahib was one of the prominent leaders of the revolt in Kanpur.
- Statement 4 is correct: Rani Lakshmibai led an armed struggle against British rule in Jhansi.

Therefore, all four statements are correct.

Q122. Answer: (a)
Explanation:
Folk dances, folk theatre and classical art make a special contribution to the cultural identity of Uttar Pradesh.
- A-1: Charkula is a famous folk dance of the Braj region, in which women dance while balancing a Charkula decorated with lamps on their heads.
- B-2: Raslila is closely associated with Mathura–Vrindavan and the tradition of Krishna devotion.
- C-3: Nautanki is a popular folk theatre form of northern India and has been widely practised in Uttar Pradesh.
- D-4: Kathak is one of India's major classical dance forms. The Lucknow and Banaras gharanas are associated with it.

Therefore, the correct matching is A-1, B-2, C-3 and D-4.

Q123. Answer: (c)
Explanation:
Geographical location, soil, irrigation and rainfall play an important role in the agriculture of Uttar Pradesh.
- Statement 1 is correct: Sugarcane is a major cash crop in western Uttar Pradesh, where the sugar industry has also developed.
- Statement 2 is correct: Paddy is widely cultivated in eastern Uttar Pradesh due to monsoon rainfall and water availability.
- Statement 3 is correct: Uncertain rainfall and water scarcity in Bundelkhand affect agricultural production.
- Statement 4 is incorrect: Wheat is cultivated in many parts of the state, including western, central and eastern Uttar Pradesh.

Q121. Answer: (d)
Explanation:
1857 का विद्रोह उत्तर भारत के अनेक क्षेत्रों में व्यापक रूप से फैला। वर्तमान उत्तर प्रदेश के कई नगर इसके प्रमुख केंद्र बने।
- कथन 1 सही है। 10 मई 1857 को मेरठ में सैनिक विद्रोह प्रारंभ हुआ।
- कथन 2 सही है। बेगम हजरत महल ने अवध में, विशेषकर लखनऊ में, अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष का नेतृत्व किया।
- कथन 3 सही है। नाना साहब कानपुर में विद्रोह के प्रमुख नेताओं में थे।
- कथन 4 सही है। रानी लक्ष्मीबाई ने झाँसी में अंग्रेजी शासन के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष किया।

अतः चारों कथन सही हैं।

Q122. Answer: (a)
Explanation:
उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान में लोकनृत्य, लोकनाट्य तथा शास्त्रीय कला का विशेष योगदान है।
- A-1: चरकुला ब्रज क्षेत्र का प्रसिद्ध लोकनृत्य है, जिसमें महिलाएँ सिर पर दीपों से सजे चरकुला को रखकर नृत्य करती हैं।
- B-2: रासलीला का विशेष संबंध मथुरा-वृंदावन तथा कृष्ण भक्ति परंपरा से है।
- C-3: नौटंकी उत्तर भारत की प्रसिद्ध लोकनाट्य शैली है, जिसका उत्तर प्रदेश में व्यापक प्रसार रहा है।
- D-4: कथक भारत की प्रमुख शास्त्रीय नृत्य शैलियों में से एक है। लखनऊ और बनारस इसके प्रमुख घरानों से जुड़े हैं।

अतः सही सुमेलन A-1, B-2, C-3, D-4 है।

Q123. Answer: (c)
Explanation:
उत्तर प्रदेश की कृषि में भौगोलिक स्थिति, मिट्टी, सिंचाई और वर्षा का महत्त्वपूर्ण योगदान है।
- कथन 1 सही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गन्ना एक प्रमुख नकदी फसल है तथा यहाँ चीनी उद्योग का भी विकास हुआ है।
- कथन 2 सही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में मानसूनी वर्षा तथा जल उपलब्धता के कारण धान की खेती व्यापक रूप से की जाती है।
- कथन 3 सही है। बुंदेलखंड में वर्षा की अनिश्चितता और जल उपलब्धता की समस्या कृषि उत्पादन को प्रभावित करती है।
- कथन 4 गलत है। गेहूँ की खेती पश्चिमी, मध्यवर्ती और पूर्वी उत्तर प्रदेश सहित राज्य के अनेक भागों में की जाती है।

Q124. Answer: (a)
Explanation:
Uttar Pradesh has a distinctive regional distribution of traditional handicrafts and small-scale industries.
- A-1: Moradabad is famous for brass utensils and other brass products.
- B-2: Firozabad is famous for its glass industry and bangle manufacturing.
- C-3: Bhadohi is one of the major centres of carpet manufacturing.
- D-4: Aligarh is famous for its lock industry.

Therefore, the correct matching is A-1, B-2, C-3 and D-4.

Q125. Answer: (b)
Explanation:
The distribution of mineral resources in Uttar Pradesh is uneven and depends on its geological structure. Several minerals are found in the southern plateau regions.
- Statement 1 is correct: Limestone deposits have been reported in the Kajrahat area of Sonbhadra.
- Statement 2 is correct: Dolomite is found in Mirzapur.
- Statement 3 is correct: Bauxite availability has been recorded in the Rajghewan area of Banda district.
- Statement 4 is incorrect: Mineral resources are not uniformly distributed throughout the state. They are concentrated mainly in the southern plateau regions.

Q126. Answer: (a)
Explanation:
Uttar Pradesh has been an important centre of the historical heritage of Buddhism.
- A-1: At Sarnath, Gautama Buddha delivered his first sermon after attaining enlightenment. This event is known as the Dharmachakra Pravartana.
- B-2: Kushinagar is known as the place of Gautama Buddha's Mahaparinirvana.
- C-3: Shravasti was an important centre associated with Buddha's sermons and rainy-season retreats during his lifetime.
- D-4: Kaushambi was the capital of the ancient Vatsa Mahajanapada.

Therefore, the correct matching is A-1, B-2, C-3 and D-4.

Q124. Answer: (a)
Explanation:
उत्तर प्रदेश में पारंपरिक हस्तशिल्प एवं लघु उद्योगों का विशिष्ट क्षेत्रीय वितरण पाया जाता है।
- A-1: मुरादाबाद पीतल के बर्तनों और अन्य पीतल उत्पादों के लिए प्रसिद्ध है।
- B-2: फिरोजाबाद काँच उद्योग तथा चूड़ी निर्माण के लिए प्रसिद्ध है।
- C-3: भदोही कालीन निर्माण के प्रमुख केंद्रों में से एक है।
- D-4: अलीगढ़ अपने ताला उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।

अतः सही सुमेलन A-1, B-2, C-3, D-4 है।

Q125. Answer: (b)
Explanation:
उत्तर प्रदेश में खनिज संसाधनों का वितरण भौगोलिक संरचना के अनुसार असमान है। दक्षिणी पठारी क्षेत्रों में अनेक खनिज पाए जाते हैं।
- कथन 1 सही है। सोनभद्र के कजरहट क्षेत्र में चूना पत्थर के भंडार का उल्लेख मिलता है।
- कथन 2 सही है। मिर्जापुर में डोलोमाइट पाया जाता है।
- कथन 3 सही है। बांदा जिले के राजघेवन क्षेत्र में बॉक्साइट की उपलब्धता दर्ज की गई है।
- कथन 4 गलत है। खनिज संसाधन पूरे राज्य में समान रूप से वितरित नहीं हैं। इनका संकेंद्रण मुख्यतः दक्षिणी पठारी क्षेत्रों में अधिक है।

Q126. Answer: (a)
Explanation:
उत्तर प्रदेश बौद्ध धर्म की ऐतिहासिक विरासत का प्रमुख केंद्र रहा है।
- A-1: सारनाथ में गौतम बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद अपना प्रथम उपदेश दिया था, जिसे धर्मचक्र प्रवर्तन कहा जाता है।
- B-2: कुशीनगर को गौतम बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थल के रूप में जाना जाता है।
- C-3: श्रावस्ती बुद्ध के जीवनकाल में उनके उपदेशों एवं वर्षावास से संबंधित प्रमुख केंद्र था।
- D-4: कौशांबी प्राचीन वत्स महाजनपद की राजधानी थी।

अतः सही सुमेलन A-1, B-2, C-3, D-4 है।

Q127. Answer: (c)
Explanation:
The Terai forests, wetlands, river ecosystems and bird sanctuaries of Uttar Pradesh are important for biodiversity conservation.

- Statement 1 is correct: Dudhwa National Park is located in Lakhimpur Kheri district.
- Statement 2 is correct: Dudhwa represents the grasslands, wetlands and forests of the Terai region.
- Statement 3 is correct: The National Chambal Sanctuary is important for the conservation of gharials and other riverine wildlife.
- Statement 4 is incorrect: Uttar Pradesh has bird sanctuaries and wetland conservation areas, including Nawabganj (Shaheed Chandra Shekhar Azad) Bird Sanctuary and Samaspur Bird Sanctuary.

Q128. Answer: (d)
Explanation:
Uttar Pradesh is India's most populous state, and its administrative structure is divided into divisions and districts.

- Statement 1 is correct: The state has 18 divisions.
- Statement 2 is correct: The state has 75 districts.
- Statement 3 is correct: The principal seat of the Allahabad High Court is located at Prayagraj.
- Statement 4 is correct: The High Court also has a Bench at Lucknow.

Therefore, all four statements are correct.

Q129. Answer: (b)
Explanation:
Agriculture, industry and the services sector all play important roles in the economy of Uttar Pradesh.

- **Statement 1 is correct:** Agriculture is a major foundation of the state's economy and employment.
- **Statement 2 is correct:** Roads, railways, expressways, airports and industrial corridors promote economic activities.
- **Statement 3 is correct:** The food-processing industry is linked to value addition, storage and marketing of agricultural produce.
- **Statement 4 is incorrect:** The services sector contributes to the state's economy through activities such as tourism, transport, trade, finance, education and healthcare.

Q127. Answer: (c)
Explanation:
उत्तर प्रदेश में तराई के वन, आर्द्रभूमियाँ, नदी पारिस्थितिकी तंत्र तथा पक्षी विहार जैव विविधता संरक्षण की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं।

- कथन 1 सही है। दुधवा राष्ट्रीय उद्यान लखीमपुर खीरी जिले में स्थित है।
- कथन 2 सही है। दुधवा तराई क्षेत्र के घासस्थलों, आर्द्रभूमियों और वनों का प्रतिनिधित्व करता है।
- कथन 3 सही है। राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य घड़ियाल सहित नदी-आधारित वन्यजीवों के संरक्षण के लिए महत्त्वपूर्ण है।
- कथन 4 गलत है। उत्तर प्रदेश में नवाबगंज (शहीद चंद्रशेखर आजाद) पक्षी विहार, समसपुर पक्षी विहार और अन्य आर्द्रभूमि संरक्षण क्षेत्र मौजूद हैं।

Q128. Answer: (d)
Explanation:
उत्तर प्रदेश देश का सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य है और इसकी प्रशासनिक व्यवस्था मंडलों तथा जिलों में विभाजित है।

- कथन 1 सही है। राज्य में 18 मंडल हैं।
- कथन 2 सही है। राज्य में 75 जिले हैं।
- कथन 3 सही है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ प्रयागराज में स्थित है।
- कथन 4 सही है। इसकी लखनऊ में खंडपीठ भी कार्यरत है।

अतः चारों कथन सही हैं।

Q129. Answer: (b)
Explanation:
उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि, उद्योग तथा सेवा क्षेत्र तीनों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

- कथन 1 सही है। कृषि राज्य की अर्थव्यवस्था तथा रोजगार का प्रमुख आधार है।
- कथन 2 सही है। सड़क, रेल, एक्सप्रेसवे, हवाई अड्डे और औद्योगिक गलियारे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं।
- कथन 3 सही है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन, भंडारण और विपणन से जुड़ा है।
- कथन 4 गलत है। पर्यटन, परिवहन, व्यापार, वित्त, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी गतिविधियों के माध्यम से सेवा क्षेत्र राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान देता है।

Q130. Answer: (d)
Explanation:

Uttar Pradesh is one of India's major centres of religious and cultural tourism.

- **Statement 1 is correct:** Ayodhya is regarded in the Ramayana tradition as the birthplace of Lord Rama.
- **Statement 2 is correct:** Mathura–Vrindavan is closely associated with the birth and divine pastimes of Lord Krishna.
- **Statement 3 is correct:** Sarnath, located near Varanasi, is an important Buddhist pilgrimage site.
- **Statement 4 is correct:** Chitrakoot is associated with the Ramayana tradition and beliefs concerning Rama's period of exile.

Therefore, all four statements are correct.

Q131. Answer: (b)
Explanation:

On 22 January 2026, Chief of Defence Staff (CDS) General Anil Chauhan released the Military Quantum Mission Policy Framework. Its objective is to integrate quantum technologies into the Indian Armed Forces and strengthen technological capabilities on future battlefields.

The framework includes four major pillars of quantum technology:

- Quantum Communication
- Quantum Computing
- Quantum Sensing and Metrology
- Quantum Materials and Devices

The framework emphasises the coordinated use of these technologies across all three services.

Q132. Answer: (a)
Explanation:

On 24 January 2026, during the Uttar Pradesh Day celebrations, Union Home Minister Amit Shah launched the One District–One Cuisine Scheme and inaugurated the Sardar Patel Industrial Area Scheme. Awards were also presented to districts performing exceptionally well under the CM YUVA programme, along with the Uttar Pradesh Gaurav Samman 2025–26.

The objective of the One District–One Cuisine initiative is to give recognition to the distinctive traditional cuisines of different districts of Uttar Pradesh and promote their marketing and economic potential.

Q130. Answer: (d)
Explanation:

उत्तर प्रदेश भारत के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन केंद्रों में शामिल है।

- कथन 1 सही है। अयोध्या को रामायण परंपरा में भगवान राम की जन्मभूमि के रूप में जाना जाता है।
- कथन 2 सही है। मथुरा और वृंदावन का विशेष संबंध भगवान कृष्ण की जन्मभूमि तथा उनकी बाल एवं लीला परंपरा से है।
- कथन 3 सही है। सारनाथ वाराणसी के निकट स्थित है और बौद्ध धर्म के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है।
- कथन 4 सही है। चित्रकूट का संबंध रामायण परंपरा और भगवान राम के वनवास काल से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं से है।

अतः चारों कथन सही हैं।

Q131. Answer: (b)
Explanation:

22 जनवरी 2026 को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान ने Military Quantum Mission Policy Framework जारी किया। इसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों में क्वांटम प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करना और भविष्य के युद्धक्षेत्र में तकनीकी क्षमता को मजबूत करना है। इस फ्रेमवर्क में क्वांटम प्रौद्योगिकी के चार प्रमुख स्तंभ शामिल हैं—

1. क्वांटम संचार (Quantum Communication)
2. क्वांटम कंप्यूटिंग (Quantum Computing)
3. क्वांटम सेंसिंग एवं मेट्रोलॉजी
4. क्वांटम सामग्री एवं उपकरण (Quantum Materials and Devices)

यह फ्रेमवर्क तीनों सेनाओं में इन तकनीकों के समन्वित उपयोग पर बल देता है।

Q132. Answer: (a)
Explanation:

24 जनवरी 2026 को उत्तर प्रदेश दिवस समारोह के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक जिला–एक व्यंजन योजना का शुभारंभ किया तथा सरदार पटेल औद्योगिक क्षेत्र योजना का उद्घाटन किया। इसी अवसर पर CM YUVA कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2025–26 भी प्रदान किया गया।

एक जिला–एक व्यंजन पहल का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजनों को पहचान दिलाना तथा उनके विपणन और आर्थिक संभावनाओं को बढ़ावा देना है।

Q133. Answer: (d)
Explanation:
On 12 February 2026, the Defence Acquisition Council, chaired by Defence Minister Rajnath Singh, granted Acceptance of Necessity (AoN) to defence acquisition proposals worth approximately ₹3.60 lakh crore.
Major proposals included:
- Indian Air Force: Multi Role Fighter Aircraft (Rafale), combat missiles and Air-Ship Based High Altitude Pseudo Satellite (AS-HAPS).
- Indian Army: Vibhav anti-tank mines and the overhaul of certain military vehicle platforms.
- Indian Navy: 4 MW Marine Gas Turbine-based electric power generators and P8I Long Range Maritime Reconnaissance Aircraft.

An important fact is that most of the proposed Rafale aircraft were to be manufactured in India. Therefore, option (d) is incorrect.

Q134. Answer: (c)
Explanation:
On 18 March 2026, the Union Cabinet approved the Small Hydro Power (SHP) Development Scheme for the financial years 2026–27 to 2030–31. The scheme has a total outlay of ₹2,584.60 crore.
Its major objectives are:
- To develop approximately 1,500 MW of additional small hydropower capacity.
- To support small hydropower projects with a capacity of 1 to 25 MW.
- To develop hydropower potential in hilly and north-eastern states.
- To generate approximately 51 lakh person-days of employment during the construction phase.

In India, small hydropower projects fall under the Ministry of New and Renewable Energy (MNRE).

Q135. Answer: (d)
Explanation:
The full form of SĀDHANA is Strengthening Adaptive Development and Humane Aptitude for National Advancement. It was a national capacity-building initiative organised under Mission Karmayogi.
Its objective was to strengthen the work capacity, efficiency and citizen-centric administrative approach of government officers and employees.
Key facts:
- Duration: 2 to 10 April 2026.
- Participation of more than 100 Central Ministries, Departments and organisations.
- Participation of more than 30 States and Union Territories.
- Participation of more than 250 training institutions.
- More than 3.18 crore courses were completed on the iGOT Karmayogi platform.

Therefore, all three statements are correct. Note that the initial programme announcement mentioned 2–8 April, but the final campaign concluded on 10 April 2026.

Q133. Answer: (d)
Explanation:
12 फरवरी 2026 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने लगभग ₹3.60 लाख करोड़ के रक्षा अधिग्रहण प्रस्तावों को आवश्यकता की स्वीकृति (Acceptance of Necessity—AoN) प्रदान की।
प्रमुख प्रस्तावों में शामिल थे—
- भारतीय वायुसेना: मल्टी रोल फाइटर एयरक्राफ्ट (Rafale), कॉम्बैट मिसाइल तथा Air-Ship Based High Altitude Pseudo Satellite (AS-HAPS)।
- भारतीय थलसेना: Vibhav एंटी-टैंक माइन्स तथा कुछ सैन्य वाहनों के प्लेटफॉर्म का ओवरहॉल।
- भारतीय नौसेना: 4 MW Marine Gas Turbine आधारित इलेक्ट्रिक पावर जनरेटर और P8I Long Range Maritime Reconnaissance Aircraft।

महत्त्वपूर्ण तथ्य यह है कि प्रस्तावित Rafale विमानों का अधिकांश निर्माण भारत में किया जाना था। इसलिए विकल्प (d) गलत है।

Q134. Answer: (c)
Explanation:
18 मार्च 2026 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने Small Hydro Power (SHP) Development Scheme को वित्त वर्ष 2026–27 से 2030–31 तक के लिए मंजूरी दी। इस योजना का कुल परिव्यय ₹2,584.60 करोड़ है।
इसके प्रमुख उद्देश्य हैं—
- लगभग 1,500 MW अतिरिक्त लघु जलविद्युत क्षमता विकसित करना।
- 1 से 25 MW क्षमता वाली लघु जलविद्युत परियोजनाओं को समर्थन देना।
- पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों में जलविद्युत क्षमता का विकास करना।
- निर्माण चरण में लगभग 51 लाख मानव-दिवस रोजगार उत्पन्न करना।

भारत में लघु जलविद्युत परियोजनाएँ नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) के अंतर्गत आती हैं।

Q135. Answer: (d)
Explanation:
SĀDHANA का पूरा नाम Strengthening Adaptive Development and Humane Aptitude for National Advancement है। यह मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय क्षमता निर्माण पहल थी।
इसका उद्देश्य सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यक्षमता, दक्षता तथा नागरिक-केंद्रित प्रशासनिक दृष्टिकोण को मजबूत करना था।
प्रमुख तथ्य—
- आयोजन: 2 से 10 अप्रैल 2026।
- 100 से अधिक केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों एवं संगठनों की भागीदारी।
- 30 से अधिक राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की भागीदारी।
- 250 से अधिक प्रशिक्षण संस्थानों की भागीदारी।
- iGOT कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर 3.18 करोड़ से अधिक पाठ्यक्रम पूर्ण किए गए।

अतः तीनों कथन सही हैं। ध्यान रहे कि प्रारंभिक कार्यक्रम-सूचना में 2–8 अप्रैल की अवधि बताई गई थी, लेकिन अंतिम अभियान 10 अप्रैल 2026 को संपन्न हुआ।

Q136. Answer: (d)
Explanation:

On 5 May 2026, the Union Cabinet approved the Mission for Cotton Productivity, also known as KAPAS KANTI, with an outlay of ₹5,659.22 crore. The mission was approved for five years, from 2026–27 to 2030–31.

The implementation of its four major components was assigned as follows:

- Component I(A): Department of Agricultural Research and Education (DARE).
- Component I(B): Department of Agriculture and Farmers Welfare.
- Component II: Cotton Corporation of India.
- Component III: National Jute Board.

The mission aims to promote cotton productivity, quality, pest-resistant varieties and modern agricultural technologies. It is also linked to the government's 5F vision—Farm to Fibre to Factory to Fashion to Foreign.

Q137. Answer: (c)
Explanation:

The MAHA Water Mission, with an outlay of ₹200 crore, was launched on 1 June 2026. It is a joint initiative of the Anusandhan National Research Foundation (ANRF) and the Ministry of Jal Shakti.

The mission aims to provide research and technological support to startups, MSMEs, universities and innovators to address major challenges in the water sector.

Its five major focus areas are:

- Water Resources Management
- Drinking Water
- Water Quality
- Water-Use Efficiency
- Climate Adaptation

The initiative seeks to connect research with practical applications and solutions that can be implemented at the field level.

Q138. Answer: (a)
Explanation:

The objective of Uttar Pradesh's Sustainable Aviation Fuel Manufacturing Promotion Policy–2026 is to promote SAF production in the state. Alternative feedstocks such as agricultural residues, municipal solid waste and non-edible oilseeds can be used to produce sustainable aviation fuel.

The policy is important for reducing carbon emissions from the aviation sector and lowering dependence on conventional fossil fuels. The Uttar Pradesh New and Renewable Energy Development Agency (UPNEDA) has been designated as the nodal agency for the policy.

Q136. Answer: (d)
Explanation:

5 मई 2026 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने Mission for Cotton Productivity अर्थात KAPAS KANTI को ₹5,659.22 करोड़ के परिव्यय के साथ मंजूरी दी। यह मिशन 2026–27 से 2030–31 तक पाँच वर्षों के लिए स्वीकृत किया गया।

इसके चार प्रमुख घटकों का कार्यान्वयन इस प्रकार निर्धारित किया गया—

- Component I(A): Department of Agricultural Research and Education (DARE)।
- Component I(B): Department of Agriculture and Farmers Welfare।
- Component II: Cotton Corporation of India।
- Component III: National Jute Board।

इस मिशन का उद्देश्य कपास की उत्पादकता, गुणवत्ता, कीट-प्रतिरोधी किस्मों तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देना है। यह सरकार की 5F परिकल्पना—Farm to Fibre to Factory to Fashion to Foreign—से भी जुड़ा है।

Q137. Answer: (c)
Explanation:

1 जून 2026 को ₹200 करोड़ के MAHA Water Mission की शुरुआत की गई। यह Anusandhan National Research Foundation (ANRF) और जल शक्ति मंत्रालय की संयुक्त पहल है।

इस मिशन का उद्देश्य जल क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं के समाधान के लिए स्टार्टअप, MSME, विश्वविद्यालयों एवं नवाचारकर्ताओं को अनुसंधान तथा तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना है।

इसके पाँच प्रमुख क्षेत्र हैं—

1. जल संसाधन प्रबंधन।
2. पेयजल।
3. जल गुणवत्ता।
4. जल उपयोग दक्षता।
5. जलवायु अनुकूलन।

इस पहल के माध्यम से अनुसंधान को व्यावहारिक उपयोग एवं क्षेत्रीय स्तर पर लागू किए जाने वाले समाधानों से जोड़ने का प्रयास किया गया है।

Q138. Answer: (a)
Explanation:

उत्तर प्रदेश की सतत विमानन ईंधन विनिर्माण प्रोत्साहन नीति-2026 का उद्देश्य राज्य में SAF उत्पादन को बढ़ावा देना है। सतत विमानन ईंधन के उत्पादन में कृषि अवशेष, नगरपालिका ठोस कचरे तथा गैर-खाद्य तिलहनों जैसे वैकल्पिक कच्चे माल का उपयोग किया जा सकता है। इसका महत्त्व विमानन क्षेत्र के कार्बन उत्सर्जन को कम करने और पारंपरिक जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाने में है। इस नीति के लिए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (UPNEDA) को नोडल एजेंसी बनाया गया।

Q139. Answer: (d)
Explanation:
On 31 July 2026, the Union Cabinet approved the restructured Khelo India Scheme and enhanced assistance to National Sports Federations. Their combined outlay was fixed at ₹36,441 crore.
The scheme covers five years, from 2026–27 to 2030–31. Its objective is to strengthen the identification of sports talent, training, sports infrastructure, scientific training and the preparation of athletes for international competitions.
The scheme has been expanded to create a systematic sports development framework, from the grassroots level to high-performance athletes.

Q140. Answer: (d)
Explanation:
On 6 August 2026, the Union Cabinet approved GOBARdhan, or the National Circular Bioenergy Scheme, with a total outlay of ₹23,731 crore.
The implementation period of the scheme has been set from financial year 2026–27 to 2035–36. Its major objective is to develop the Compressed Biogas (CBG) sector.
The scheme can utilise the following organic resources:
• Agricultural residues.
• Animal dung.
• Press mud.
• Municipal organic waste.
• Other biomass resources.
The scheme aims to promote clean energy from waste, organic fertilisers and income-generating opportunities in rural areas.

Q141. Answer: (b)
Explanation:
The Ministry of Youth Affairs and Sports announced the National Sports Awards 2025 on 18 August 2026. Under the chess category, Vidit Santosh Gujarati and Divya Jitendra Deshmukh were selected for the Arjuna Award.
The Arjuna Award is conferred on sportspersons for outstanding sporting performance, leadership, sportsmanship and discipline. The recommendations for the awards were made by a selection committee chaired by former Supreme Court judge Justice (Retd.) Arun Kumar Mishra.

Q142. Answer: (c)
Explanation:
On 17 September 2026, the Ministry of Youth Affairs and Sports released detailed information regarding the restructuring of the Khelo India Scheme (2026–31).
Its major provisions include developing 9,000 Khelo India Athletes (KIA), developing 18,000 Emerging Khelo India Athletes (E-KIA), training talent in 30 priority sports, and establishing the National Coach Accreditation Board (NCAB). It also envisages the development of an AI-based digital platform called Khel Setu.

Q139. Answer: (d)
Explanation:
31 जुलाई 2026 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पुनर्गठित Khelo India Scheme और National Sports Federations को बढ़ी हुई सहायता को मंजूरी दी। दोनों का संयुक्त परिव्यय ₹36,441 करोड़ निर्धारित किया गया।
यह योजना 2026–27 से 2030–31 तक पाँच वर्षों के लिए है। इसका उद्देश्य खेल प्रतिभाओं की पहचान, प्रशिक्षण, खेल अवसंरचना, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों की तैयारी को मजबूत करना है।
इस योजना को जमीनी स्तर से लेकर उच्च प्रदर्शन वाले खिलाड़ियों तक एक व्यवस्थित खेल विकास प्रणाली तैयार करने के लिए विस्तारित किया गया है।

Q140. Answer: (d)
Explanation:
6 अगस्त 2026 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने GOBARdhan अर्थात National Circular Bioenergy Scheme को ₹23,731 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ मंजूरी दी।
इस योजना की कार्यान्वयन अवधि वित्त वर्ष 2026–27 से 2035–36 तक निर्धारित की गई है। इसका प्रमुख उद्देश्य संपीड़ित बायोगैस (Compressed Biogas—CBG) क्षेत्र का विकास करना है।
इस योजना में निम्नलिखित जैविक संसाधनों का उपयोग किया जा सकता है—
- कृषि अवशेष।
- पशुओं का गोबर।
- प्रेस मड।
- नगरपालिका का जैविक कचरा।
- अन्य बायोमास संसाधन।

योजना का उद्देश्य अपशिष्ट से स्वच्छ ऊर्जा, जैविक खाद और ग्रामीण आय के अवसर विकसित करना है।

Q141. Answer: (b)
Explanation:
युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय ने 18 अगस्त 2026 को National Sports Awards 2025 की घोषणा की। इसके अंतर्गत शतरंज के क्षेत्र में विदित संतोष गुजराती और दिव्या जितेंद्र देशमुख को अर्जुन पुरस्कार के लिए चयनित किया गया।
अर्जुन पुरस्कार खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन, नेतृत्व क्षमता, खेल भावना और अनुशासन के लिए दिया जाता है। पुरस्कारों के चयन के लिए सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरुण कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने सिफारिशें की थीं।

Q142. Answer: (c)
Explanation:
17 सितंबर 2026 को युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय ने Khelo India Scheme (2026–31) के पुनर्गठन से संबंधित विस्तृत जानकारी जारी की। इसके प्रमुख प्रावधान हैं—
- 9,000 Khelo India Athletes (KIA) को विकसित करना।
- 18,000 Emerging Khelo India Athletes (E-KIA) को विकसित करना।
- 30 प्राथमिकता वाले खेलों में प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करना।
- National Coach Accreditation Board (NCAB) की स्थापना।
- Khel Setu नामक AI-आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म का विकास।

The objective is to strengthen India's sports ecosystem from the grassroots to the international level and prepare athletes in line with the vision for the 2036 Olympics.

Q143. Answer: (d)
Explanation:

The 5th Swachh Vayu Sarvekshan Awards were held on 7 September 2026, on the occasion of Swachh Vayu Diwas. They were organised by the Ministry of Environment, Forest and Climate Change (MoEFCC).

The day is observed on the occasion of the International Day of Clean Air for Blue Skies. Its objective is to raise awareness about air pollution and encourage the participation of local bodies and citizens in efforts to ensure clean air.

On this occasion, cities and wards that performed well under the National Clean Air Programme (NCAP) were recognised. Therefore, option (d) is incorrect.

Q144. Answer: (a)
Explanation:

The GOBARdhan Scheme was approved by the Union Cabinet on 6 August 2026, while it was formally launched on 1 October 2026 by Hardeep Singh Puri, Minister of Petroleum and Natural Gas.

The scheme provides an integrated framework for developing the compressed biogas sector. Its provisions include assured offtake, stable pricing, capital assistance, pipeline connectivity and credit support.

Therefore, both the assertion and the reason are correct, and the reason correctly explains the objective of the scheme.

Q145. Answer: (b)
Explanation:

On 6 October 2026, the Union Cabinet approved the establishment of the Integrated Transport & Logistics Authority (ITLA). It will be established as a Special Purpose Vehicle (SPV).

Its major functions include integrated planning in the transport and logistics sector, conducting research and project appraisal, monitoring infrastructure projects, assessing project impacts, and improving coordination among various transport ministries and agencies.

The authority will provide complementary support to initiatives such as the PM GatiShakti National Master Plan and the National Logistics Policy.

इसका उद्देश्य भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को जमीनी स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक मजबूत करना तथा 2036 ओलंपिक की परिकल्पना के अनुरूप खिलाड़ियों को तैयार करना है।

Q143. Answer: (d)
Explanation:

पाँचवें Swachh Vayu Sarvekshan Awards का आयोजन 7 सितंबर 2026 को Swachh Vayu Diwas के अवसर पर किया गया। इसका आयोजन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा किया गया।

यह दिवस International Day of Clean Air for Blue Skies के अवसर पर मनाया जाता है। इसका उद्देश्य वायु प्रदूषण की समस्या के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छ वायु के लिए स्थानीय निकायों एवं नागरिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

इस अवसर पर National Clean Air Programme (NCAP) के अंतर्गत बेहतर प्रदर्शन करने वाले शहरों एवं वार्डों को सम्मानित किया गया। अतः विकल्प (d) गलत है।

Q144. Answer: (a)
Explanation:

GOBARdhan योजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 6 अगस्त 2026 को मंजूरी दी थी, जबकि इसका औपचारिक शुभारंभ पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा 1 अक्टूबर 2026 को किया गया।

योजना के अंतर्गत संपीड़ित बायोगैस क्षेत्र को विकसित करने के लिए एकीकृत व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। इसमें सुनिश्चित खरीद (Assured Offtake), स्थिर मूल्य निर्धारण, पूंजी सहायता, पाइपलाइन कनेक्टिविटी और ऋण सहायता जैसे प्रावधान शामिल हैं।

इसलिए कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण योजना के उद्देश्य की सही व्याख्या करता है।

Q145. Answer: (b)
Explanation:

6 अक्टूबर 2026 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने Integrated Transport & Logistics Authority (ITLA) की स्थापना को मंजूरी दी। इसे विशेष प्रयोजन वाहन (Special Purpose Vehicle—SPV) के रूप में स्थापित किया जाएगा।

इसके प्रमुख कार्य हैं—

- परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में एकीकृत योजना बनाना।
- अनुसंधान और परियोजना मूल्यांकन करना।
- अवसंरचना परियोजनाओं की निगरानी करना।
- परियोजनाओं के प्रभाव का आकलन करना।
- विभिन्न परिवहन मंत्रालयों एवं एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाना।

यह संस्था PM GatiShakti National Master Plan और National Logistics Policy जैसी पहलों को पूरक सहायता प्रदान करेगी।

Q146. Answer: (c)
Explanation:

On 14 October 2026, the Union Cabinet approved the continuation of the National Social Assistance Programme (NSAP) for the next five years. Its extended period has been set from 2026–27 to 2030–31. The programme is implemented under the Ministry of Rural Development.

The objective of NSAP is to provide social assistance to vulnerable sections of society. It includes schemes relating to old-age pensions, widow pensions and assistance for persons with disabilities.

Q147. Answer: (d)
Explanation:

On 28 October 2026, the Union Cabinet approved the Pradhan Mantri Viksit Gram Swaraj Yojana (PM-VGSY) as a Centrally Sponsored Scheme for the period 2026–27 to 2030–31.

Its major financial provisions are: total outlay of ₹7,395.55 crore; Central Government share of ₹4,869.48 crore; State Governments' share of ₹2,526.07 crore; and approximately 32 lakh elected representatives, Panchayat functionaries and other stakeholders as direct beneficiaries. The scheme will cover more than 2.55 lakh Panchayats and traditional local bodies.

The objective is to make Gram Panchayats more capable, accountable and self-reliant and to increase citizens' participation in village development plans.

Q148. Answer: (d)
Explanation:

On 28 October 2026, the Union Cabinet approved the Container Manufacturing Promotion Scheme (CMPS) with a budgetary outlay of ₹10,000 crore. The scheme has been provided for up to the financial year 2039–40.

Its major objectives are to increase domestic container-manufacturing capacity, reduce dependence on imports, develop a globally competitive container-manufacturing ecosystem, and strengthen maritime and logistics supply chains.

The scheme also provides support for setting up new manufacturing units and expanding the capacity of existing units.

Q149. Answer: (b)
Explanation:

On 9 October 2026, the Uttar Pradesh Council of Ministers passed a proposal to rename Noida International Airport, Jewar, as 'Narendra Modi International Airport, Noida-Jewar'.

It is important to note that the official information from October 2026 described this as a naming proposal passed by the Council of Ministers. It should not be treated as the final name brought into effect without confirmation of the subsequent formal approval.

Q146. Answer: (c)
Explanation:

14 अक्टूबर 2026 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (National Social Assistance Programme—NSAP) को अगले पाँच वर्षों तक जारी रखने की मंजूरी दी।

इसकी विस्तारित अवधि 2026–27 से 2030–31 तक निर्धारित की गई है। यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत संचालित होता है।

NSAP का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को सामाजिक सहायता प्रदान करना है। इसके अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन तथा दिव्यांगजनों से संबंधित सहायता जैसी योजनाएँ शामिल हैं।

Q147. Answer: (d)
Explanation:

28 अक्टूबर 2026 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री विकसित ग्राम स्वराज योजना (PM-VGSY) को 2026–27 से 2030–31 तक के लिए केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में मंजूरी दी।
इसके प्रमुख वित्तीय प्रावधान हैं—

- कुल परिव्यय: ₹7,395.55 करोड़।
- केंद्र सरकार का हिस्सा: ₹4,869.48 करोड़।
- राज्य सरकारों का हिस्सा: ₹2,526.07 करोड़।
- प्रत्यक्ष लाभार्थी: लगभग 32 लाख निर्वाचित प्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी एवं अन्य हितधारक।
- संस्थागत कवरेज: 2.55 लाख से अधिक पंचायतें एवं पारंपरिक स्थानीय निकाय।

इस योजना का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को अधिक सक्षम, जवाबदेह और आत्मनिर्भर बनाना तथा ग्राम विकास योजनाओं में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाना है।

Q148. Answer: (d)
Explanation:

28 अक्टूबर 2026 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने Container Manufacturing Promotion Scheme (CMPS) को ₹10,000 करोड़ के बजटीय परिव्यय के साथ मंजूरी दी। इस योजना का प्रावधान वित्त वर्ष 2039–40 तक के लिए किया गया है।
इसके प्रमुख उद्देश्य हैं—

- देश में कंटेनर निर्माण की घरेलू क्षमता बढ़ाना।
- आयात पर निर्भरता कम करना।
- वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कंटेनर निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना।
- समुद्री एवं लॉजिस्टिक्स आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना।

इस योजना में नई विनिर्माण इकाइयों की स्थापना तथा मौजूदा इकाइयों की क्षमता के विस्तार को भी सहायता देने का प्रावधान है।

Q149. Answer: (b)
Explanation:

9 अक्टूबर 2026 को उत्तर प्रदेश मंत्रिपरिषद ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर का नाम 'नरेंद्र मोदी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, नोएडा-जेवर' रखने का प्रस्ताव पारित किया।
यहाँ ध्यान देने योग्य है कि अक्टूबर 2026 की आधिकारिक सूचना में इसे मंत्रिपरिषद द्वारा पारित नामकरण प्रस्ताव बताया गया था। इसे बिना आगे की औपचारिक स्वीकृति की पुष्टि के अंतिम रूप से लागू नाम नहीं मानना चाहिए।

Q150. Answer: (c)
Explanation:

On 12 October 2026, Chief Minister Yogi Adityanath transferred agricultural input subsidy amounting to ₹493 crore to more than 9 lakh affected farmers of Uttar Pradesh during an event held in Gorakhpur.

The assistance was intended for farmers affected by natural calamities such as floods, excessive rainfall, hailstorms and cyclones. Such agricultural input subsidy is meant to provide financial support to farmers so that they can resume agricultural activities after crop losses.

Q150. Answer: (c)
Explanation:

12 अक्टूबर 2026 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के 9 लाख से अधिक प्रभावित किसानों को ₹493 करोड़ की कृषि निवेश अनुदान राशि हस्तांतरित की।

यह सहायता बाढ़, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि एवं चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों के लिए थी। इस प्रकार की कृषि निवेश अनुदान सहायता का उद्देश्य किसानों को फसल क्षति के बाद कृषि कार्यों को दोबारा शुरू करने में आर्थिक सहयोग देना है।